VPL

वर्ष 10 अंक 139
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
26 फरवरी 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस


हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 नौकरी के बदले जमीन 'घोटाला': अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद,..
06 कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली: शुभ संकेत
11 अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने के लिए तैयार: वेंकटेश अय्यर










# भारत की विकास गाथा में असम की अहम भूमिका होगी: प्रधानमंत्री मोदी

**गुवाहाटी**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यह पूर्वोत्तर की ''पवित्र भूमि'' में नए युग की शुरुआत है और 'एडवांटेज असम 2.0' निवेश शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया को राज्य की संभावनाओं तथा प्रगति से जोड़ने का एक महान अभियान है। यह असम की करीब छह लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को रेखांकित करेगा।

प्रधानमंत्री ने यहां 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए कहा, ''इतिहास गवाह है कि भारत की समृद्धि में पूर्वी भारत ने प्रमुख भूमिका निभाई है। आज, विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए ये क्षेत्र अपनी वास्तवित क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''वैश्विक अस्थिरता के बावजूद, विशेषज्ञ एक बात पर पूरी तरह से सहमत हैं कि भारत तेजी से वृद्धि कर रहा है।''

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत इस सदी के अगले 25 साल के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''दुनिया को भारत के युवाओं पर बहुत भरोसा है, जो तेजी से कुशल व नवोन्मेषी बन रहे हैं।''



प्रधानमंत्री ने भारत के नए मध्यम वर्ग में बढ़ते आत्मविश्वास पर जोर दिया, जो नई आकांक्षाओं के साथ गरीबी से उबर रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत कर रहा है और विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है।''

मोदी ने कहा कि पूर्वी एशिया के साथ भारत के मजबूत संपर्क और हाल ही में शुरू किए गए भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे से नए अवसर खुल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''देश के विकास में असम का योगदान बढ़ रहा है और अब इसकी अर्थव्यवस्था करीब छह लाख करोड़ रुपये की है।'' मोदी ने कहा कि असम सरकार शिक्षा, कौशल विकास और बेहतर निवेश माहौल को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''2014 में ब्रह्मपुत्र पर केवल तीन पुल थे, जिनका निर्माण 70 साल में हुआ था। पिछले 10 साल में चार नए पुल बनाए गए हैं और उनमें से एक का नाम भारत रत्न भूपेन हजारिका के नाम पर रखा गया है।'' उन्होंने कहा, ''2009 से 2014 के बीच असम को औसतन 2,100 करोड़ रुपये का रेल बजट मिला। हालांकि, मौजूदा सरकार ने असम के रेल बजट को चार गुना से अधिक बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया है।'' मोदी ने कहा कि राज्य में 60 से अधिक रेलवे स्टेशन को अद्यतन किया जा रहा है और पूर्वोत्तर में पहली अर्द्ध-उच्च-गति ट्रेन गुवाहाटी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चल रही है।

असम में हवाई संपर्क के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 तक सात मार्गों पर उड़ानें संचालित होती थीं। अब करीब 30 मार्ग पर हवाई सेवाएं हैं। उन्होंने कहा, ''भारत अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों और स्तरों पर महत्वपूर्ण सुधारों से गुजर रहा है। कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं और उद्योग व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए व्यापक परिवेश तैयार किया जा रहा है।'' उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि स्टार्टअप, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के जरिये विनिर्माण और नई विनिर्माण कंपनियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कर छूट को उत्कृष्ट नीतियां पेश की गई हैं।

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढांचे व नवाचार का संयोजन भारत की प्रगति का आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह प्रगति असम में भी स्पष्ट है, जो 'डबल इंजन' की गति से आगे बढ़ रहा है।'' उन्होंने बताया कि राज्य ने 150 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम दक्षिण-पूर्व एशिया और भारत के बीच प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ''इस क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने पूर्वोत्तर परिवर्तनकारी औद्योगिकीकरण योजना 'उन्नति' शुरू की है।'' मोदी ने उद्योग भागीदारों से इस योजना और असम की असीमित क्षमता का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम के प्राकृतिक संसाधन और इसकी रणनीतिक स्थिति इसे निवेश के लिए पसंदीदा स्थान बनाते हैं। उन्होंने असम की चाय को राज्य की क्षमता की मिसाल करार दिया और कहा कि पिछले 200 वर्ष में यह एक वैश्विक ब्रांड बन गया है।

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत औषधि, इलेक्ट्रॉनिक व मोटर वाहन जैसे क्षेत्रों में कम लागत वाले विनिर्माण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''असम ने हमेशा वैश्विक व्यापार में भूमिका निभाई है और भारत के तटीय प्राकृतिक गैस उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा राज्य से आता है। इसके अतिरिक्त, हाल के वर्षों में असम की रिफाइनरी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।''

# हम बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर व वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं : योगी



**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) की मानसिकता को संकीर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को केवल पारंपरिक मदरसों तक सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर भी प्रदान करना चाहती है।

योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा के आधुनिकीकरण से ही समाज का विकास संभव है।

योगी ने कहा कि स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए डबल इंजन की सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने कहा कि सरकार हर बच्चे को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है, जिससे वे केवल मजहबी शिक्षा तक ही सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें।

योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चा अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान दे। बच्चे ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति हैं इसलिए इसमें कोई भेदभाव नहीं होगा और उन्हें उत्तम शिक्षा मिलेगी तथा सरकार इसके लिए सही दिशा में कदम बढ़ा रही है।

योगी ने विधान परिषद में विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए थारू जनजाति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह जनजाति उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा क्षेत्र में निवास करती है, जिसमें महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोरखपुर और सोनभद्र जैसे जिले शामिल हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे प्रदेश की जनजातियों और वंचित वर्गों की वास्तविक स्थिति से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि थारू, मुसहर, गोंड और अन्य वंचित जनजातियों के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे, न उनके पास जमीन के पट्टे थे, न राशन कार्ड, न ही मकान और डबल इंजन की सरकार ने इन सभी जनजातियों को मुख्यधारा में लाने का काम किया है।

# सज्जन कुमार की वृद्धावस्था, बीमारियों को देखते हुए उन्हें मौत की सजा नहीं दी गई : अदालत

**नयी दिल्ली**, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कुमार की वृद्धावस्था और बीमारियों को देखते हुए उन्हें मृत्युदंड के बजाय कम कठोर सजा दी गई है।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि इस मामले में "दो निर्दोष व्यक्तियों" की निर्मम हत्या बेशक कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन यह "दुर्लभतम मामला" नहीं है, जिसके लिए मौत की सजा दी जाए।

यह फैसला एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़े मामले में आया। न्यायमूर्ति बावेजा ने कहा कि कुमार ने जो अपराध किए, वे निस्संदेह क्रूर और निंदनीय थे, लेकिन उनकी 80 साल की उम्र और बीमारियों सहित कुछ ऐसे




कारक भी थे, जो "उन्हें मृत्युदंड के बजाय कम कठोर सजा देने के पक्ष में थे।" भारतीय कानून में हत्या के अपराध के लिए अधिकतम मृत्युदंड, जबकि न्यूनतम उम्रकैद की सजा का प्रावधान है।

शिकायतकर्ता, जसवंत की पत्नी और सरकार ने मामले में अधिकतम सजा देने का अनुरोध किया था।

अदालत ने कहा, "जेल प्राधिकारियों की रिपोर्ट के मुताबिक अपराधी का 'संतोषजनक' आचरण, जिन बीमारियों से वह पीड़ित है, यह तथ्य कि अपराधी की समाज में जड़ें हैं और उसमें सुधार एवं पुनर्वास की गुंजाइश उन कारकों में शामिल हैं, जो मेरी राय में फैसले को मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास की सजा के पक्ष में झुकाते हैं।" अदालत ने कहा कि "कुमार के व्यवहार को लेकर कोई शिकायत सामने नहीं आई है" और जेल प्राधिकारियों की रिपोर्ट के हिसाब से कुमार का आचरण "संतोषजनक" था।

न्यायमूर्ति बावेजा ने कहा कि यह मामला उसी घटना का हिस्सा है और इसे उसी घटना की निरंतरता के रूप में देखा जा सकता है, जिसके लिए कुमार को 17 दिसंबर 2018 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# बिहार में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

**पटना**, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बिहार सरकार ने चिकित्सा के बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरुरत है।

राष्ट्रपति ने यहां बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''एक समय था जब बिहार के चिकित्सकों का देश-विदेश में नाम था। लोग दूर-दूर से इलाज के लिए यहां आते थे। बीच के कुछ कालखंड में यहां से अच्छे चिकित्सकों का पलायन हुआ। इस कारण लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए राज्य से बाहर जाने को मजबूर होना पड़ता है। चिकित्सा के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई समस्याएं पैदा होती हैं। जहां इलाज मिलने में देरी होती है, वहीं परदेस में रहने और खाने की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। रोगियों के परिजनों के रोजगार पर भी असर पड़ता है। बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी दबाव बढ़ता है। अच्छे चिकित्सा संस्थानों का देश भर में विकेन्द्रीकरण इन सभी समस्याओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और इंदौर जैसे शहर स्पेशियेलिटी ट्रीटमेंट के केंद्र के रूप में




विकसित भी हुए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार में भी ऐसे अनेक केंद्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इससे न केवल लोगों को यहीं पर अच्छी चिकित्सा मिलेगी बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। इस कार्य में पीएमसीएच और इसके पूर्व विद्यार्थी अपने अनुभव से बड़ा योगदान दे सकते हैं और बिहार के गौरवशाली अतीत को वापस ला सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि बिहार सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पीएमसीएच के पुनर्विकास की योजना भी इनमें से एक कदम है। मुझे बताया गया है कि पुनर्विकसित पीएमसीएच आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से युक्त होगा और पूरी तरह तैयार होने पर बेड की संख्या की दृष्टि से दुनिया के विशालतम अस्पतालों में से एक होगा।'

मुर्मू ने कहा, ''आज का युग तकनीक का युग है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी तकनीक अहम भूमिका निभा रही है। कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें चिकित्सा प्रक्रिया को अधिक सरल और सटीक बना रहे हैं। मेरी इस संस्थान से जुड़े सभी लोगों से अपील है कि आप आधुनिकतम तकनीकों को अपनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। इससे न केवल रोगियों का इलाज सुगम होगा बल्कि आपके ज्ञान और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी।''

उन्होंने कहा, ''किसी भी संस्थान के निरंतर विकास में उस संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे शोध महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि पीएमसीएच में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित किया जाता है। कालाजार और बोन टीबी पर यहां किए गए शोध0 को दुनिया भर में मान्यता मिली है। तकनीक के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने से शिक्षा, शोध और इलाज में उस क्षेत्र के विशेषज्ञ से सहायता ली जा सकती है। पीएमसीएच के पूर्व छात्र एक ऐसा तंत्र बना सकते हैं जिसमें वे अपने शोध और समस्या पर चर्चा कर सकें। इससे न केवल चिकित्सकों को बल्कि रोगियों को भी लाभ होगा।''

राष्ट्रपति ने कहा, ''आप सब जानते हैं कि कैंसर दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। मेरा मानना है कि इस बीमारी से लड़ने में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, इसके उपचार की सुविधाओं का विकेन्द्रीकरण करना और शोध को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले वर्ष अप्रैल में, भारत की पहली स्वदेश में विकसित सीएआर-टी सेल थेरेपी का शुभारंभ करने का सौभाग्य मुझे मिला था। यह थेरेपी आईआईटी मुंबई, टाटा मेमोरियल अस्पताल और इम्युनोएक्ट के बीच सहयोग से विकसित की गयी है। पीएमसीएच जैसे बड़े संस्थानों से मेरा आग्रह है कि आप अन्य संस्थानों के सहयोग से न केवल कैंसर बल्कि अन्य रोगों के इलाज के लिए नए-नए रिसर्च करें।''



# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि घर बैठे डाकिया के माध्यम से प्राप्त करें, बैंक या एटीएम जाने की जरुरत नहीं: पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

■ आधार के साथ मोबाइल नंबर जोड़ने या अपडेट करने की सुविधा भी डाकिया के माध्यम से उपलब्ध: पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना की 19 वीं किस्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में 24 फरवरी, 2025 को ज्यों ही जारी की तो किसानों और उनके परिवारजनों की बांछें खिल गईं। प्रधानमंत्री जी ने एक क्लिक से डीबीटी माध्यम से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 22 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि ट्रांसफर की। अब लाभार्थी किसान घर बैठे इस राशि को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर गुजरात एवं सौराष्ट्र और कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न बैंकों के अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए किसानों को किसी बैंक की शाखा या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी। देश के किसी भी बैंक में स्थित मोबाईल और आधार लिंक्ड खाते से घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में ₹10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए डाक विभाग द्वारा कोई शुल्क नहीं लगता। इसके अतिरिक्त, डाक विभाग पीएम किसान योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों के लिए आधार के साथ मोबाइल नंबर को जोड़ने/अपडेट करने की सुविधा प्रदान करता है। यह इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से ई-केवाईसी को पूरा करने के लिए है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। इसके तहत लाभार्थी किसानों को एक साल में ₹6,000 की राशि दी जाती है। लाभार्थी किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राशि का वितरण डाकघर और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। इन योजनाओं में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गंगा स्वरूप योजना, छात्रवृत्ति, नमो लक्ष्मी छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना इत्यादि शामिल हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 1.62 करोड़ से अधिक ग्राहकों को ₹3252 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। बैंक का इस योजना में 14.7% का मार्केट शेयर है। यह किसी भी बैंक में जमा होने वाली दूसरी सबसे बड़ी राशि है। यह उपलब्धि किसानों के हित में सरकार के निरंतर प्रयासों को दशार्ती है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है और उनकी वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर मिला महिला का शव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फरीदाबादः फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के निमार्णाधीन भवन के प्रतीक्षालय में मंगलवार सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव मिला। महिला की उम्र लगभग 70-75 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सुबह कुछ यात्रियों ने रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में एक महिला को अचेत अवस्था में देखा और तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी।

पुलिस टीम के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक संजय कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पाया कि महिला की मौत हो चुकी थी। शुरूआती जांच में किसी तरह की हिंसा या चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत प्राकृतिक हो सकती है। स्टेशन के आसपास के लोगों के मुताबिक महिला कई दिनों से स्टेशन परिसर में घूम रही थी और अक्सर भीख मांगते हुए देखी जाती थी। कुछ लोगों का कहना है कि वह बीमार थी और इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे स्टेशन उपनिरीक्षक संजय कुमार ने कहा महिला के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। फरीदाबाद रेलवे पुलिस ने जनता से अपील की है कि अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी हो या उसके परिजनों का पता हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस आसपास के इलाकों में महिला की जानकारी के लिए भी पूछताछ कर रही है।

# महाशिवरात्रि में घर बैठे स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें श्री सोमनाथ, श्री काशी विश्वनाथ और श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रसादः पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



महाशिवरात्रि में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री सोमनाथ मंदिर, गुजरात, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी और श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी उत्तर गुजरात एवं सौराष्ट्र और कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। साथ ही महाशिवरात्रि में डाकघरों से गंगाजल की सुविधा भी उपलब्ध है। 250 मि.ली.की गंगाजल बोतल मात्र 30 रुपए में ली जा सकती है।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को ₹270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है।

ई-मनीऑर्डर पर ₹प्रसाद के लिए बुकिंग' अंकित करना होगा। तदोपरांत श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा। इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की रहेगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद भी देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत मात्र ₹ 251 रुपए का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल-221001 के नाम भेजना होगा।

ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जायेगा। भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रसाद में श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि उज्जैन के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर का प्रसाद भी डाक द्वारा मंगाया जा सकता है। इसके लिए मैनेजर, स्पीड पोस्ट सेण्टर, उज्जैन को 251 रुपए का ई-मनीआर्डर करना पड़ेगा और इसके बदले में वहाँ से स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है।

इस प्रसाद में 200 ग्राम लड्डू, भभूति और भगवान श्री महाकालेश्वर जी का चित्र शामिल है।

डाक विभाग ने इस बात के भी प्रबंध किए हैं कि, भक्तों को मोबाइल नंबर पर स्पीड पोस्ट का विवरण एसएमएस के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए भक्तों को ई-मनीऑर्डर में अपना पूरा पता, पिन कोड और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा।

# होटल के बेड पर कपल की मिली डेड बॉडी, छाती में गोलियां लगीं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गुरुग्रामः होटल में युवक और युवती के शव बिस्तर पर पड़े मिले। दोनों की छाती में एक-एक गोली लगी है। हालांकि किसी ने गोलियां चलने की आवाज नहीं सुनी। पुलिस ने उनके बगल से ही पिस्टल बरामद की है। इसके साथ कमरे में फ्रूट बीयर भी पड़ी थीं। सूचना के बाद होटल पहुंची मानेसर पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लिए हैं। होटल कर्मचारियों ने बताया कि दोनों होटल के दूसरे फ्लोर के कमरा नंबर 303 में रुके थे। सोमवार को सुबह 11 बजे होटल में चेक-इन किया था। युवती कोमल (20) गांव शिकोहपुर और युवक निखिल (23) पटौदी के गांव लोकरी का रहने वाला था। कुछ दिन पहले कोमल का रिश्ता तय हुआ था। युवती के गांव में ही निखिल की बहन की शादी भी।

लड़की के परिजनों का कहना है कि कोमल 24 फरवरी को गांव से गुरुग्राम बीए फर्स्ट ईयर का पेपर देने के लिए गई थी, लेकिन रात तक घर नहीं पहुंची। इस पर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने युवती की लोकेशन चेक की, जिसमें उसकी लोकेशन मानेसर में नेशनल हाईवे 48 पर स्थित हवेली होटल की मिली। पुलिस ने परिजनों को युवती की लोकेशन बताई। इस पर परिजन सोमवार रात 10 बजे होटल पहुंचे। यहां उन्हें कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद उन्होंने सूचना होटल स्टाफ और स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक लड़का पल्सर बाइक से होटल आया था। मानेसर थाना प्रभारी सतेंद्र ने बताया कि होटल के कमरे की जांच की गई तो वहां दो फ्रूट बीयर और पानी की बोतल मिली। युवक-युवती द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का भी शक है। मानेसर थाना प्रभारी सतेंद्र ने बताया कि कोमल और निखिल ने सोमवार को दिन में 11 बजे होटल हवेली में चेक-इन किया था। प्राथमिक जानकारी में ये बातें सामने आई हैं कि दोनों अलग-अलग जाति से हैं। युवक आईटीआई करके एक कंपनी में अप्रेंटिस कर रहा था। 2021 में निखिल की बहन की शादी कोमल के गांव शिकोहपुर में हुई थी।

# मानवता की सेवा में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा द्वारा 25 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन स्पार्क मिन्डा, ग्रेटर नोएडा में किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण 27 यूनिट एकत्रित हुई। क्लब अध्यक्ष शैलेश चन्द्र वार्ष्णेय ने बताया कि मानव रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बनता है अतः यह अमूल्य है। एक यूनिट ब्लड देने मे आपका कोई खर्चा नहीं होता लेकिन आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के लिये वरदान बन सकता है।आपके द्वारा दिया गया एक यूनिट ब्लड तीन लोगों की ज़िंदगी बचा सकता है। कहते है कि-
दीजिए मौका अपने खून को किसी की रगो में बहने का !!
यही लाजवाब तरीका है कई जिस्मों में ज़िन्दा रहने का !!
तो आइये और रक्तदान कीजिए !!
क्लब से क्लब अध्यक्ष रो0 शैलेश चन्द्र वार्ष्णेय, क्लब सेक्रेटरी रो0 ऋषि के अग्रवाल, क्लब ट्रेजरर रो0 निखिल गर्ग, रो0 हरवीर सिंह मावी, रो0 रणजीत सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# कैफे में चला रहे थे हुक्का बार, एक गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




फरीदाबादः पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने एक कैफे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से हुक्का बार चलने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 फरवरी को पुलिस चौकी सेक्टर 16 की टीम गस्त पर मौजूद थी, टीम को सूचना प्राप्त हुई कि अनाज मण्डी सैक्टर 16 फरीदाबाद में कैफे की आड़ में हुक्का बार चल रहा है, जिस पर पुलिस टीम ने कैफे 52 पर रेड की, जहां पर अवैध तरीके से हुक्का बार चलाया जा रहा था, मौका से हुक्का व तंबाकू से संबंधित अवैध सामान बरामद हुआ। जिस पर थाना सेक्टर 17 में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

मौके से विनीत निवासी मकान न. 67 नजदीक बाल्मिकी बस्ती महात्मा गांधी कालोनी बाढ़ मौहल्ला ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ पर बताया कि यह कैफे गुरुदत्त निवासी 10-24 बाढ़ मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद संचालित करता है और मालिक द्वारा ही अवैध हुक्का बार चलाया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा संचालक की तलाश की जा रही है। इस कैफे के विरुद्ध वर्ष 2023 में भी अवैध हुक्का बार चलाने से संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया था।

# शिविर में राजस्थान रोडवेज के 36 पास बनाए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर श्रीमान श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से श्याम मंदिर परिसर नूंआ में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम बस के रियायती एवं निःशुल्क 36 पास बनाए गए, कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, जॉन चैयरमेन नागरमल जांगिड़ देवेंद्र कुमार गौड़, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, पवन कुमार खेतान, काफी संख्या में गणमान्य जन निगम स्टाफ एवं वीर वीराएं उपस्थित रहे,

# बिजली के निजीकरण के विरोध में 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा : हड़ताल सफल बनाने हेतु देश भर में सम्मेलन होंगे: उप्र में बिजली के निजीकरण के विरोध में मार्च में चार बड़ी रैली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। एन सी सी ओ ई ई ई ने निर्णय लिया है कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए अप्रैल और मई के माह में देश के सभी प्रांतों में बड़े सम्मेलन किए जाएंगे। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में एन सी सी ओ ई ई ई के राष्ट्रीय पदाधिकारी चार रैली करेंगे। कॉर्डिनेशन कमेटी ने यह निर्णय भी लिया कि 26 जून को हड़ताल पर जाने से पहले आल इंडिया ट्रेड यूनियनों की मई में होने वाली हड़ताल के दिन भी देश के बिजली कर्मी हड़ताल करेंगे।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के नागपुर में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन को आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के मोहन शर्मा ,कृष्णा भोयूर, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशान्त चौधरी, सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के समर सिन्हा, भारतीय किसान मोर्चा के बीजू कृष्णा, कामगार एकता मंच के गिरीश भावे ने मुख्यतया सम्बोधित किया। एन सी सी ओ ई ई ई के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों के बिजली कर्मचारियों के श्रम संघों और सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर और उप्र बिजली कर्मचारी संघ के प्रमुख महासचिव महेन्द्र राय ने उप्र में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया और बिजली कर्मियों के आन्दोलन की जानकारी दी।

एन सी सी ओ ई ई ई की आमसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ के बिजली विभाग का जिस तरह निजीकरण किया गया वह बेहद आपत्तिजनक है। उप्र में सरकार के अनुसार एक लाख 15 हजार करोड रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है और एक लाख 10 हजार करोड रुपए का घाटा है। इस प्रकार स्पष्ट है कि राजस्व वसूल लिया जाय तो उप्र के विद्युत वितरण निगम मुनाफे में हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि टैरिफ बेस्ड प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग और असेट मोनीटाईजेशन के नाम पर ट्रांसमिशन सेक्टर का बड़े पैमाने पर निजीकरण किया जा रहा। जेनरेशन के क्षेत्र में निजीकरण का खामियाजा बेहद महंगी बिजली के रूप में आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि निजीकरण कर्मचारियों के हित में तो है ही नहीं, साथ ही बिजली उपभोक्ताओं के लिए सबसे अधिक घातक है। निजी क्षेत्र में मुम्बई में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 17 - 18 रुपए प्रति यूनिट तक बिजली का टैरिफ है। निजी क्षेत्र में किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है। निजीकरण न रोका गया तो महंगी बिजली आम उपभोक्ताओं की कमर तोड़ देगी।

आम सभा में पारित प्रस्ताव में केन्द्र और राज्य सरकारों से मांग की गई है कि बिजली का निजीकरण तत्काल वापस लिया जाए अन्यथा बिजली कर्मी पूरी एकजुटता के साथ राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने हेतु विवश होंगे।

# सीबीआई ने 6600 करोड़ रुपये के 'गेनबिटक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले को लेकर 60 स्थानों पर छापेमारी की



नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 6600 करोड़ रुपये के 'गेनबिटक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को 60 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु समेत कई शहरों में छापेमारी की गई, जिसमें कथित तौर पर प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों को लक्षित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख वेबसाइट 'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गेनबिटक्वाइन डॉट कॉम' समेत कई मंचों के माध्यम से यह पोंजी घोटाला किया गया और इसकी पूरी साजिश कथित रूप से अमित भारद्वाज (अब दिवंगत) और उसके भाई अजय भारद्वाज ने रची थी।

उन्होंने बताया कि 2015 में शुरू किया गया यह अवैध कारोबार 'वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से चल रहा था।

सीबीआई ने बताया कि इस योजना के तहत निवेशकों को 18 महीने की अवधि में बिटक्वाइन पर प्रति माह 10 प्रतिशत का असाधारण रिटर्न देने का लालच दिया गया और उन्हें बाहरी एक्सचेंजों से डिजिटल मुद्रा खरीदने और 'क्लाउड माइनिंग' अनुबंधों के माध्यम से इसे 'गेन बिटक्वाइन' में जमा करने के लिए कहा गया।

प्रवक्ता ने कहा, ''यह मॉडल बहु-स्तरीय विपणन (नेटवर्किंग मार्केटिंग-एमएलएम) संरचना पर काम करता है, जो सामान्यतः पिरामिड संरचित पोंजी योजनाओं से जुड़ा होता है, जहां भुगतान नए निवेशकों को लाने पर निर्भर होता है।''

प्रारंभिक दिनों में निवेशकों को 'बिटक्वाइन' में भुगतान मिलता था, जिससे यह एक आकर्षक उद्यम होने का भ्रम पैदा हुआ। हालांकि, 2017 तक नई पूंजी का प्रवाह कम होने के साथ ही यह दिखावा (भ्रम) टूटने लगा। बयान में कहा गया है, ''घाटे की लीपापोती करने के प्रयास में, 'गेनबिटक्वाइन' ने एकतरफा ढंग से भुगतान को अपने कथित 'इन-हाउस क्रिप्टोकरेंसी' में बदल दिया, जिसका मूल्य 'बिटक्वाइन' की तुलना में काफी कम था, जिससे निवेशक और अधिक भ्रमित हो गए।''

घोटाले के विशाल पैमाने और जटिलता के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र और दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक पूरे भारत में कई प्राथमिकियां दर्ज की गईं।

उच्चतम न्यायालय ने इस (अवैध कारोबार के) संचालन की व्यापक प्रकृति तथा इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए इसकी जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी।

जांच एजेंसी ने कहा, ''तलाशी के दौरान कुछ क्रिप्टो वॉलेट, आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। ईमेल/क्लाउड में मौजूद साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं।''--

## रेलवे महाशिवरात्रि पर प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेन चलाएगा: मंत्रालय--

नयी दिल्ली, (भाषा) रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि महाशिवरात्रि पर अंतिम अमृत स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं।

मंत्रालय की ओर से जारी किये गये बयान में कहा गया है, ''महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को है, ऐसे में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान करने के लिए प्रयागराज में एकत्रित हुए हैं।'' बयान में कहा गया है कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षित और आरामदेह वापसी के लिए कुल 350 ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है।

मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो दिनों-- रविवार और सोमवार को बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड में स्टेशनों पर अंतिम अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही।

# नौकरी के बदले जमीन 'घोटाला': अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके परिजनों को तलब किया



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी, दोनों बेटों तथा दो बेटियों समेत कुछ परिजनों को नौकरी के बदले जमीन ''घोटाले'' के संबंध में तलब किया।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके दोनों बेटों- बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राज्य के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, बेटी और संसद सदस्य मीसा भारती तथा बेटी हेमा यादव को भी तलब किया।

आरोपियों को 11 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि लालू प्रसाद यादव की भूमिका के संबंध में आरोपपत्र में दिए गए आरोप और सामग्री अंतिम आरोपपत्र में उल्लिखित आरोपों में सभी 76 आरोपियों की भूमिका का प्रथम दृष्टया ठोस संकेत देते हैं। आरोपपत्र में प्रसाद के सहयोगियों भोला यादव और आर के महाजन की सक्रिय भागीदारी, लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों - राबड़ी देवी, हेमा यादव और तेज प्रताप यादव - के पक्ष में भूखंड का हस्तांतरण और रेलवे अधिकारियों की सिफारिश पर उम्मीदवारों की नियुक्ति के आरोप हैं, जिन्हें भी आरोपी बनाया गया है।

यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य मंडल में की गईं समूह 'डी' की नियुक्तियों से संबंधित है।

अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय रेल मंत्री के रूप में प्रसाद के कार्यकाल के दौरान 2004 और 2009 के बीच राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों को उपहार के रूप में या उनके नाम पर भूखंड हस्तांतरित करने के बदले ये नियुक्तियां की गईं।

प्रसाद, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ 18 मई, 2022 को एक मामला दर्ज किया गया था।--

# दिल्ली नगर निगम में विभिन्न मुद्दों को लेकर आप और भाजपा पार्षदों ने किया प्रदर्शन



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मंगलवार को आवास कर की माफी और 12000 अनुबंधित कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के बीच वाकयुद्ध होने और उनके द्वारा नारेबाजी किये जाने से सदन में हंगामा हुआ।

महापौर महेश कुमार ने बाद में प्रेसवार्ता में दावा किया कि इस हंगामे के बावजूद दोनों प्रस्ताव पारित हो गये क्योंकि सदन में उनके पार्षद इतने थे कि गणपूर्ति की शर्त पूरा हो रही थी।

हालांकि, विपक्ष के नेता ने इसका कड़ा विरोध करते हुए तर्क दिया कि इसमें उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया, इसलिए प्रस्तावों को आधिकारिक रूप से स्वीकृत नहीं माना जा सकता। इस बीच, एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

सदन में हंगामा तब शुरू हुआ जब आप के नेतृत्व वाली एमसीडी ने प्रस्ताव पेश करने का प्रयास किया और उपायुक्त नहीं पहुंचे। ऐसे में गतिरोध पैदा हो गया।

आम आदमी पार्टी (आप) ने मांग की कि अतिरिक्त आयुक्त को प्रभारी बनाकर सत्र की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए, जिससे तीखी बहस शुरू हो गई। आप पार्षदों ने 'गुंडागर्दी नहीं चलेगी' और 'जय भीम' के नारे लगाए, जबकि भाजपा समर्थकों ने 'अरविंद केजरीवाल, शर्म करो' और 'महापौर, शर्म करो' जैसे नारे लगाए।

सदन में दोनों पक्षों ने पोस्टर भी प्रदर्शित किये गये।

## न्यायालय ने भ्रष्टाचार मामले में कार्यवाही रद्द करने के अनुरोध वाली कुमारस्वामी की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो भूखंडों की अधिसूचना निरस्त करने से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में कार्यवाही रद्द करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के नौ अक्टूबर 2020 के आदेश के खिलाफ कुमारस्वामी (जो अब केंद्रीय मंत्री हैं) की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने इस मामले में उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीन रावल और अतिरिक्त महाधिवक्ता अमन पंवार कर्नाटक राज्य की ओर से पेश हुए और उच्चतम न्यायालय में कुमारस्वामी की याचिका का विरोध किया।

# उत्तर प्रदेश बनेगा स्टार्टअप और इलेक्ट्रॉनिक्स का हब, रोजगार और विकास को मिलेगी रफ्तार



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की समीक्षा बैठक आज बापू भवन, लखनऊ स्थित द्वितीय तल सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) श्री सुनील कुमार शर्मा ने की, जिसमें प्रमुख सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) श्री अनुराग यादव, आईएएस सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विस्तार, स्टार्टअप्स को सहयोग, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने और रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में मंत्री जी ने निर्देश दिए कि प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का विस्तार कर इसे टायर-2 और टायर-3 शहरों में भी स्थापित किया जाए। उन्होंने गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जोन विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मंत्री ने लखनऊ में अत्याधुनिक स्टार्टअप हब स्थापित करने की योजना को भी प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह हब प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को गति देगा, जिससे स्थानीय स्टार्टअप्स को एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिलेगा।

उन्होंने स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने की प्रक्रिया को पारदर्शी और ऑटोमेटेड बनाने पर भी जोर दिया, ताकि वे अनावश्यक प्रशासनिक जटिलताओं से मुक्त होकर प्रदेश में निर्बाध रूप से कार्य कर सकें।

बैठक में विशेष सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) राहुल सिंह, आईएएस, विशेष सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) श्रीमती नेहा जैन, आईएएस, तथा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवि रंजन, आईएएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्या राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण होना विवेकपूर्ण है: उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से पूछा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने जनता के लिए मुकदमेबाजी की लागत और याचिकाओं की बहुलता के कारण निपटान में देरी पर चिंता व्यक्त की और केंद्र से पूछा कि क्या राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण बनाना विवेकपूर्ण है।

कर्नाटक राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एसएटी) में रिक्तियों को भरने से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इन न्यायाधिकरणों में रिक्तियों को भरने के लिए याचिकाएं आती रहती हैं। पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ''जब हमारे पास प्रबंधन के लिए जनशक्ति नहीं है, तो इन संस्थानों का क्या मतलब है।'' अदालत ने कहा कि इस स्थिति ने केवल याचिकाओं और याचिका की लागत को बढ़ाया है। उसने कहा, ''लोग हर आदेश को उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती देते हैं और फिर मामला वापस न्यायाधिकरण के समक्ष चला जाता है। इससे केवल मामलों के निपटान में देरी होती है।'' भाटी ने कहा कि ये नीतिगत निर्णय थे, जो उच्चतम स्तर पर लिए गए थे। पीठ ने सहमति जताई कि प्रत्येक राज्य में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण और एसएटी होना एक वैधानिक आवश्यकता है। लेकिन उसने पूछा कि क्या यह ''वास्तव में उद्देश्य पूरा करता है''। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''इन न्यायाधिकरणों के समक्ष दायर याचिकाओं को उच्च न्यायालय द्वारा निपटाया जा सकता है और यदि हम उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि करते हैं, तो यह उद्देश्य पूरा करेगा और सेवा मामलों से संबंधित मामलों की सुनवाई में तेजी लाएगा।'' उन्होंने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपने अनुभव को याद किया जब न्यायाधिकरण में रिक्तियों को भरने के लिए एक ऐसी याचिका मिली और उन्होंने इसके बजाय सरकार से उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया।

## वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति पर पुनर्विचार के लिए उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया पर पुनर्विचार के मुद्दे पर सभी उच्च न्यायालयों और अन्य हितधारकों से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मामले की सुनवाई 21 मार्च के लिए निर्धारित की और स्पष्ट किया कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी और उसके बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मामले में दलीलें पेश करेंगे।

पीठ ने कहा, ''हम रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश देते हैं कि वे इस आदेश की एक प्रति जितेंद्र कल्ला मामले में आदेश की प्रति के साथ सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजें और उन्हें सूचित करें कि तारीख 19 मार्च तय की गई है और उच्च न्यायालय अपने जवाब और सुझाव, यदि कोई हों, पहले ही देने के लिए स्वतंत्र हैं।''

# एम्स के चिकित्सक ने 17 वर्षीय लड़के के पेट से लटक रहे दो अतिरिक्त निचले अंगों को हटाया




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)के चिकित्सकों ने 17 वर्षीय लड़के के पेट से लटक रहे दो अतिरिक्त निचले अंगों को सफलतापूर्वक सर्जरी कर निकाल दिया है।

चिकित्सकों ने दावा किया कि यह प्रक्रिया इस प्रमुख अस्पताल में पहली बार की गई है। उन्होंने बताया कि इस स्थिति को 'इन्कम्प्लीट पैरासिटिक ट्विन' के नाम से जाना जाता है और चिकित्सा साहित्य के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अब तक ऐसे केवल 40 मामले ही सामने आए हैं, और वह भी कम उम्र में पता चल गए थे।

सर्जरी विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. असुरी कृष्णा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला यह लड़का जनवरी के अंतिम सप्ताह में सर्जरी ओपीडी में आया था और उसके पेट से दो अतिरिक्त निचले अंग लटक रहे थे।

उन्होंने कहा कि कभी-कभी, जुड़वां भ्रूण गर्भ में एक दूसरे से अलग नहीं हो पाते हैं। कृष्णा के मुताबिक, बहुत कम ही ऐसा होता है कि जुड़वां बच्चों में से एक पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाता और उसके अंग विकसित भ्रूण से जुड़ जाते हैं और बच्चे का जन्म हो जाता है।

कृष्णा ने कहा कि यह लाखों में एक मामला था।

डॉक्टर ने कहा कि ऐसे अधिकांश मामलों का पता कम उम्र में लग जाता है, लेकिन यह मरीज 17 साल की उम्र में आया।

उन्होंने कहा कि यह एक कठिन मामला था क्योंकि मरीज की शारीरिक रचना जटिल थी, इसलिए कई विभागों के विशेषज्ञों को इसमें शामिल होना पड़ा।

कृष्णा ने बताया कि मरीज का आठ फरवरी को ऑपरेशन किया गया और उसे निगरानी के लिए 24 घंटे आईसीयू में रखा गया। सर्जरी के चौथे दिन उसे छुट्टी दे दी गई।

डॉक्टर ने बताया कि सर्जरी दो घंटे तक चली और अतिरिक्त अंगों को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया तथा लड़के के पेट के अंदर मौजूद दो बड़े सिस्ट को भी हटा दिया गया, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह दूसरे जुड़वां का अधूरा शरीर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीरी पंडितों को हेराथ की शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कश्मीरी पंडितों के सबसे बड़े पर्व हेराथ की शुभकामनाएं दीं और सभी के बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हेराथ पोश्ते ! यह त्योहार हमारे कश्मीरी पंडित बहनों और भाइयों की जीवंत संस्कृति के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है।

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) (वास्ते प्रकाशन)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०), चन्दौसी जिला सम्भल ।
मूलवाद संख्या 96 सन 2023 ई०
जगदीश आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार निवासी 1030, ब्लॉक–बी, शास्त्रीनगर, दिल्ली।
..........वादी
बनाम
1. शान्ती देवी आयु लगभग 65 वर्ष पत्नी श्री राम कुमार
2. रिंकू आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र श्री रामकुमार
3. अजय आयु लगभग 27 वर्ष पुत्र श्री रामकुमार
समस्त निवासीगण मौहल्ला डहरिया, कैथल गेट, चन्दौसी तहसील–चन्दौसी, जिला–सम्भल ।
..........प्रतिवादीगण
चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र बावत स्थाई व्यादेश एवं आज्ञापक आदेश प्रस्तुत किया है। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के मार्च के दिवस 24 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा स्वयं रूपये अनुशिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 20 के दिवस को निकाली गयी।
न्यायालय
प्रबन्धक
सिविल जज (सी०डि०)
ACJM चन्दौसी।

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब
आदेश 5 कायदा 1 व 5
न्यायालय सिविल जज सी०डि० चन्दौसी जिला सम्भल।
मूलवाद सं० – 147/2023
श्रीमती सुमन लता आयु लगभग 60 वर्ष पत्नी श्री चन्द्रपाल गुप्ता निवासी बी–287 गली नं० 7–सी भजनपुरा दिल्ली 53।
..........वादनी
बनाम
1. श्रीमती वीरबाला पत्नी श्री ज्ञानचन्द्र निवासी ग्राम नाथा तहसील सहसवान जिला बदायूं हाल निवासनी दक्षिणी बाजार बहजोई तहसील चन्दौसी जिला सम्भल।
2. श्रीमती अनीता देवी पत्नी योगेश कुमार निवासी ग्राम रंजपुरा तहसील गुन्नौर जिला सम्भल।
3. श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी कमलेश कुमार गुप्ता निवासी प्लाट नं० 10 के०एच० नं०–5 ग्राउण्ड फ्लोर ब्लॉक ऐप, स्वामी सरधानन्द कालौनी सिकन्दरपुर (दिल्ली)
..........प्रतिवादीगण
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दान पत्र निरस्तीकरण के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की तारीख 19 माह 03 सन् 2025 बावक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाबदेही करें/ आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।
आपको इत्तिला दी जाती है। कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मस्मूअ और फैसला होगा।
दस्तखत मेरे व मोहर अदालत व तारीख 24–02–सन् 2025 ई० को जारी किया।
इत्तिला
(1) अगर आपको यह अन्देशा हो कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे। आप अदालत हाजा से सम्मन जारी करा सकते है कि जो गवाह हाजिर न हो जबरन हाजिर करा दिया जावे और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराने का आप ख्याल रखते हो वह उससे पेश कराई जाये बशर्ते कि आप अदालत में दाखिल रूपये खर्च की दरख्वास्त गुजराने।
(2) अगर आप मुतालबा मुद्दई को न्यायालय में जाकर तसलीम करते हैं तो आपको लाजिम है। कि आप न्यायालय में पता दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपको डाक द्वारा भेजी जाय।
न्यायालय मोहर
न्यायालय सिविल जज
सी०डि० चन्दौसी
जिला सम्भल।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# श्रृंगवेरपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन आज से

- _ श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 06 राज्यों और राम वन–गमन पथ समेत 10 स्थानों पर होगा आयोजन
- _ 29 मार्च को जम्मू में होगा अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉक्लेव की श्रृंखला का समापन

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या एवं रामायण मेला आयोजन समिति, श्रृंगवेरपुरधाम, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव की श्रृंखला का प्रथम आयोजन हो रहा है।

पर्यटन सुविधा केन्द्र स्थल, श्रृंगवेरपुरधाम, प्रयागराज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयागराज से विधायक श्री गुरु प्रसाद मौर्य करेंगे, जबकि फूलपुर, प्रयागराज से सांसद श्री प्रवीण पटेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 06 राज्यों व राम वन-गमन पथ समेत 10 स्थानों पर किया जा रहा है। इसमें देश एवं प्रदेश के युवाओं सहित समस्त नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

कॉन्क्लेव में होने वाले संत-विद्वत समागम में हनुमान गढ़ी रामचौरा घाट, श्रृंगवेरपुरधाम के महंत स्वामी श्री कमल दास जी महाराज, गऊघाट, श्रृंगवेरपुरधाम के स्वामी श्री जयराम दास जी महाराज, राष्ट्रीय रामायण मेला, श्रृंगवेरपुरधाम के अध्यक्ष डॉ. बालकृष्ण पाण्डेय एवं समाजसेवी श्री विवेक तिवारी जी सम्मिलित होंगे। रामायण-वेद गान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, काव्यार्चन एवं प्रवचन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। इस कड़ी में गाजीपुर के श्री मनोहर सिंह एवं उनका दल भक्ति-भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाएगा। श्रीमती कुमकुम आदर्श एवं उनका दल शिव-शक्ति नृत्य नाटिका का मंचन करेगा। निधि तिवारी की टीम भी नृत्य नाटिका का मंचन करेगी और महन्त लाल अपने दल के साथ वादन ढोलताशा की प्रस्तुति देंगे।

इस संबंध में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह कॉन्क्लेव संत और विद्वानों के समागम का अच्छा अवसर है। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन प्रसंगों से प्रेरित होगी।



# योगी आदित्यनाथ सरकार में अशरफ के प्यादों पर पल-पल हो रही कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




- अशरफ के साले सद्दाम और लल्ला गद्दी की 5 करोड़ 29 लाख की संपत्ति कुर्क
- योगी सरकार में अपराध और अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जब तक तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में गैंगस्टर मुहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी और माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले समद उर्फ सद्दाम की करीब 5 करोड़ 29 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क हो गई है। लल्ला गद्दी और सद्दाम दोनों गैंगस्टर एक्ट के तहत बदायूं जेल में बंद हैं। बरेली के हरूनगला में इनकी तीन बीघा जमीन है। पुलिस प्रशासन ने नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को ये प्रॉपर्टी कुर्क कर ली।

एसएसपी अनुराग आर्य बोले अपराधिक गतिविधियों से सल्तनत बनाई।

जिलाधिकारी ने पाया कि सद्दाम और लल्ला गद्दी ने आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर गलत तरीके से दौलत कमाई है। इससे हरूनगला में एक जमीन खरीदी गई, जिसे मुहम्मद जाहिद और इलियास के नाम कराया गया इस प्रॉपर्टी को जब्त करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायालय ने 19 फरवरी 2025 को आदेश जारी करते हुए सद्दाम और लल्ला गद्दी की हरूनगला की 5.29 करोड़ रुपये की जमीन कुर्क करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए एसडीएम सदर को संपत्ति का प्रशासक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ जिलाधिकारी महोदय मौके पर पहुंचे और संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है।

कार्रवाइयों से इलाके में कौतूहल का विषय

**कौन है लल्ला गद्दी और सद्दाम ?**

लल्ला गद्दी और सद्दाम कौन हैं, जिन पर ये कार्रवाई की गई है। दरअसल, इनका कनेक्शन फूलपुर के पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद से है। सद्दाम, अतीक के भाई अशरफ का साला है और लल्ला गद्दी उसका सहयोगी।

मामला आरोप है कि सद्दाम ने वर्ष 2023 में 11 बदमाशों का गिरोह बनाकर जमीनों के अवैध सौदे और कब्जे शुरू कर दिए। मार्च 2023 में पुलिस को पता चला कि यह गिरोह जेल में अशरफ को सुविधाएं मुहैया करा रहा था। सीसीटीवी फुटेज में यह खुलासा हुआ कि सद्दाम और उसके गुर्गे अशरफ को खाने-पीने का सामान, मोबाइल फोन और दूसरी सुख-सुविधाओं वाली चीजें उपलब्ध कराया करते थे। इस मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने अशरफ, सद्दाम और उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

उसके बाद से ही सद्दाम की मुश्किलें बढ़ती गईं। फिलहाल वह और उसका साथी लल्ला गद्दी जेल में हैं और इधर उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।

# उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों की तुलना कुत्तों से करना ठीक नहीं : मंत्री

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मामलों के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के एक सदस्य के वक्तव्य का विरोध करते हुए कहा कि शिक्षा मित्रों की तुलना कुत्तों से की जाए, यह ठीक नहीं है।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि माननीय सदस्य ने सदन के अंदर शिक्षा मित्रों का जो अपमान किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

विधानसभा में बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल में सपा सदस्य राकेश कुमार वर्मा ने बेसिक शिक्षा मंत्री से प्रश्न किया था कि प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षामित्रों को वर्तमान में कितना मानदेय दिया जा रहा है तथा क्या सरकार बढ़ती महंगाई के मद्देनजर उक्त मानदेय को बढ़ाने अथवा उन्हें शिक्षामित्रों को शिक्षक बनाने पर विचार करेगी। सरकार के जवाब से असंतुष्ट वर्मा ने पूरक प्रश्न के दौरान अपने वक्तव्य में शिक्षा मित्रों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा, ''माननीय मंत्री जी के घर जो नौकर होगा, जो कुत्ते को सैर कराने का कार्य करता होगा, वह भी 20 हजार की सैलरी लेता है। मंत्री जी के घर जो कील ठोकने जाता है, वह एक हजार रुपये प्रतिदिन की मजदूरी लेता है, लेकिन शिक्षा मित्रों को एक दिन में लगभग साढ़े तीन सौ रुपये ही दिये जाते हैं, जो महंगाई के सापेक्ष बहुत कम है।'' इस पर संबंधित मंत्री का कोई जवाब आए उसके पहले सदन में वरिष्ठ मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा, ''वर्मा जी ने कहा कि हमारा कुत्ता टहलाने वाला भी 20 हजार रुपये लेता है। क्या शिक्षा मित्रों की तुलना कुत्ते से की जाएगी।''

इस बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य आपत्ति जताने लगे। चौधरी ने सदस्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप लोग गाय पालने की बात करते थे और अब कुत्ता पालने लगे। सदन में जवाब देते समय संदीप सिंह ने कहा कि सदस्य ने शिक्षा मित्रों के संदर्भ में प्रश्न किया और शिक्षा मित्रों की तुलना पशु से कर दी तथा पिछले सत्र में भी विपक्ष के सदस्य ने पशु से तुलना की थी।

# बेसिक शिक्षक कॉन्वेंट स्कूलों का माहौल दे रहे बेसिक स्कूलों में



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**बरेली।** भूता ब्लॉक के मेहतरपुर तिजा सिंह विद्यालय में वार्षिकोत्सव और शारदा अंगूठी संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बालिका शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) श्री शशांक शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यापकगण, ग्राम प्रधान श्रीमती बेगम, प्रधान प्रतिनिधि इकरार अहमद सहित अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

विद्यालय परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए सेल्फी प्वाइंट ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर आयोजन की यादें संजोईं।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साह और उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सीडीआर का इशारा वर्दी ही गुनहगार पति पत्नी और वो की कहानी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- पुलिस रुतबे की खुद में हनक और पत्नी पर प्रताड़ना कहीं मामला हत्या तो नहीं ?
- पुलिस जांच में जुटी है जल्द मिलेगा पीड़ित को न्याय आरोपी सिपाही पर पुलिस द्वारा, पत्नी के पिता की तहरीर पहले ही एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

**बरेली।** इंजेक्शन लगाकर पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले सिपाही की सीडीआर जांच में पुलिस को एक नंबर मिला है। जिसमें सबसे ज्यादा सिपाही ने इस नंबर से बात की है। पुलिस इस नंबर की जांच में जुटी है। कही यह उसकी प्रेमिका का नंबर तो नहीं जिस कारण सिपाही ने अपनी पत्नी का कत्ल कर दिया। फिलहाल आरोपी सिपाही से पुलिस पुछताछ कर रही है। साथ ही उस नंबर को लेकर भी जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा कर सकती है। बतातें चलें रामपुर निवासी रवि कुमार आठवी वाहिनी पीएसी में तैनात है। 23 फरवरी को दोपहर को वह अपनी पत्नी मीनू के साथ घर से निकले थे। कुछ देर बाद उसने सिपाही दोस्त संजय को फोन पर कहा कि फरीदपुर में मंदिर के पास बदमाशों ने हमला कर दिया है। जब संजय वहां पहुंचा तो देखा की कार की सीट पर मीनू बेसुध थी, जबकि रवि बाग में पड़ा था।

संजय ने वहां पहुंचकर तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डाक्टरों ने मीनू को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौकाने वाली बात सामने आई। मीनू के गले और हाथ पर इंजेक्शन के कई निशान थे। सोमवार को मीनू के पिता की तहरीर पर रवि को खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मृतक पुत्री मीनू के पिता का आरोप है की रवि उनकी बेटी का उत्पीड़न करता था। जहरीला इंजेक्शन लगाकर उनकी बेटी की हत्या की गई।

**सीडीआर का इशारा पति-पत्नी और वो**

पुलिस ने घटना के बाद रवि के नंबर की सीडीआर निकलवाई है। उसमें एक नंबर से कई बार रवि की बात हुई है। यह नंबर किसी महिला का बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है यह रवि की प्रेमिका हो सकती है। जिसके कारण रवि ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा रवि से भी पूछतार कर 0रही है।

**पुलिस लगातार जांच में जुटी**

इस मामले में बिथरी चैनपुर इंस्पेक्ट अभिषेक सिंह ने बताया कि रवि से पुछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जा सकता है। उसकी मदद किसने की उसकी भी तलाश की जा रही है। अभी उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला है।

# खेत, सड़क ,किसान, खेलकूद के मैदानों गाय कुत्ता बंदर बिजार सब है समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- 14 सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने दिया ज्ञापन

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह फौजी के नेतृत्व में जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया।

मंडल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह फौजी ने मांग कि है किसान के गन्ना का के मूल्य 370 रुपए बढ़ाकर 500 रुपए प्रति कुंटल किया जाए । आवारा पशु एवं आवारा कुत्तों और बंदरों को भी पकड़वाकर गौशाला में भिजवाया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के जो पात्र हैं उनको निष्पक्ष जांच कर कर पात्रों को आवास मिले, ग्राम परगवां ब्लॉक क्यारा में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा मुक्त कराकर बच्चों के लिए खेलकूर का मैदान बनाया जाए, गौसाई गोटिया में टावर वाली गली में कुत्तों का झुंड रहता है जिससे वाह निकालने वाले लोगों को काट लेते हैं काफी जख्मी हो गए हैं मोहल्ले में खौफ में है, मोहल्ला जोगी नवादा में पूर्व बच्चा जेल के पास से धन्नी राठौर के मकान तक काफी तरह से सड़क खराब हो चुकी है नालिय का पानी रोड पर भर जाता है जिससे राहगीरों को परेशानी होती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ठीक होना चाहिए।आइसक्रीम फैक्ट्री वाडीलाल में सबसे जहरीली गैस अमोनिया का प्रयोग किया जाता है इस कारण मजदूर भाइयों की हालत खराब होती रहती है इस फैक्ट्री पर संपूर्ण बैन लगाया जाए। फैक्ट्री से ठेकेदार को हटाकर सभी काम करने वालों को कम्पनी की तरफ से लिया जाए। मांगों को 15 दिन के अन्दर पुरा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन संगठन भूख हड़ताल के लिए विवस होगा।

# जनपद के 428028 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त 85.6056 करोड़ रु0 का हुआ हस्तानान्तरण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रायबरेली** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भागलपुर बिहार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का हस्तानान्तरण किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद रायबरेली के सभी विकास खंडों में एवं कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर रायबरेली में कराया गया, जिसमें जनपद के प्रमुखगण सहित 10 हजार से अधिक किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया, इसके अतिरिक्त किसानों को प्रधानमंत्री जी के इस कार्यक्रम का लिंक के माध्यम से जोड़ा गया, जहाँ से किसानों ने घर बैठकर अपनी मोबाइल से प्रसारण में प्रतिभाग किया।

उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के लिए 428028 किसानों को 2000 रु० की 19वीं किस्त के रूप में 85.6056 करोड़ रु० का हस्तानान्तरण किया गया। ज्ञातव्य है कि इस योजना में इस किस्त से पहले 18 किस्तें किसानों को दी जा चुकी हैं, जिसमें 1451.452 करोड़ रु० की धनराशि किसानों को प्राप्त हो चुकी थी। 19वीं किस्त को सम्मिलित करते हुए अब तक जिले के किसानों को 1537.0576 करोड़ रु० की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। यह धनराशि न केवल किसानों को समय-समय पर उनके खाद, बीज आदि निवेशों को कय करने के लिए सहारा बनी है, वरन यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सम्बल प्रदान कर रही है। आज के इस कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में पांच-पांच किसानों को आज की 19वीं किस्त का प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। यह कार्यक्रम किसान सम्मान समारोह के रूप में सभी विकास खंडों में आयोजित किया गया, जहां बड़ी स्क्रीन पर किसानों को सजीव प्रसारण दिखाया गया।

# हरे प्रतिबंधित शीशम के पेड़ों पर चला आरा, जिम्मेदार खामोश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**लालगंज/रायबरेली** - लालगंज क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है।क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कटान धड़ल्ले से हो रही है।हरियाली पर आरा चलाकर लकड़कट्टे मालामाल हो रहे हैं।इसमें स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।वन विभाग पेड़ों की कटान रोकने में बेबस साबित हो रहा है।पेड़.काटने वालों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होने के कारण वन माफियाओं पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है,जिसके चलते जहां कभी घना जंगल हुआ करता था आज वहां पर अब ठूंठ ही नजर आते हैं।

एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां लालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरगपुर सौताना गांव में बेखौफ वनमाफियाओं ने लगभग आधा दर्जन हरे प्रतिबंधित शीशम के पेड़ों को काटकर जमींदोज कर दिया।लेकिन उन पर जिम्मेदारों द्वारा खबर लिखे जाने तक कोई ठोस कार्यवाही न किया जाना उनकी संलिप्तता की ओर इशारा करती है।अब देखना अहम होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या जिम्मेदारों की कुंभकर्णीय नींद टूटती है और कोई कार्यवाही होती है या नहीं,यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

आपको बता दें कि जनपद के लालगंज क्षेत्र में वनों की रखवाली का जिम्मा वन विभाग को सौंपा गया है।वन विभाग व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में वन माफियाओं द्वारा प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रतिबंधित नीम, आम, सागौन, जामुन, गूलर व महुआ जैसे हरे पेड़ों पर इलेक्ट्रिक आरा बेखौफ होकर चलाया जा रहा है।वहीं जिम्मेदार सिर्फ तमाशाई की भूमिका में नजर आ रहे हैं।क्षेत्रीय बताते हैं कि इन पेड़ों की कटाई से वन क्षेत्र को काफी नुकसान हो रहा है।

इन दिनों लालगंज क्षेत्र वन माफियाओं के लिए मुफीद जगह साबित हो रही है।क्षेत्र में अंधाधुंध अवैध पेड़ों की कटान हो रही है।जिम्मेदार अपना हिस्सा लेकर धृतराष्ट्र बने हुए हैं।उन्हें न तो अवैध पेड़ों की कटान दिख रही है,न ही सड़कों पर प्रतिबंधित लकड़ियों से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां और न ही इलेक्ट्रिक आरे की आवाज सुनाई दे रही है।अवैध कटान के एवज में मिलने वाली मोटी रकम ने जिम्मेदारों को अंधा और बहरा बना रखा है।कुल मिलाकर साहब के आशिर्वाद से लालगंज में वन माफियाओं का अवैध कटान का धंधा खूब फलफूल रहा है।

सूचना के बाद पुलिस वन विभाग व वन विभाग पुलिस को अवैध कटान का मुख्य जिम्मेदार बताकर पल्ला झाड़ लेता है।वहीं मीडिया के दखल के बाद भी जिम्मेदार वन माफियाओं को सहूलियत देते हुए छुटपुट कार्यवाही कर मामले में इतिश्री कर लेते हैं।यदि समय रहते जिम्मेदारों द्वारा लालगंज में अवैध कटान पर लगाम नहीं लगाई गई तो आगामी समय में परिणाम क्षेत्रीय व आमजनमानस के लिए भयावह होंगे।लालगंज में अवैध कटान का खेल जिम्मेदारों की मिलीभगत से बखूबी खेला जा रहा है।

विभागीय अधिकारी और पुलिस की मिलीभगत से काटे जा रहे प्रतिबंधित पेड़ बताते चलें कि सरकार भले ही वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए वृक्षारोपण जैसी योजनाओं पर करोड़ों खर्च कर क्षेत्र को हरा-भरा करने का लगातार प्रयास कर रही है।लेकिन लालगंज क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी और पुलिस की मिलीभगत के चलते ये योजनाएं सफल होना तो दूर यहां वर्षों पहले लगे हुए हरे भरे प्रतिबंधित वृक्ष अंधाधुंध काटे जा रहे हैं।वन माफिया बेखौफ होकर धरती के सुहाग को उजाड़ने में आमादा दिख रहे हैं।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर, की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रायबरेली:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज शामिल है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 07 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ेगा श्रृद्धा का सैलाब, इन प्रमुख शिव मंदिरों में लगेगा श्रृद्धालुओं का तांता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रायबरेली**-महाशिवरात्रि भगवान शंकर की विशेष आराधना की तिथि है। रायबरेली जनपद के कई ऐसे शिव मंदिर हैं, जहां मेला लगता है। इन मंदिरों की अपनी मान्यता है। यहां लोग दूरदराज से आकर पूजा अर्चना करते हैं। जिले की चारों दिशाओं में शिव मन्दिर स्थित हैं। महाशिवरात्रि पर यहां मेला लगता है। इन शिवालयों का इतिहास अपने आप में अनूठा है।

**मुगल शासक ने खंडित कर दी थी मूर्ति**

जगतपुर के टांघन गांव झारखंडेश्वर प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना होती है। इस मंदिर की मूर्ति को मुगल शासक ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। सुबह लोग जलाभिषेक व शाम को आरती करते हैं। पर्यटन विभाग ने मंदिर के सुंदरीकरण करने के लिए स्वीकृति दे दी है। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी है।

**जमींदार ने बनवाया बाल्हेश्वर मन्दिर**

**रेलकोच।** शिव मन्दिर बाबा बाल्हेश्वर मन्दिर का पौराणिक इतिहास है। यह स्वयम्भू शिव लिंग है। मन्दिर के मुख्य पुजारी झिलमिल महाराज का कहना है कि हमारे पूर्वज बताते थे कि ऐहार गांव के जमींदार परिवार के जानवर को रोज चरवाहा जंगल लेकर जाता था। उसी में एक गाय जंगल में एक जगह रोज अपना दूध स्वयं से गिरा देती थी। जमींदार परिवार को लगा चरवाहा दूध निकाल लेता है। एक दिन जब इसकी तलाश की गई तो देखा गया की गाय खुद से दूध गिरा रही थी। उसी दिन रात में जमींदार को स्वप्न आया की मेरा मन्दिर वहां बनवा दिया जाय। आज उसी स्थान पर शिव लिंग बाबा बाल्हेश्वर के रूप में स्थापित है।

**इसलिए नाम पड़ा तपेश्वर नाथ मंदिर**

फुरसतगंज के बहादुरपुर की ग्राम पंचायत पीढ़ी में स्थित बाबा तपेश्वर नाथ का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। शिवरात्रि पर दो दिवसीय मेला लगता है। यह शिवलिंग स्वयं प्रकट हुआ था। मंदिर परिसर में शनि देव का मंदिर पार्वती गुफा मनोकामना कलश व विशालकाय हनुमान मंदिर स्थापित है। पीढ़ी गांव निवासी रामू दीक्षित ने बताया कि यहां पर कई बार धनाढ्य लोगों ने छत डालने का प्रयास किया परंतु प्रत्येक बार छत ढह गई। तभी से इस स्थान का नाम तपेश्वर नाथ पड़ा।



**खुदाई में मिला था शिवलिंग**

सरेनी विकास क्षेत्र के पलटी खेड़ा गांव स्थित सिहोलेश्वर धाम श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि यह शिवलिंग मजदूरों को खुदाई में मिला था फिर इसे आम राय से यही स्थापित कर दिया गया। धीरे-धीरे कई श्रद्धालुओं ने मंदिर का निर्माण शुरू कराया। मंदिर के दक्षिण दिशा में एक पक्का तालाब भी है। यहां प्रत्येक सोमवार को सुबह से ही शिवलिंग की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। शिवरात्रि पर मंदिर में तिल रखने की जगह नहीं बचती है।

**इसलिए अचल रहा शिवलिंग**

लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरचंदपुर कस्बा से दक्षिण दिशा में सिरसा घाट मार्ग पर अचलेश्वर महादेव का भव्य मंदिर स्थित है। अकोहरी घनघोर जंगल में मिला स्वयंभू शिवलिंग अपने स्थान पर अचल रहा। तभी से शिवलिंग का नाम अचलेश्वर महादेव पड़ गया। रहवां रियासत के तत्कालीन राजा जगन्नाथ बक्श सिंह ने शिवलिंग को अपने राज महल ले जाने का हर संभव प्रयास लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जाता है शिवलिंग की खुदाई करने पर इसका आकार चौड़ाई में निरंतर और बढ़ता गया। पांच अरघा तक खुदाई करने के बाद जमीन के अंदर से पानी की धारा फूट पड़ी फिर भी शिवलिंग अपने स्थान से इधर-उधर नहीं हुआ। तब जन सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया। शिवरात्रि को बाबा के दरबार में कई दिन मेला लगता है।

**राजा ने कराया था निर्माण**

शिवगढ़ कस्बे से पूर्व दिशा में एक किमी दूर स्थित बाबा बरखंडी नाथ शिव मंदिर अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक है। इसका निर्माण राजा बरखंडी महेश प्रताप नारायण सिंह जू देव द्वारा कराया गया था। यहां प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। सावन के सोमवार व महाशिवरात्रि को दूर दराज से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

# मौलाना शहाबुद्दीन को सताई अब बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- कल महाकुंभ प्रयागराज में इस पर्व के परवी की आखिरी डुबकी
- कुंभ समाप्ति पर बोले कुंभ से बांग्लादेश के पीड़ित हिन्दूओं का मुद्दा उठाया जाना चाहिए

**बरेली** मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए मौलाना शहाबुद्दीन द्वारा प्रदेश, देश, विदेश के हर मुद्दे पर अपनी राय खुलकर परोसी जाती है, इसी के क्रम में मौलाना शहाबुद्दीन ने मीडिया को संबोधित करते हुए अपने शब्दों में बताया, हमें खुशी है कि महा कुम्भ मेला की व्यवस्था व इंतजामात मुख्यमंत्री योगी ने बहुत अच्छे अंदाज में की है, करोड़ों लोगों की व्यवस्था करना कोई मामूली काम नहीं है।

महा कुम्भ मेले से बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और ज़ुल्म व जायादती को उठाया जाना चाहिए, गत दिनों निर्वाचित प्रधानमंत्री शेख हसीना का कट्टरपंथीयो ने तख्ता पलट दिया था, और उन्हीं कट्टरपंथी आन्दोलन कारीयो ने मोहम्मद युनूस की सरकार बनवाई। जब से बंगलादेश में मोहम्मद युनूस की सरकार बनी है, तब से अल्पसंख्यक हिंदुओं पर ज्यादतीया हो रही है। जैसे-दुर्ग पंडालों में आग लगाना , मंदिरों में तोड़फोड़ करना, लोगों को मारना पिटना, इस कान मंदिर संस्था के सनातनी लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजना आदि मूद्दो पर महा कुम्भ मेले में चर्चा होनी चाहिए। साथ ही हो रही ज़ुल्म व जियादतीयो के खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए। भारत के मुसलमान बंगलादेश में हो रही घटनाओं पर चिंतित हैं, और ये उम्मीद रखते हैं दुनिया भर से आए हुए करोड़ों लोगों के दरमियान से कोई रिज़ूलेशन पास होगा, और बंगलादेश की युनूस सरकार को कोई सख्त पैगाम दिया जाएगा। चूंकि मोहम्मद युनूस कट्टरपंथीयो के हाथ का खिलौना बने हुए हैं, शेख हसीना के दौर में कट्टरपंथी लोगों की हिम्मते पस्त थी, और कोई भी आंदोलन चलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। इसी वजह से अल्पसंख्यक हिंदू सुरक्षित थे, मगर अब हालात ने बिल्कुल पलटा खाया है, इसलिए जरूरी है कि महा कुम्भ मेले के बड़े आयोजन से साधू संतो के जरिए पूरी दुनिया को अच्छा पैगाम जाएं।

## चार बच्चों की मां प्रेमी के साथ नगदी लेकर हुई फरार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घर में रखे नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गई। बच्चों के थाने पहुंचा पति आरोपी प्रेमी के खिलाफ दी तहरीर। कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की लगाई गुहार। मंगलवार थाना नखासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत निवासी महिला आयु लगभग 35 बर्ष जो की चार बचूकी मां है।अपने प्रेमी कोटा निवासी किशोर से पिछले एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।आपको बता दें की प्रेमिका के गांव में ही प्रेमी की बुआ रहती है।

प्रेमी का अपनी बुआ के घर पर आना जाना था। इसी बीच दोनों आपस में एक दूसरे से प्यार करने लगे।ओर एक दूसरे से फोन पर बात करने लगे।तीन दिन प्रेमिका अपने प्रेमी से फोन पर वीडियो कॉल बात कर रही थी। लेकिन इसी बीच उसका पति आ गया।ओर बात करते हुए पकड़ लिया। दोनों में आपस में विवाद हुआ। लेकिन उस समय तो सब शांत हो गए। मंगलवार को प्रेमिका का पति गांव में ही मजदूरी करने के लिए गया था।

ओर चारों बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ने के लिए गए थे। पति को काम नहीं मिला तो घर वापस आ गया।तो देखा की पत्नी घर पर नहीं है जिसको इधर-उधर काफी तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।बाद में पता चलिए की वह अपने प्रेमी के साथ चली गयी है।ओर घर में रखे 9500 रूपए व एक मोबाइल अपने साथ लेकर फरार हो गयी। पति अपने बच्चों के साथ थाने पहुंचा ओर आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पत्नी को सकुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है।

## अधिवक्ताओं ने उपनिबंधक कार्यालय एवं जिला कोषागार पर की तालेबंदी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के के आह्वान पर मंगलवार को संभल के अधिवक्ताओं ने विशाल जुलूस निकाल कर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को वापस लेना होगा अधिवक्ता इस काले कानून को लागू नहीं होने देंगे अधिवक्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि,सरकार अधिवक्ताओं से टकराने की कोशिश ना करे अन्यथा सरकार की विदाई तय है अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर उपनिबंधक कार्यालय एवं जिला कोषागार की तालेबंदी की इस दौरान मुख्य रूप से प्रदीप कुमार गुप्ता डॉ अमित कुमार उठवाल, मोह इस्लाम , मोह कामिल ताहिर हुसैन, शरद भारद्वाज, मोह जफर, अली सादिक , गुरुदत्त गुप्ता, उमर अल्वी, अरविंद सिंह, जितेंद्र कुमार मौर्य, सचिन कुमार, वाहिद सैफी, रवि चौधरी, गजनफर हुसैन अब्दुलरहमान , गजेंद्र सिंह, रामरहीस यादव आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## आल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड ने नायब तहसीलदार को सौंपा एक ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी। मंगलवार को आल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड द्वारा उप जिला अधिकारी अधिशासी अधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायाब तहसीलदार ललिता देवी के माध्यम से शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में दिया गया जिसमें बताया गया कि आगामी 1 मार्च से रमजान उल मुबारक का महीना शुरू हो रहा है ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग घरों में मस्जिदों में कसरत से इबादत करते हैं और रोजे रखते हैं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड मांग करता है की नगर में सफाई व्यवस्था बिजली पानी का माकूल इंतजाम किया जाए सुबह 4:00 बजे से 10:00 बजे तक शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक नगर को बिजली कटौती मुक्त रखा जाए इसके अलावा सुबह 4:00 बजे से 6:00 बजे तक वह शाम को 5:00 बजे से 9:00 तक पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखी जाए मस्जिदों के बाहर जो गंदगी है उसको सफाई की जाए ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से हाजी शाह आलम मंसूरी हाफिज मतीन अशरफी रियाज अहमद सभासद एम ए राणा मोहम्मद मुजीब परवेज आलम आदि लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के दो आरोपियों को आजीवन कारावास व प्रत्येक पर 1,15,000 अर्थदण्ड से किया दण्डित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 475/2014 धारा 363/34/366/376घ भादवि व ळ पॉक्सो एक्ट, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना बनियाठेर जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त तसलीम, नदीम निवासीगण ग्राम औरगपुर सिलेटा थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल को न्यायालय पॉक्सो कोर्ट-03 जनपद मुरादाबाद द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को मुकदमा उपरोक्त मे दोष सिद्ध करते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 1,15,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सजा कराये जाने में भूकन सिंह व एमपी सिंह ए.डी.जी.सी. तथा पैरोकार का0 मलय गुरू, कोर्ट मोहर्रिर म० हे0का0 जगजीत कोर, है0का0 परमसैन का सराहनीय योगदान रहा।

## चेकिंग के नाम पर धन वसूली का लगाया आरोप, उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। संभल के राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति अराजनेतिक के द्वारा चंदौसी उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें किसानों ने यातायात प्रभारी मानसिंह व उनके यातायात पुलिस कर्मियों पर किसानों व आम जनता को चेकिंग के नाम पर परेशान करने व धन वसूली करने का आरोप लगाया जिससे किसानों में भारी आक्रोश और किसानों ने मांग की है वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की समस्या का जल्द समाधान किया जाये इस दौरान रामेश्वर दयाल राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान सेवा समिति राजनैतिक, मंगल सैनी सचिव, देशपाल सिंह मौर्य,अतर सिंह प्रिंस,अजय कुमार आदि किसान साथी मौजूद रहे '

## पीआरवी पुलिस ने समय से अस्पताल पहुँचाकर व्यक्ति की बचाई जान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल । मंगलवार को थाना कैलादेवी में संचालित यूपी-112,पुलिस,पीआर-वी-UP32DG1429 को समय 10.42 बजे इवेंट प्राप्त हुई, जिसमे कॉलर विशेष पुत्र बिजेन्द्र निवासी चाचू नंगला नीयर हरिओम ढाबा थाना कैलादेवी जनपद सम्भल ने बताया कि मेरी खाद की दुकान पर ट्रक से खाद उतारते समय एक व्यक्ति 11000 की बिजली की लाईन से करंट लगने से बेहोश हो गया है तथा हालत गम्भीर है, तत्काल पुलिस सहायता चाहिए। उक्त इवेंट पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल त्वरीत गति से कार्यवाही करते हुए मात्र 1.5 मिनट में घटनास्थल चाचू नंगला चौराहा विशेष खाद भण्डार की दुकान थाना कैलादेवी जनपद सम्भल पर पहुँचे तो देखा की एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में जमीन पर पडा हुआ है। जिसका नाम महावीर पुत्र स्वराज निवासी सकरपुर थाना कैलादेवी जनपद सम्भल है जिसकी हालात गम्भीर है, इस सम्बन्ध में पीआरवी कर्मियों ने तत्काल संबंधित थाना कैलादेवी व फ्छक्ढ कन्ट्रोल रूम जनपद सम्भल को अवगत कराते हुए अपनी सूझबूझ से बिना देरी किए व्यक्ति को पीआरवी द्वारा ले जाकर सीएचसी सम्भल में भर्ती करा कर जान बचायी गयी। यूपी-112 पुलिस के इस सराहनीय कार्य ने उ0प्र0 पुलिस की छवि को गौरवान्वित किया है, जिसकी जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा परिवारजनों ने कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी / नोडल अधिकारी यूपी-112 जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन गणेश कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 रेनू सिंह के नेतृत्व में उक्त सूचना ।

# शिव शंकर की विशाल रूप वाली कांवड़ यात्रा में विशाल भंडारे का आयोजन

कावंड़ियों के स्वागत में जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं।शिविर में बिस्तर भी बिछाए गए हैं।जिससे कावंड़ियों को थकान हो तो वह आराम कर सकें

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा मनीष**










चन्दौसी । मंगलवार को बबराला रोड ललतेश फिलिंग स्टेशन रोड पर भंडारे का हुआ आयोजन ,भोले नाथ के भक्तों की सेवा में विशाल भंडारा आयोजन में शामिल रहे , कपिल गुप्ता , ओएलएफ में मन्दिर पर भी प्रसाद वितरण किया गया तथा शहर में कई जगह भंडारे हो रहे हैं। जिसमें फल, लजीज व्यंजन के अलावा खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। रास्ते में सुपाच्य और हल्का भोजन ही ले रहे हैं। पानी ज्यादा पीते हुए चल रहे हैं।कंधे पर शिव की मूर्ति लेकर गुजरते कांवड़िये कंधे पर भोले को साथ लेकर चल रहे कांवड़िये रथ के रूप में कावंड़ को खींचकर ले जा रहे थे। शिव शंकर की विशाल रूप वाली कांवड़ भी कंधों पर लेकर भोले चल रहे थे अक्रूर जी पुरम हरिमोहन वन्टी मास्टर ग्रुप मोहल्ले वासियों ने बनाई थी आकर्षण का केंद्र रही ।राजघाट से चंदौसी 48 किलोमीटर तक डोली के रूप में भी कांवड़ दिखी। जिसको आगे और पीछे छः कावंड़िए कंधे पर रखकर चल रहे हैं। भोलेनाथ का विशाल रूप कांवड़ के साथ भोले के भक्त आ रहे हैं। यह कांवड़िए अपने-अपने गांव और मुहल्लों में कांवड़ ले जाकर महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।चंदौसी रोड कांवड़ियों से शिवमय हो गया। एक के पीछे एक बेड़ा आता नजर आया। सभी कावंड़ियों के पैरों में घुंघरू बंधे थे। छन-छन की आवाज सुनकर राहगीरों का ध्यान पैरों की और गया तो उनमें भी भक्ति भाव बढ़ गया।पैरों में घुंघरू, कंधे पर भोले की कांवड़ और डीजे पर भक्ति गीतों पर झूमते, नाचते जाते कांवड़िए। आगे-आगे डीजे और पीछे से कांवड़ियों के बेड़े भोले के गीतों पर मस्त मुस्कान के साथ बढ़ रहे थे। महिलाएं भी कांवड़ लेकर आ रही है। वह भी तेज कदमों से चल रही थीं। किशोरों के कंधे पर भी कांवड़ थी। उनकी कांवड़ थोड़ी छोटी बेशक थी। लेकिन, उत्साह व उल्लास भरा हुआ था।नाचते हुए चल रहे शिवभक्त।राजघाट , बबराला , बहजोई, मझावली, चन्दौसी , बिसौली कुढफह-ेहगढ़ , वेरनी सीता आश्रम समेत कई क्षेत्रों के कावंड़िए गुजरे। कावंड़ियों के स्वागत में जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं। अद्भुत कांवड़ के दर्शन कांवड़ियों के कंधे पर अद्भुत कांवड़ थी।कंधे पर भोले की मूर्ति रखकर कांवड़ियां गुजरा तो सभी की नजरें बरबस ही घूम गईं। कांवड़िए को शिविर में भी रोककर सेवा की गई। पैरों की मालिश की और पानी, जूस और भोजन भी कराया। विशाल भंडारा आयोजन में शामिल रहे , कपिल गुप्ता ओएलएफ , दिनेश प्रेमी, योगेश वार्ष्णेय ,नवलेश वार्ष्णेय , पुलेन्द्र सिंह यादव , रवि शर्मा , पुष्पेंद्र ठाकुर ,मनीष शर्मा ,कौशल किशोर आदि लोगों ने भाग लिया ।

## प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**नैशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ,आठवले,की ओर नगर के मोहल्ला हातिम सराय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के सम्भल आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया है,जिसके बाद समिक्षा बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पँहुचाने का आहवान करते हुए पार्टी को मजबूत बनाये रखने का लक्ष्य रखा है ,इस मौके पर अध्यक्षता जिला अध्यक्ष समीर पाशा व संचालन रामजीमल आजाद ने किया है ,बैठक में जिला उपाध्यक्ष जुबेर अल्वी, तौफीक, खालिद, रागिब, सलीम मालिक, आदि मौजूद रहे।

प्रभारी सचिव ने तहसीलदारों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का हो निस्तारण : अर्चना सिंह

**राहुल सक्सेना ,मुनीश शर्मा**



चंदौसी। मंगलवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा बताया गया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 08.03.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार मंगलवार दिनांक- 25.02.2025 को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक तहसीलदार चंदौसी, संभल एवं गुन्नौर के साथ आयोजित की गयी एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक से वादों के निस्तारण करने पर अधिक बल दिया। तथा न्यायालय के बाहर विवादों का सुलह-समझौते से निपटारा करने जिससे की निष्पक्ष और सरल न्याय प्रदान किया जा सके। संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवादों का लोक अदालतों द्वारा व्यापक और प्रभावी ढंग से समाधान करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नायब तहसीलदार गुन्नौर, सारा अशरफ, नायब तहसीलदार चंदौसी, ललिता देवी, नायब तहसीलदार संभल, अरविन्द कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

## डीएम और एसपी ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मार्गो का भ्रमण कर किया निरीक्षण

### जिलाधिकारी वं पुलिस अधीक्षक ने महादेव मन्दिर बेरनी में महादेव के दर्शन भी किये

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




सम्भल। 25 फरवरी 2025 ,26 फरवरी 2025 को महा शिवरावि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्राचीन मंदिर सादातवाड़ी बहजोई एवं प्राचीन मंदिर बेरनी रतनपुर चंदौसी के मंदिर एवं मार्गों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपने सामानों को अपनी दुकान के अन्दर ही रखें पटरियों पर न रखें ताकि जाम की स्थिति न उत्पन्न हों। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्गों की साफ सफाई कराते हुए चूने का भी छिड़काव समय से करा लिया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि लटके हुए विद्युत तारों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं मार्गो पर अतिक्रमण हो तो सम्बन्धित थाना एवं संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से मार्गों से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि काफी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने मंदिर आएंगे इसको विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती की जाए।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महादेव मन्दिर बेरनी में महादेव के दर्शन भी किये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल सहित समस्त संबंधित ग्राम प्रधान मंदिर के पुजारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ में चलायी जा रही योजनाओ से कराया रूबरू

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

जनपद संभल। मंगलवार को चंद्रभूषण जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण के दिशानिदेर्शानुसार दिनांक 07.02.2025 से 31.03.2025 तक होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत मंगलवार 25 फरवरी को तहसील चन्दौसी के राजेश कुमार सरस्वती इण्टर कॉलेज, चन्दौसी में आउटरीच कार्यकर्ता सपना ने सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता प्रदान करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत समस्त छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी समस्त छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सभी हेल्पलाइन नंबर्स 181, 1090, 1076, 112, 108, 1098 के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से आउटरीच कार्यकर्ता सपना व विद्यालय से प्रधानाचार्य, भूपाल सिंह शास्त्री, सहायक अध्यापिका, आकृति शर्मा, सहायक अध्यापिका, अनुपम शर्मा व समस्त छात्राएं वं आदि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य ने शिव मंदिर पर लगाया एक स्वास्थ्य कैंप



**नैशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

सम्भल। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य नरौली के स्वास्थ्य टीम द्वारा शिव मंदिर बेरनी पर एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है कांवरिया भक्तगण के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है जिसमें कांवरिया एवं आम आदमी के लिए बुखार थकान बदन दर्द लूज मोशन छोटी-मोटी इंजरी चोट आदि का प्राथमिक उपचार निशुल्क किया जा रहा है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली। स्वास्थ्य टीम डॉ दीप कुमार, डॉ मुकेश कुमार एवं वार्ड बाय अमित कुमार आदि सम्मिलित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 408 जोडों का विवाह हुआ सम्पन्न

### 326 ने लिए फेरे, 82 ने किया निकाह कबूल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




बहजोई सम्भल। मंगलवार को तिनेज कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद सम्भल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बडा मैदान निकट कलक्ट्रेट परिसर, बहजोई जनपद सम्भल में 408 जोडों का सामूहिक विवाह समाज के प्रत्येक जाति वर्ग समुदाय तथा उनके सामाजिक / धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/ रीति-रिवाज, सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता की सदभावनाओं के साथ सम्पन्न हुआ। इस समारोह में खण्ड विकास अधिकारी, असमौली से 87, खण्ड विकास अधिकारी, बहजोई से 39, खण्ड विकास अधिकारी, बनियाखेडा से 63, खण्ड विकास अधिकारी, गुन्नौर से 11, खण्ड विकास अधिकारी, जुनावई से 20, खण्ड विकास अधिकारी, पंवासा से 69, खण्ड विकास अधिकारी, रजपुरा से 28, खण्ड विकास अधिकारी, सम्भल से 62 तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चन्दौसी से 11, नगर पालिका परिषद, बहजोई से 08, नगर पालिका परिषद, सम्भल से 08, नगर पंचायत बबराला से 02, नगर पंचायत गवों से 02, नगर पंचायत गुन्नौर से 02 नगर पंचायत नरौली से 09 एवं नगर पंचायत सिरसी से 07 इस प्रकार (हिन्दू 326/ मुस्लिम 82) कुल 408 जोडों का सामूहिक विवाह उनके सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/ रीति-रिवाज के अनुरूप कराया गया। इस दौरान कार्यकम में मुख्य अतिथि डॉ. अनामिका यादव अध्यक्ष जिला पंचायत जनपद सम्मल, हरेन्द्र सिंह 'रिंकू' जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, परमेश्वरी लाल सैनी, पूर्व एम.एल.सी., डॉ. राजेन्द्र पैसिया जिलाधिकारी सम्भल, कृष्ण कुमार विश्नोई, पुलिस अधीक्षक सम्मल, गोरखनाथ भटट् मुख्य विकास अधिकारी सम्भल, दीपक चौधरी डिप्टी कलेक्ट्रर, परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए. सम्मल, जिला विकास अधिकारी सम्भल, जिला पंचायत राज अधिकारी सम्मल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सम्मल, जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी सम्मल, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सम्मल, वाट माप निरीक्षक सम्मल, जिला प्रोबेशन अधिकारी सम्भल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सम्मल, जिला पूर्ति अधिकारी सम्भल, जिला सूचना अधिकारी सम्मल, समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद सम्भल, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत जनपद सम्मल, तिनेज कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी, सम्भल एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

## संपादकीय

# एक त्रासद तबाही का युद्ध

**24 फरवरी** को रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन युद्ध अभी जारी है। रूस ने ऐसे प्रतिरोध की कल्पना भी नहीं की होगी। हालांकि अब समझौते, शांति और संवाद की एकतरफा कोशिशें भी की जा रही हैं। अमरीका-रूस के विदेश मंत्री स्तर के प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब में बातचीत की है। यूक्रेन और यूरोप को इस संवाद से बाहर ही रखा गया है। क्या यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्र अस्तित्व को नकारा गया है? क्या यूक्रेन की सहमति के बिना कोई युद्ध-समझौता हो सकता है? यूक्रेन का संकट बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अमरीका में राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तासीन होने के बाद उसने यूक्रेन की मदद करने से साफ इंकार कर दिया है। यूरोप अब यूक्रेन की सैन्य, आर्थिक मदद को लेकर विभाजित हो गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का सरोकार इतना है कि शांति स्थापित हो और यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाया जाए, तो वह राष्ट्रपति पद छोडने को तैयार हैं। रूस का साम्राज्यवादी रुख रहा है। इसी आधार पर उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर युद्ध छेड़ा था। रूस की सोच है कि यूक्रेन को संप्रभु देश होने का कोई अधिकार नहीं है। तो फिर इस युद्ध का निष्कर्ष क्या होगा? हमारा मानना है कि इस युद्ध में न तो कोई विजेता है और न ही कोई पराजित है। बल्कि रूस-यूक्रेन दोनों ही हारे हैं, क्योंकि दोनों ही देशों में विध्वंस, तबाही व्यापक स्तर पर हुई है। दोनों ही देशों को यह अनुभव हो गया होगा कि युद्ध की परिणति क्या होती है? युद्ध भी एक नए किस्म की निरंतर राजनीति का प्रतिरूप है। इस संदर्भ में ट्रंप, पुतिन, मोदी और यूरोपीय देश अपनी राजनीति के मोहरे चल रहे हैं।

बहरहाल यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक त्रासद् तबाही वाला युद्ध साबित हुआ है। तबाही रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों में हुई है। दोनों के करीब 2.5 लाख लोग मारे गए हैं। उनमें अधिकतर सैनिक थे। करीब 68.5 लाख यूक्रेनी शरणार्थी यूरोपीय देशों में हैं। करीब 1 करोड़ यूक्रेनी बेघर हुए हैं। उसके 8 लाख सैनिक घायल बताए जा रहे हैं। उनका इलाज कैसे होगा? बेघर होने वालों में करीब 20 लाख बच्चे भी हैं। यूक्रेन का 20 फीसदी जमीनी हिस्सा खो चुका है। 2024 में यूक्रेन का 4168 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र रूस ने कब्जा लिया। यूक्रेन के 10 बड़े शहर 'खंडहर' हो चुके हैं। रूस को भी कुल 109 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उसके 20 से अधिक पोत यूक्रेनी हमलों के कारण 'काला सागर' में डूब चुके हैं। रूस के बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि भी तबाह हुए हैं। युद्ध के कारण ही रूस के औसत जीवन-स्तर में 35 फीसदी की गिरावट आई है। तो किस आधार पर रूस खुद को युद्ध का विजेता घोषित कर सकता है? बेशक युद्ध को समाप्त कराने के प्रयास प्रधानमंत्री मोदी के अलावा राष्ट्रपति ट्रंप ने भी किए हैं, लेकिन ट्रंप 'शांति का नोबेल पुरस्कार' हासिल करने के मद्देनजर ऐसे भेदभावपूर्ण प्रयास न करें। संवाद की मेज पर दोनों देशों के प्रतिनिधि उपस्थित होने चाहिए। इस युद्ध ने विश्व की 'सप्लाई चेन' को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूस-यूक्रेन गैस और गेहूं उत्पादन के सर्वोच्च देश हैं। गैस सप्लाई नहीं की गई, तो यूरोप कंपकंपाया है। गेहूं की आपूर्ति नहीं हो सकी, तो गरीब, पिछड़े देशों में खाद्य-संकट उभरा है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्था भी गिरी है। रूस और यूक्रेन में धार्मिक, जातीय, नस्लीय, सांस्कृतिक समानताएं हैं। युद्ध में दोनों ही देश पराजित हुए हैं, क्योंकि उनकी संस्कृति छलनी हुई है। युद्ध की विभीषिकाओं पर आत्ममंथन हो।


**महाशिवरात्री 26 फरवरी पर विशेष**

# जनवादी नाथ भोलेनाथ



के. विक्रम राव

> करोड़ों के परमाराध्य, लोकवल्लभ शिव कलातीत कल्याण कल्पान्तकारी तो हैं ही, वे अवघड़दानी भी हैं। कनक महामणियों से भूषित शंकर सही मायने में समतावादी है। आज के समाजवादियों से कहीं अधिक वस्तुनिष्ठ और सत्यवादी हैं। हालांकि वे अतुलनीय हैं फिर भी हिन्दुओं के तैतीस करोड़ देवताओं के परिप्रेक्ष्य में वे भिन्न हैं, विलक्षण हैं। मसलन परस्पर विरोधी विचार और कार्य को संग लाने और समरस बनाने में शिव माहिर है। संहारक है, संवारते भी हैं।



अगर कार्ल मार्क्स ने औघड़, राख रचाये, बाघचर्मधारी, अर्धनग्न, श्मशानवासी अनासक्त वैरागी महादेव की मात्र फोटो देख ली होती तो वे कभी न लिखते कि आस्था या अकीदा आमजन का अफीम है। करोड़ों के परमाराध्य, लोकवल्लभ शिव कलातीत कल्याण कल्पान्तकारी तो हैं ही, वे अवघड़दानी भी हैं। कनक महामणियों से भूषित शंकर सही मायने में समतावादी है। आज के समाजवादियों से कहीं अधिक वस्तुनिष्ठ और सत्यवादी हैं। हालांकि वे अतुलनीय हैं फिर भी हिन्दुओं के तैतीस करोड़ देवताओं के परिप्रेक्ष्य में वे भिन्न हैं, विलक्षण हैं। मसलन परस्पर विरोधी विचार और कार्य को संग लाने और समरस बनाने में शिव माहिर है। संहारक है, संवारते भी हैं। एक बार वे पार्वती को अमरता का रहस्य बता रहे थे। दो गणों ने सुन लिया। भोलेनाथ रूष्ट हो गये। शाप दे डाला कि विहंगम योनि में जाओ। दोनों कबूतर बनकर अमरनाथ की गुफा में आ गये। आज भी दिखते हैं। कामदेव का किस्सा सर्वविदित है। मगर रति के आंसू से पिघलकर पति को प्रद्युम्न के रूप में शंकर ने नवजीवन दिया। पुष्पों में बसा दिया। सांप आया शरण में गरूड से आतंकित हो कर। उसे गले से चिपटा लिया और जब भी विष्णु मिलने आये तो दिखा दिया कि शरणागत पूर्णतया महफूज है। बाबा भोले इतने कि जिससे खुश हुए तो उसे ऊंचा कर दिया। आशुतोष कहलाते है, शीघ्र प्रसन्न हो जाने वाले। भस्मासुर की कहानी याद कीजिए। अगर विष्णु बचाने अवतरित नहीं होते तो बम शंकर हो जाते। अब लौटे उस मार्क्सवादी परिभाषा पर कि शिव क्या सर्वहारा के अधिक प्रिय हैं। गांजा भांग जिसका आहार हो, भूतप्रेत जिसके संगीसाथी हों, तन ढकने के पर्याप्त परिधान भी न हो। ऐसे व्यक्ति को कौन सरमायेदार कहेगा? राजमहल की जगह श्मशान, सिंहासन के बजाय बैल, सर पर न किरीट, न आभूषण। बस भभूत और सूखी लटे-जटायें। शिव गरीब नवाज है। महात्मा गांधी भी आधी धोती पहनते थे क्योंकि साधारण जन के समीप थे, बाबा भोलेनाथ की भांति। विजयवाड़ा के गांव में 1921 में बापू ने एक किसान को घुटने तक मटमैली, फटी धोती पहने देखा और बस उसी दिन से तय कर लिया था कि जब तक हर भारतीय को तन ढकने का कपड़ा पूरा नहीं मिलेगा गांधीजी भी अधनंगे रहेंगे। जोड़कर देखिए लीला पुरूषोत्तम द्वारकाधीश वासुदेव श्रीकृष्ण के पीताम्बर को, मर्यादापुरूषोत्तम अवधपति दशरथनन्दन राम के रत्नजटित वस्त्रों को और प्रचण्ड, प्रगल्भ शिव के बाघाम्बर से। बस यही अदा कैलाशपति की है जो मनमोह लेती है।

आज के संदर्भ में शिव मेरी राय में समस्त जम्बू द्वीप के एकीकरण के महान शिल्पी है। जब भाषा, मजहब, जाति और भूगोल को कारण बनाकर भारत को सिरफिरे हिन्दू तोड़ रहे हों तो याद कीजिए कैसे सती के शरीर के हिस्सों को स्थापित कर शक्तिपीठों का गठन हुआ तथा समूचा राष्ट्र-राज्य एक सूत्र में पिरोया गया। उधर पूर्वोत्तर में गुवाहाटी की कामाख्या देवी से शुरू करे तो नैमिष में ललितादेवी और उत्तरी हिमालय तक सारा भूभाग जो प्रदेशों और भाषाओं के नाम से अलग पहचान बनाये है, एक ही भारतीय गणराज्य के भाग हैं। भले ही तमिलभाषी आज उत्तरी श्रीलंका के हमराही लिट्टेवालों से हमदर्दी रखते थे। और हिन्दीभाषियों को दूर का मानते रहे, रामेश्वरम में उपस्थित शिवलिंग इन दो सिरों को जोड़ता है। आज के राजनेता दावा करें, दंभ दिखायें, मगर सत्यता यह है कि अयोध्या के राम ने सागरतट पर शिव को स्थापित कर भारत की सीमायें निर्धारित कर दीं। एक बात की चर्चा हो जाय। रेत का शिवलिंग बनाकर राम ने उसमें प्राण प्रतिष्ठान करने हेतु उस युग के महानतम शिवभक्त, लंकापति दशानन रावण को आमंत्रित किया गया। रावण द्विजश्रेष्ठ था मगर पुत्र मेघनाथ ने पिता को मना किया कि वे शत्रु खेमें में न जायें। प्राणहानि की आशंका है। पर रावण ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानून और युद्ध नियमों के अनुसार निहत्थे पर वार नहीं किया जाता है। रामेश्वरम का महज धार्मिक महत्व नहीं हैं। कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक भी है। छः सदियों पूर्व गोस्वामी तुलसीदास ने लिखाः "जो रामेश्वर दरसु करिहहिं, ते तनु तजि मम लोक सिधारहि।" इतना बड़ा आकर्षण है कि गंगाजल को रामेश्वरम में अर्पित करे तो मोक्ष मिलेगा। अतः निर्लोभी और विरक्त हिन्दु भी दक्षिण की यात्रा करना चाहेगा। गोस्वामी जी की एक काव्यमय पंक्ति ने राष्ट्रीय एकीकरण और शैव-वैष्णव सामंजस्य में इतना गजब का कार्य कर डाला जिसे न भारत सरकार ने और न तो किसी संगठन ने कभी किया हो।

शिवलिंग से आशय लक्षणों से भी है। शिवालय में जानेआने की कोई पाबंदी नहीं है जो अन्य मंदिरों में होती है। न छुआछूत, न परहेज और न कोई अवरोध। सब शिवमय है। शिव एक आदर्श गृहस्थ हैं। पार्वती ने कठिन तपस्या से उन्हें पाया और सम्पूर्ण प्यार भी हासिल किया। केवल एक पत्नीव्रती है शिव तथा उनके केवल दो पुत्र है। बड़ा नियोजित, सीमित कुटुम्ब है। अन्य उदाहरण भी हैं। यशोदानन्दन की तीन पत्नियों और राधा तथा हजारों गोपिकायें अलग से सखा थीं। अयोध्यापति ने तो धोबी के प्रलाप के आधार पर ही महारानी को निर्वासित कर दिया था। नारी को सर्वाधिक महत्व शिव ने दिया जब पार्वती को अपने बदन में ही आधी जगह दे दी। अर्धनारीश्वर कहलाये। लेकिन एक शिकायत शिव से उनके पुत्र कार्तिकेय ने की जब वर्चस्व और स्नेह का मसला उठा। शिव ने कहा कि पृथ्वी लोक की जो परिक्रमा पहले करेगा उसे पारितोष मिलेगा। बेचारे कार्तिकेय स्पर्धा के नियम मानकर अपने पक्षी-वाहन पर निकल चले। उधर मूषक पर सवार स्थूलकाय गणेश ने शिवपार्वती की परिक्रमा कर तर्क के आधार पर भाई को हरा दिया। शायद गणेश के प्रति पिता शिव को अधिक सहानुभूति रही थी। आखिर माता की आज्ञा पालन करने के अंजाम में उसका सर काट दिया गया था। हाथी का सर लगाना उस दौर की पहली आर्गन ट्रांसप्लान्ट सर्जरी (अवयव निरोपण पद्धति) थी।

## 26 फरवरी :इतिहास की अहम घटनाएं

1946 फ़िनिश पर्यवेक्षकों ने 'भूत रॉकेट' के रूप में ज्ञात अज्ञात उड़ने वाली वस्तुओं की पहली दृष्टि की सूचना दी, जिन्हें अभी तक सकारात्मक रूप से पहचाना नहीं गया है।

1952 विन्सेन्ट मैसी ने कनाडा के पहले गवर्नर-गवर्नर जेनरल के रूप में शपथ ली।

1958 पाकिस्तान के कोट दी जी सिंध प्राप्त के स्थान पर एक प्राचीन सभ्यता के अवशेष बरामद हुए जो मोहनजोदड़ो की सभ्यता से भी लगभग तीन सौ वर्ष पुराने थे।

1991 ब्रिटिश कंप्यूटर प्रोग्रामर टिम बर्नर्स-ली ने वर्ल्डवाइडवेब, दुनिया का पहला वेब ब्राउजर और WYSIWYG HTML एडिटर पेश किया।

1993 न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमले में छह लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हो गए।

1995 व्यापारी निक लेसन द्वारा सिंगापुर में नुकसान के बाद, बैरिंग्स का लंदन वित्त घर ढह गया।

1995 लंदन में सबसे पुराना मर्चेंट बैंक, बारिंग्स बैंक, सिंगापुर में अपने प्रमुख डेरिवेटिव व्यापारी निक लेसन से टकराव के बाद वायदा कारोबार पर अनधिकृत सट्टा व्यापार करते हुए 827 मिलियन पाउंड का नुकसान हुआ।

1997 दुनिया को बदलें बेबीफेस, बेक और लेनन रोमिस ने 39 वें ग्रैमी पुरस्कार जीते।

1998 न्यू यॉर्क आइलैंडर्स की बिक्री स्टीवन, एम ग्लुकस्टर्न द्वारा पूरी की जाती है।

1998 वेनेजुएला - प्रशांत महासागर में पूर्ण सूर्य ग्रहण (4m09) देखा गया।

1999 पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकार्ड बनाया।

2001 क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन हुआ।

2003 लंदन कंजेशन चार्ज योजना शुरू की गयी।

2004 मैसेडोनिया के राष्ट्रपति बेरिस ट्रेज कोवस्की की विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई।

2007 नेपाल सरकार द्वारा नरेश की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करने की घोषणा हुई।

2008 कोरियाई युद्ध के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका से उत्तर कोरिया की पहली महत्वपूर्ण सांस्कृतिक यात्रा में, न्यूयॉर्क फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा ने पूर्वी प्योंगयांग ग्रैंड थियेटर में प्रदर्शन किया।

2009 कोसोवो युद्ध के दौरान, सर्बिया के पूर्व राष्ट्रपति मिलन मुलुतिनोविच युद्ध संकट से बरी हो गए।

2010 आत्मघाती हमलावरों द्वारा किए गए हमलों की संख्या के कारण अफगानिस्तान के काबुल में 17 लोग मारे गए।

2011 कनाडाई राजनेता क्रिस्टी क्लार्क, ब्रिटिश कोलंबिया बैलट की लिबरल पार्टी जीतने के बाद ब्रिटिश कोलंबिया की प्रमुख बनने वाली दूसरी महिला बनीं।

2012 दुनिया का समाचार जो फोन हैकिंग विवाद के कारण बंद हो गया है उसे नए सहयोग से ₹रविवार को सूरज₹ से बदलने की घोषणा की गई है।

2013 अमेरिका, चीन, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन के प्रतिनिधियों के साथ ईरान के अधिकारी ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा करते हैं।

2014 इस महीने की शुरुआत में सामूहिक बर्बरता की घटना के बाद, जिसने सैकड़ों पुस्तकालय प्रणाली की मौजूदा प्रतियों को नष्ट कर दिया, ऐनी फ्रैंक से संबंधित 300 से अधिक पुस्तकों को इज़राइल के दूतावास द्वारा टोक्यो पुस्तकालयों को दान कर दिया गया। पुलिस अभी भी इसके बारे में निवेश कर रही थी।

## समसामयिक

# कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली: शुभ संकेत



ऋषभदेव शर्मा

**भारत** और चीन ने एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम के तहत कैलास मानसरोवर यात्रा को 2025 की गर्मियों में फिर से शुरू करने और नई दिल्ली से बीजिंग के लिए सीधी उड़ानों को बहाल करने की घोषणा की है। यह निर्णय जोहान्सबर्ग में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की मुलाकात के बाद लिया गया। यह पहल 2020 में गलवान घाटी संघर्ष के बाद से तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित कैलास पर्वत और मानसरोवरो झील विभिन्न धर्मों के लिए अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान है, और मानसरोवर झील का जल अमृत तुल्य माना जाता है, जिसे पीने से सभी पापों का नाश हो जाता है। बौद्ध धर्म में इसे मेरु पर्वत के रूप में देखा जाता है, जो ब्रह्मांड का केंद्र माना जाता है। जैन धर्म के अनुयायियों के लिए यह वह स्थान है जहाँ पहले तीर्थंकर ऋषभदेव को मोक्ष प्राप्त हुआ था। हर साल हजारों श्रद्धालु इस यात्रा में भाग लेते हैं, जो उन्हें आध्यात्मिक शांति और आत्मिक संतुष्टि प्रदान करती है।

कैलास मानसरोवर यात्रा और सीधी उड़ानों की बहाली हाल के दिनों में भारत-चीन संबंधों में आए सुधार का संकेत है। अक्टूबर 2024 में सीमा विवाद के कुछ अहम बिंदुओं पर समझौते के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कज़ान, रूस में एक बैठक की थी, जिसने सहयोग के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद, जनवरी 2025 में विदेश सचिव स्तर की बातचीत हुई, जिसमें दोनों देशों ने आपसी संबंध सुधारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक घोषणा संभव हो सकी।

कहना न होगा कि कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जड़ों से फिर से जुड़ने का अवसर देगी और भारत व चीन के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। इस यात्रा से तिब्बत और भारत-नेपाल के ट्रांज़िट मार्गों पर स्थित स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन, होटल, ट्रांसपोर्ट और अन्य संबंधित क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। यही नहीं, भारत और चीन के बीच बढ़ती तनातनी के बीच इस यात्रा का फिर से शुरू होना, आपसी विश्वास को बहाल करने और कूटनीतिक वार्ता को मजबूती देने में सहायक होगा। यह अन्य विवादों को सुलझाने के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण बन सकता है। याद रहे कि सांस्कृतिक और धार्मिक यात्राएँ न केवल संबंध सुधारने में मदद कर सकती हैं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और शांति स्थापित करने में भी योगदान दे सकती हैं।

अतः यह घोषणा उत्साहजनक है। हाँ, कुछ चुनौतियों से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे पहले तो, यात्रा की सफलता के लिए उचित बुनियादी ढाँचे, चिकित्सा सुविधाओं और संचार व्यवस्था की जरूरत होगी। दूसरे, ऊँचाई वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को देखते हुए, दोनों सरकारों को यात्रियों के लिए विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने होंगे। तीसरे, कैलास मानसरोवर क्षेत्र का इको-संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यात्रा को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना आवश्यक होगा, ताकि इसका दीर्घकालिक प्रभाव नकारात्मक न हो।


कुल मिलाकर, कैलास मानसरोवर यात्रा और भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानों की बहाली दोनों देशों के बीच एक नई शुरूआत का प्रतीक है। यह निर्णय न केवल आध्यात्मिक यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत है, बल्कि सांस्कृतिक, आर्थिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी काफ़ी अहम साबित हो सकता है। इसी के साथ, आप सबको महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ!

# भूतनाथ मंदिर : जहां चिता की आग से होती है भोलेनाथ की आरती

सीमा गुप्ता, कोलकाता

**शिवरात्रि (26 फरवरी) पर विशेष**

वैसे तो उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती होती है और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में भी आरती के लिए चिता की अग्नि का इस्तेमाल किया जाता है। भगवान शंकर के ये दोनों ही मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग में शामिल हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त अगर देश में कोई अन्य ऐसा शिवालय है जहां आरती की ज्योत प्रज्जवलित करने के लिए जलती हुई चिता की लकड़ी का सहारा लिया जाता है वह मंदिर है कोलकाता के नीमतल्ला घाट के समीप बना बाबा भूतनाथ मंदिर। जी हां, बाबा भूतनाथ मंदिर भले ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में शामिल न हो, बावजूद इसके शिवभक्तों की अटूट आस्था और विश्वास का केंद्र है। जानकारों के मुताबिक मंदिर करीबन सवा तीन सौ साल पुराना है, जिसकी स्थापना नीमतल्ला श्मशान घाट पर रहने वाले एक अघोरी बाबा ने की थी। शुरुआती दिनों में मंदिर के नाम पर केवल एक शिवलिंग था और अघोरी बाबा के अलावा आसपास के अन्य लोग जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करते थे। भूतनाथ मंदिर का इतिहास खंगालने पर पता चला है कि बिल्कुल श्मशान भूमि पर ही शिवलिंग यानी मंदिर था, इसीलिए आरती के वक्त जब ज्योति प्रज्जवलन की जरूरत होती थी तब पुजारी किसी भी जलती हुई चिता से एक लकड़ी उठा लेता था। यह प्रथा तब से आज तक जारी है।गंगा नदी के पश्चिम किनारे पर बने भूतनाथ मंदिर के भव्य व दिव्य मंदिर के संचालन का जिम्मा हिंदू सत्कार समिति पर है, जबकि प्रबंधन का कार्य मंदिर कमिटी देखती है। हिंदू सत्कार समिति के मुताबिक 1932 से समिति ने मंदिर का संचालन अपने हाथों में लिया और साल-दर-साल मंदिर का विस्तार व प्रचार होता गया। उनके मुताबिक 1940 के आसपास कोलकाता नगर निगम की पहल पर मंदिर और श्मशान घाट के बीच एक दीवार खड़ी कर दोनों से पृथक किया गया। समिति के मुताबिक मंदिर स्थापना की निश्चित तिथि किसी के स्मरण में नहीं है, इसलिए मंदिर संचालन समिति, प्रबंध कमिटी, पुजारी और नित्य आने वाले भक्तों की रजमंदी से साल के पहले दिन यानी पहली जनवरी को मंदिर का स्थापना दिवस मान लिया गया और इसी दिन मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जाने लगा। इसकी पूर्व संध्या यानी 31 दिसंबर की रात मंदिर के समक्ष भजन-कीर्तन होता है, जिसमें लाखों भक्तों की मौजूदगी में देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी-अपनी मधुर आवाज में बाबा के भजनों की गंगा प्रवाहित करते है। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन होता है और पूरे सावन महीने के दौरान भक्तों द्वारा अलौकिक श्रृंगार, संगीतमय भजन-कीर्तन और महारुद्राभिषेक कराया जाता है।भूतनाथ मंदिर के प्रति लोगों के विश्वास का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारी भीड़ बावजूद रोजाना हजारों लोग मंदिर की चौखट पर माथा टेकने पहुंचते हैं।इसे बाबा भूतनाथ के किसी चमत्कार से कम नहीं कहा और माना जाता सकता है कि मंदिर के स्थापनाकाल (सवा तीन सौ साल पहले) से अभी मंगला आरती (सुबह चार बजे) और संध्या आरती (शाम साढ़े छह बजे) की ज्योत चिता की आग से प्रज्जवलित हो रही है। बाबा की आरती के वक्त पुजारी को कोई ना कोई जलती चिता अवश्य मिल जाती है, जिसकी लकड़ी से दीपक की ज्योत जलाई जाती है। इतने लंबे इतिहास में एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि आरती के वक्त किसी की चिता न जल रही हो।अपने किसी मनोरथ पूर्ण होने पर स्वेच्छा से मंदिर में श्रृंगार या विशेष पूजा के लिए भी भक्तों को अपनी पारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। भक्तों में बाबा के प्रति विश्वास इस बात से पुख्ता होता है कि लाखों खर्च कर मंदिर परिसर की पूरी दीवार रजत (चांदी) बनवाई है। इसके अलावा नंदी, त्रिशूल, डमरू और अर्धनारीश्वर के अतिरिक्त भगवान शंकर के कई रूप चांदी के है, जिन्हें बारी-बारी से हर शाम सुसज्जित कर भक्तों के दर्शनार्थ शिवलिंग पर विराजित किया जाता है। इन सबसे अलग एक और बात है जो केवल भूतनाथ में ही देखने को मिलेगी और वह यह कि सर्व भूतों के स्वामी भूतनाथ नमामि का यह मंदिर सात दिनों और चौबीसों घंटे खुला रहता है। कहते हैं नियमित रूप से इस मंदिर में आकर कपूर जलाने वाले और उसकी कालिख का टीका लगाने वाले भक्तों की बाबा हर मनोकामना पूर्ण करते है।



खबरें फटाफट

## यातायात पुलिस ने 33 ई-रिक्शा को किया सीज



फिरोजाबाद। यातायात पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर 265 ई-रिक्शा चालकों को चैक किया गया। अभियान के तहत ई-रिक्शा वाहन चालकों के 102 चालान एवं नाबालिक ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध 33 वाहनों को सीज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर और यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात और उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यातायात निरीक्षक के साथ यातायात पुलिस टीम द्वारा जैनमन्दिर, जाटवपुरी, नगलाबरी, आसफाबाद एवं सेंट्रल चौराहा बिना लाइसेंस और नाबालिग के ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अनाधिकृत एवं बिना पंजीयन वाले ई-रिक्शाओं पर उपसभ्भागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस का संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 265 ई-रिक्शा चालकों को चैक किया गया। जिसमें बिना लाइसेंस ई-रिक्शा के 102 चालान एवं नाबालिक ई-रिक्शा 33 वाहनों को सीज किया गया। शम्मन शुल्क 1.30 लाख रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

## युवती ने तीन लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

शिकोहाबाद। सोमवार की रात एक युवती ने एटा चैराहा पर तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। निशा निवासी कृष्णा नगर कालोनी देवी रोड थाना सदर जिला आगरा का आरोप है कि सोमवार की रात एटा चैराहा पर अश्वनी निवासी रखावली थाना फरिहा, परवेश ने अपने एक साथी के साथ मिलकर पीड़िता के साथ बिना किसी बात के गाली गलौज करने लगा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रोग छुपाने से बढ़ता है दवा लेने से समाप्त होता है

जसराना :राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एका पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाकर मानसिक रोगियों का परीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एका पर मानसिक शिविर लगाकर रोगियों का परीक्षण कर दवा वितरण की मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दुर्ग प्रताप सिंह ने बताया कि मानसिक रोग साध्य है इसे समझने की जरूरत है छुपाने की जरूरत नहीं है। कोई भी रोग हो छुपाने से बढ़ता है दवा लेने से समाप्त होता है। ऐसे रोगों में झाड़ फूंक नहीं करना चाहिए न बाबा ओझाओं को दिखाना चाहिए। यह रोग किसी भी उम्र में कभी भी महिलाओं बच्चों बुजुर्गों को हो सकता है। लोग मानसिक रोग के कारण ही अपने मिलने जुलने वाले या रिश्तेदारों से असामान्य व्यवहार करने लगते है। शिविर में 184 मानसिक रोगियों को दवा वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दुर्ग प्रताप सिंह डॉ सत्येंद्र चौधरी डॉ अंजली डॉ प्रतिभा सिंह भुनेंद्र सिंह फार्मासिस्ट राजवेंद्र प्रताप सिंह, के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर लिए पचास हजार रुपए, तहसील में हुआ हंगामा

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर



जसराना। नौकरी के नाम पर रुपए लेने के आरोपी को पीडित ने तहसील में पकड लिया। एसडीएम ऑफिस के बाहर अधिवक्ताओं एवं लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। सूचना मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर पहुंची। जहां आरोपी द्वारा रुपया वापिस करने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला हंस निवासी रतीराम का पुत्र ओमवीर फौज में नौकरी देख रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात थाना जसराना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति से हुई। आरोप है कि नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी ने पचास हजार रुपए ले लिया और कुछ रुपए नौकरी लगने के बाद देने की बात तय हो गई। नौकरी लगने की उम्मीद पर रतीराम ने आरोपी को पचास हजार रुपए दे दिए। 12 फरवरी को आरोपी व्यक्ति ओमवीर को फतेहगढ़ ले गया। जहां घुमाकर उसे वापिस घर छोड दिया। अपने साथ ठगी होने का अहसास होने पर रतीराम ने पैसे वापिस करने को कहा तो आरोपी ने फोन उठाना ही बंद कर दिया।

मंगलवार को रतीराम तहसील में फर्द लेने आए थे इसी दौरान आरोपी भी पहुंच गया। आरोपी को देख पीडित ने चिल्लाते हुए उसे पकड लिया। चीख पुकार मचने पर अधिवक्ताओं एवं अन्य लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान एसडीएम कोर्ट के बाहर जमकर हंगामा हुआ। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस तहसील पहुंच गई।

## हिंदी विभाग की छात्राओं ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद । बीडीएम म्यू. गर्ल्स डिग्री कॉलेज की हिन्दी विभाग की छात्राओं ने यू0जी0सी0 नेट परीक्षा में अच्छी सफलता अर्जित की है । एन0टीए0 द्वारा आयोजित यू0जी0सी0 नेट परीक्षा दिसम्बर- 2024 में महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की छात्रा कु0 हिना यादव ने यू0जी0सी0 नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) को पास किया । वहीं हिन्दी विभाग की छात्रा शिवा यादव, दर्शिका, सुनीता ने इस परीक्षा में एडमिशन फॉर पी0एच0डी0 की पात्रता अर्जित की है । छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविय की कामना की है। प्राचार्या ने हिन्दी विभाग की असि. प्रो0 पल्लवी पाण्डेय को भी बधाई दी। इसके अलावा हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 शशिप्रभा तोमर, दर्शना कुमारी, प्रीति सिंह, कार्यालय अधीक्षक सुभाष कश्यप सहित समस्त शिक्षिकाओं , शिक्षणेत्तर कर्मचारियो ने भी छात्राओं को बधाई दी है ।

## अधिवक्ताओं ने काम बंद कर किया तहसील में प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किए जाने एवं अधिवक्ता संशोधन बिल वापिस लिए जाने की मांग को लेकर बार कॉसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश के आहवान पर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। नारेबाजी करते हुए तहसील एवं रजिस्ट्री कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन को तेज करने की बात कही।

बार कॉसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर तहसील परिसर में मौलूद रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव कर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की। इस दौरान बैनामा लेखकों से सहयोग मांगते हुए बैनामा की रजिस्ट्री नहीं कराने का आहवान किया। बैनाम लेखकों ने सहयोग करते हुए बैनामा नहीं लिखने का ऐलान किया। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता एवं उसके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किया जाए। अधिवक्ताओं का 10 लाख मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाए। अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाए। एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त किया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा बार कॉसिंल ऑफ इंडिया एवं बार कॉसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशों पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान तहसील के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीओ शिकोहाबाद ने छात्रों के साथ की बैठक

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर



शिकोहाबाद। नारायण डिग्री कॉलेज और पालीवाल डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम (SPEL 2.0) कार्यक्रम के तहत सीओ शिकोहाबाद, श्री प्रवीण कुमार तिवारी के कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान, श्री तिवारी ने छात्रों को डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (DSP) की चयन प्रक्रिया और सर्कल ऑफिसर (CO) के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने पुलिस की समाज सेवा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में तत्परता पर जोर देते हुए, विस्तार से बताया गया कि विभाग किस प्रकार यह सुनिश्चित करता है कि क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनी रहे। बैठक में अपने कार्यालय के विभिन्न कार्यों, जैसे सर्कल के अंतर्गत पुलिस स्टेशनों का पर्यवेक्षण, लोगों की समस्याओं का समाधान, और अभिलेखों का रखरखाव, के बारे में बताया और ऑफिस का भ्रमण करवाया।

इस अवसर पर, SPEL एनएसएस नोडल अधिकारी, डॉ. शुभी पटेल ने कहा कि ऐसे अनुभवात्मक कार्यक्रम छात्रों को अपने करियर की सही दिशा में योजना बनाने में मदद करते हैं। 12 फरवरी से कोतवाली शिकोहाबाद में विद्यार्थियों का प्रशिक्षण चल रहा है। इसमें विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की विभिन्न कार्यप्रणाली, महिला हेल्पलाइन, बीएनएस, बीएनएसएस, सीसीटीएनएस, साइबर क्राइम के बारे में बताया गया है। दौरे में अरुण, तनुज, प्रयाग, सचिन, सोनू, ध्रुव, ऋषभ, आदित्य सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कांवड़ियों के जयकारे से गुंजायमान रहा बाजार



शिकोहाबाद। महाशिवरात्रि के पर्व पर कांवड़िए कांवड़ लेकर जा रहे हैं। मंगलवार को सैकड़ो की संख्या में कांवड़िए कटरा बाजार से होते हुए गंतव्य के लिए जा रहे थे। नगर क्षेत्र बंब बंब भोले के जयकारे से गुजयमान रहा। कांवड़ियों की सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए गए हैं। जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। जिससे कांवड़ियों को मार्ग में कोई दिक्क्क्त न हो। थाना नसीरपुर प्रभारी राजीव राघव ने कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान थाने के पास ही कांवड़िए के लिए फलाहार की व्यवस्था की।

## फिल्मी स्टाइल में काफी दूर तक बाइक को घसीटते हुए ले गई कार



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद। मंगलवार को माधोगंज के पास उस समय हडंकप मच गया जब एक बेकाबू कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सवार बाइक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। गनीमत रही कि कार सवार ने ब्रेक लगा दिए जिसके बाद भीड़ ने चालक की जमकर धुनाई कर दी और चालक को पुलिस को सौप दिया। हादसे में बाइक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

विक्रमपुर वाह आगरा निवासी सरजीत पुत्र मायाराम मंगलवार दोपहर को अपनी भाभी सविता (30) पत्नी राजीव, भतीजे प्रेम (8), भतीजी कृतिका (3) को बाइक से लेकर अपने घर जा रहा था। जब युवक की बाइक माधोगंज के पास पहुंची थी कि तभी सामने से आ रही एक बेकाबू कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार सवार बाइक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। जिसके बाद कार को चालक ने ब्रेक लगाकर रोक लिया। लेकिन भीड़ ने चालक की जमकर धुनाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल हुए बाइक सवारो को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## दो दर्जन मूर्तियों की विधि विधान से हुई प्राण प्रतिष्ठा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो, टूंडला । नगर के नई बस्ती में स्थित श्री हनुमान मंदिर पर लगभग दो दर्जन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई जिसमें चक समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्राण प्रतिष्ठा होने वाली समस्त मूर्तियों को नगर में भ्रमण कराया । शोभायात्रा में बैंड के भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए शोभा यात्रा में चल रहे थे । श्रद्धालु प्रभु श्री राम एवं हर हर महादेव और जय श्री कृष्ण के जोशीले जयकारे लगाए चल रहे थे । शोभायात्रा में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील चक ,भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र के सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, राहुल चक,लोकेंद्र सिंह पोनियां,नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता,रमेश चक,आशू चक भरत सिंह चक,सुनील चक,नरेंद्र चक,हरिविलास चक,रामगोपाल,सहित अनेकों एवं महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।

# चेन स्नैचिंग का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। थाना एका पुलिस ने शातिर लुटेरे वितेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 मोटर साइकिल बरामद हुई है। आरोपी पूर्व में भी कई चेन स्नैचिंग की घटना में शामिल था। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया।

19 फरवरी 2025 को थाना एका क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की घटना के सम्बंध में क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना एका पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चेन स्नैचिंग करने वाला आरोपी पुनः किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर थाना एका पुलिस ने वाहन यार्ड के सामने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति सिंघपुर रोड़ से वाहन यार्ड की तरफ आते हुए दिखाई दिया। रुकने का इशारा किया गया तो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उस व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान चेन स्नैचिंग की घटना में संलिप्त अपराधी वितेन्द्र के रूप में हुई है। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

# दो दिन से गायब भट्ठा मजदूर का शव हाईवे के किनारे मिला



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

सिरसागंज । दो दिन से गायब भट्ठा मजदूर का शव हाईवे के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई । घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पर पुलिस पहुंची। लक्ष्मण पुत्र शिवा निवासी नवादा बिहार जो अभी रण ईट भट्टा किसरांव पर अपने परिजनों के साथ रह रहा था । रविवार शाम वह बिना बताए घर से कहीं चला गया और मंगलवार सुबह उसका शव नेशनल हाईवे इमलिया के पास पड़ा मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि वह रविवार शाम बिना बताए घर से कहीं चला गया था । मंगलवार सुबह शव हाईवे किनारे मिला है ।

# धूमधाम से निकाली गई शिव यात्रा, जगह जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फिरोजाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुहाग नगर स्थित सेवा केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को भव्य शिव यात्रा निकाली गई। जिसमें, काफ़ी संख्या में सिर पर कलश लिए बाबा के अनुयाई भाई बहन शामिल हुए। बैंड बाजों के मधुर ध्वनि और बाबा के मधुर गीतों के मध्य सुहाग नगर से शुरू हुई शिव यात्रा महावीर नगर, सुहाग नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सुहाग नगर स्थित मेला ग्राउंड पहुंची। शिव भक्तों ने यात्रा मार्ग में पुष्प वर्षा से जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान, अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिव का झंडा फहराया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की संचालिका सरिता दीदी, ख़ुशी, अंजना और रिंकी दीदी ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का स्वागत किया और सौगात भेंट की। कार्यक्रम का संचालन कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर कामिनी राठौर एवं गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय सहित बीजेपी के वरिष्ठ नेता तथा ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर लक्ष्मी नारायण यादव, कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल, वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र गुप्ता शैली, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ राजीव शर्मा, सरिता दीदी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सेवा प्रकल्पों और जीवन में सकारात्मक सुधार के सतत संकल्प की अपने अपने नजरिए से सराहना करते हुए शिव के महत्व पर विभिन्न दृष्टिकोण से ज्ञानवर्धक विचार व्यक्त किए।

सरिता दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि, 26 फरवरी, बुधवार को कोटला रोड स्थित सिल्वर सिटी पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन सेवा केंद्र पर भी त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें, सुबह 6: 30 से 8 बजे तक शिव ध्वजारोहण किया जाएगा ।

## शांतेश्वर शिव महादेव मंदिर सांथी पर महाशिवरात्रि मेला महोत्सव का हुआ उद्घाटन

टूंडला । मंगलवार को शांतेश्वर शिव महादेव मंदिर सांथी, महाशिवरात्रि मेला महोत्सव का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति में संपन्न हुआ। शांतेश्वर शिव महादेव मंदिर सांथी का जिला फिरोजाबाद में बहुत ही प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर महाराजा शांतनु से संबंधित है व मंदिर प्रांगण में उनका खेड़ा भी स्थित है प्रत्येक वर्ष यहां पर महाशिवरात्रि के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है जिसका पूर्व संध्या पर उद्घाटन कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान, जिला पंचायत सदस्य राजीव राजपूत, शशांक प्रताप सिंह, अतुल शुक्ला, सतेंद्र यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सडक हादसे मे युवक की दर्दनाक मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**नेशनल एक्सप्रेस / आसिफ वारसी**



मैनाठेर। थाना क्षेत्र के ग्राम ललवारा निवासी हैदर अली (20) पुत्र जुल्फिकार सोमवार की दोपहर अपने घर से ग्राम मिलक दोस्त के घर जा रहा था जैसे ही वह मानकपुर अड्डे के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे कि हैदर अली गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ! जिसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से कुंदरकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा हालात को गंभीर देखते हुए कुंदरकी से डॉक्टरो ने मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया ग्राम प्रधान नावेद आलम ने बताया कि कुंदरकी से घायल को मुरादाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में घायल हैदर आलम दम तोड़ दिया। नावेद आलम ने बताया कि मृतक पांच भाई और एक बहन में पांचवें नंबर का था और दो दिन पहले ही ट्रक चला कर अपने घर वापस लौटा था। जैसे ही मृतक का शव उसके गांव पहुंचा गांव में गम का माहौल हो गया। मृतक की मां जासेमीन बहन भाइयों और परिवार का रो-रोकर हुआ बुरा हाल हैं, सोमवार की रात्रि में ही मृतक के शव को गांव के ही कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# सड़कों पर अतिक्रमण न होने पाए ,इसको सुनिश्चित करें अधिकारी : मंडलायुक्त आनंजय कुमार सिंह

**नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ**



- निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, लक्ष्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

मुरादाबाद। मंगलवार को कमीशनरी सभागार मे मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कमिश्नरी सभागार में आहत हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने सभी कार्यदयी संस्थाओं के अधिकारियों को प्रचलित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न होने पाए,इसको अधिकारी सुनिश्चित करें और अतिक्रमण होने पर संबंधित विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु उचित कार्यवाही अमल में लाई जाए। इसके संबंध में एक सप्ताह में सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों से सड़कों के अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में राजकीय मेडिकल कॉलेज, बिजनौर का कार्य पूर्ण न होने पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड (भवन), लोक निर्माण विभाग जनपद बिजनौर का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मुरादाबाद की क्षमता को दोगुना किए जाने हेतु अनवासीय व आवासीय भवनों का निर्माण कार्य समय से पूर्ण न होने पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड (भवन), लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद को भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपरायुक्त प्रथम सर्वेश कुमार गुप्ता, उप आयुक्त गजेन्द्र प्रताप सिंह,उपयुक्त विकास, मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद, उपनिदेशक अर्थ एवं सांख्यिकी, ज्वाइंट डायरेक्टर एजुकेशन, एडी बेसिक शिक्षा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सभी कार्य संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कावड़ियों/शिवभक्तों की सेवा वं सुविधा लिए रोडवेज पर कावड़ सेवा शिविर का किया गया शुभारम्भ

**नेशनल एक्सप्रेस /सलमान युसूफ**







मुरादाबाद। जनपद मे मंगलवार को दिनांक 25 फरवरी को एसएसपी मुरादाबाद सतपाल अंतिल द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद व एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के साथ पावन महाशिवरात्रि पर्व/कावड़ यात्रा के अवसर पर कावड़ियों/शिवभक्तों की सेवा एवं सुविधा हेतु थाना गलशहीद क्षेत्रान्तर्गत रोडवेज पर कावड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा कावड़ियों की सेवा और सत्कार करते हुए, उन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। मिडिया से बातचीत पर एसएसपी ने जानकारी दी के थाना गलशहिद के क्षेत्रअंतर्गत रोडवेज चौकी पर चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा हेतु कावड़ यात्रियों के लिए केम्प शिविर का शुभारम्भ किया गया है जिसमें कावड़यात्रियों को दवाई भोजन अन्य सुविधा के लिए किया गया है। यहां कावड़ यात्रा करने वाले आकर आराम भी कर सकते हैं।

साथ हीं इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कटघर आशीष सिंह, कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह, थाना गलशहीद प्रभारी सौरभ त्यागी, कटघर इंस्पेक्टर, संजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद में गैस आधारित भट्टी के उद्घाटन एवं कार्यशाला का आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस / मौ अरशद**

मुरादाबाद। मंगलवार 25 फरवरी मुरादाबाद क्लस्टर में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशिएंट इकोनॉमी एईईई और हस्तशिल्प विकास सोसाइटी, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में गैस आधारित भट्टी के उद्घाटन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. सतीश कुमार अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक, आइए की प्रेरणा और प्रमोद कुमार सिंह वरिष्ठ निदेशक, आइए के मार्गदर्शन में संरचित किया गया। इस परियोजना को नोमान मंसूरी अध्यक्ष, हस्तशिल्प विकास सोसाइटी, मुरादाबाद के समर्थन से सफलतापूर्वक लागू किया गया। इस अवसर पर डॉ. शेफाली सिंह चौहान अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुरादाबाद अनुज सिंह जिलाधिकारी, मुरादाबाद मृणाल भास्कर तकनीकी विशेषज्ञ, एईईई मोहम्मद नोमान मंसूरी अध्यक्ष, हस्तशिल्प विकास सोसाइटी बालेंदु भूषण पांडे अनुसंधान सहयोगी, एईईई अवनीश पांडे एसएसमी ऑडीऑपी पद्मश्री दिलशाद हुसैन, साजिद मंसूरी महासचिव, पीतल बस्ती दस्तकार एसोसिएशन शाहनवाज हुसैन, सिकंदर अली, रियासत हुसैन, तसलीम मंसूरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# वेक्टेश्र्वरा लायंस बना ऐतिहासिक लीजैण्ड लीग क्रिकेट का चैम्पियन





- टूनार्मेंट में करोड़ों के ईनाम में दस लाख की इनामी राशि, चमचमाती निशान कार, एक दर्जन से अधिक इलेक्ट्रॉनिक बाइक के साथ वेंकेटेश्वरा के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने पांच लाख रुपए की राशि अलग से खिलाडियों को प्रोत्साहन के रूप में दी: सुधीर गिरि
- भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नही है बल्कि यह एक सर्वमान्य रिलिजन धर्म है : डा. राजीव त्यागी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में गत दस दिनों से लखनऊ में चली आ रही राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बाल क्रिकेट लीग लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025 (एलएलसी टेन-10) का ओवर आल चैम्पियन बनने पर वेंकेटेश्वरा लायंस टीम का संस्थान परिसर में जोरदार स्वागत किया गया` इसके अलावा इस जीत से गदगद इनामी राशि दस लाख के साथ अलग से समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने पांच लाख रुपए टीम को अपनी ओर से प्रदान किये। मशहूर पार्श्व गायक विजय प्रकाश ने इस अवसर पर बालीवुड के एक से एक बढ़कर एक तराने पेश कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद एवं प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी के साथ मिलकर विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया। लीजैण्ड लीग क्रिकेट -2025 के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि के आधिकारिकप्रतिनिधिएवंविश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बताया कि लखनऊ के ऐतिहासिक के. डी. सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दस दिनों चलने वाले दस-दस ओवर वाली इस लीजैण्ड लीग क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनके मुख्य चयनकर्ता पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा एवं इस लीग के कमिश्नर दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जोंटी रोड्स थे` इसके साथ ही हरभजन सिंह, क्रिस गेल, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, आदि विश्व के दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज में चीफ कोच, मेंटर की भूमिका में रहे। बेहद रोमांचक इस सीरीज में वेंकेटेश्वरा के शेरों ने सेमीफाइनल तक कोई भी मैच ना हारने वाली ब्रज वारियर मथुरा को 6 विकेट से हराकर चैम्पियन ट्राफी-2025 अपने नाम कर ली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि के साथ मिलकर टीम को दस लाख रुपए, मैन ऑफ द सीरीज को चमचमाती निशान कार, 12 खिलाडियों को इलेक्ट्रॉनिक बाईक के साथ करोड़ों रुपए के इनाम प्रदान किये। फाइनल में मशहूर सिंगर कैलाश खेर के गानों पर सभी टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम में झूमते नजर आये। संस्थान परिसर में वेंकेट-`श्वरा लायंस टीम के स्वागत समारोह में सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य टीम कोच अमन लिट, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, डा. राजेश सिंह, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. शिल्पा रैना, अरुण गोस्वामी, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. नीतू पंवार, डा. श्रीराम गुप्ता, डा. ओमप्रकाश, डा. आशुतोष, डा. टी.पी. सिंह, डा. राजवर्धन, डा. विश्वनाथ झा, डा. सर्वानन्द साहू, मारूफ चौधरी, सौमिक बनर्जी, तरुण काम्बोज, मेरठ परिसर से डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी ने किया बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस /सलमान युसूफ**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में हो रही परीक्षाओं के अन्तर्गत जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाराजा अग्रसेन इण्टर कालेज, मैथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों में चल रहीं परीक्षाओं का जायजा लिया। परीक्षा केन्द्रों में संचालित सीसीटीवी कंट्रोल रुम, स्ट्रांग रुम सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु उपस्थित अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# ब्लॉक कुंदरकी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर टीबी के रोगियों की स्थिति का किया आलंकन

**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**



मैनाठेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प टीबी मुक्त भारत के क्रियांवयन के संबंध में जनपद स्तरीय टीम ने ब्लॉक कुंदरकी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर टीबी के रोगियों की स्थिति का आंकलन किया और विभिन्न श्रोत से टीबी के रोगियों की जानकारी प्राप्त की ताकि टीबी फ्री ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया जा सके। जनपद स्तरीय टीम ने ऐसी ग्राम पंचायत में जा कर घर घर जायजा लिया जहां एक हजार की आबादी में एक से ज्यादा टीबी न निकला हो और एक हजार की आबादी में 30 के अनुपात में टीबी टेस्ट कराए गए हो। इस अवसर पर डीपीसी डॉ मुहम्मद जावेद ने बताया कि नवंबर 2024 से टीबी का उपचार ले रहे रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपए के स्थान पर 1000 रुपए बैंक खाते में प्रदान किए जा रहे हैं।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है भी वर्ष 2025 में बहुत को चेचक और पोलियों की भांति जड़ से समाप्त करना है ।

लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, शुगर के रोगियों, नशा और धूम्रपान करने वालों टीबी रोगियों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 5 साल पूर्व टीबी का उपचार ले चुके व्यक्तियों और पीएलएचआईवी व्यक्तियों और कुपोषित व्यक्तियों की बलगम जांच और एक्स रे कराए जा रहे है ताकि कोई टीबी का रोगी छुपा न रह सके। ग्राम पंचायत असदपुर का भ्रमण किया । जनपद स्तरीय स्त्यापन टीम मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी और टीबी फ्री पंचायत का निर्धारण जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा किया जायेगा। सत्यापन टीम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर परवीन श्रीवास्तव, डॉक्टर नवल किशोर, डीपीसी डॉ मोहम्मद जावेद और एडीओ पंचायत कुलदीप सिंह के अतिरिक्त एसटीएस पंकज सिंह पुष्पेंद्र सिंह ललित कुमार आफाक हुसैन नूर हसन ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# महाशिवरात्रि पर शिव कीर्तन पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत, भंडारे का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस / फहीम अंसारी**



भोजपुर । कांवड़ियों की सेवा में लगे रहे लोग दिन भर रही कांवडियों की आवाजाही नगर में आस्था की बयार बह निकली है। तमाम नगर व क्षेत्रवासी अपने कामकाज छोड़कर कांवरियों की सेवा में जुटे हुए हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से कांवर में पवित्र गंगाजल भरकर लाने वाले हजारों कांवरियों को काशीपुर मार्ग भोजपुर होकर कांवड़ियों सेवा में सैनी ग्रुप ने भंडारे लगे हैं।

हर साल महाशिवरात्रि के दिन शिव भक्त भंडारे का आयोजन करते हैं। मुरादाबाद जनपद की नगर पंचायत भोजपुर में बस स्टैंड काशीपुर रोड ट्रांसफर चौक पर महाशिवरात्रि के पहले दिन मंगलवार को शिव भक्तों द्वारा ट्रांसफर चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे मंदिर में ओम नमः शिवाय का पाठ किया गया। बाद मे भंडारे का भोग सर्वप्रथम भोले नाथ समेत सभी देवी देवताओं को लगाया गया भंडारे के साथ ही साउंड पर बज रहे। भजन व भोले भंडारी की जय जयकार से माहौल शिवमय हो रहा था। प्रसाद में पूडी सब्जी, कढ़ी चावल व बूंदी का वितरण किया गया। इस मौके पर मनोज, दीपांशु सैनी, आकाश सैनी ,पंकज,विकास सैनी, गौरव सैनी, अजय सैनी,सोनू सैनी, यशपाल,गौतम, अमित समेत बडी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

# गोवंशीय पशु का वध करने के आरोपी को भेजा जेल

**नेशनल एक्सप्रेस**




भोजपुर। वादी रिंकु यादव पुत्र राजाराम सिह निवासी ग्राम सिरसवां गौड थाना भोजपुर मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा गौंवशीय पशु का वध करने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त दिनांक ग्यारह फरवरी को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा प्रकाश में आये आरोपी नजर मौहम्मद पुत्र स्व0 अख्तर अली निवासी ग्राम वाजिदपुर तिगरी थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम में मंगलवार को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित उपकरण और अभियुक्त मुसर्रत अली पुत्र शौकीन पहलवान निवासी ग्राम बाजिदपुर तिगरी थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया भोजपुर पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# नए शैक्षणिक सत्र में स्कूलों द्वारा न हो पाठ्यक्रम व पुस्तकों में बदलाव जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस / मौ. अरशद**




मुरादाबाद। मंगलवार को पैरेंट्स ऑफ आल स्कूल के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अनुज सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में स्कूलों के प्रबंधन द्वारा न तो पाठ्यक्रम व न पुस्तकों में बदलाव किया जाए। किताबों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने और नये सत्र में फीस बढ़ोतरी न करने और जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक जल्द कराने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट अनुज गुप्ता एडवोकेट ने जिलाधिकारी को बताया कि आपको दो पत्र पहले भी 10 दिसंबर 2024 और 23 जनवरी 2025 को दिया गया था। आज फिर ज्ञापन दे रहे हैं।

मुरादाबाद पैरेंट्स ऑफ आल स्कूल लगातार कई वर्षो से अभिभावकों की समस्याओं को उठा रहा है। छात्रों व अभिभावकों के हित में सत्र 2025-2026 के लिए स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाई जाए, क्योंकि स्कूलों द्वारा सत्र 2022-23 में 12 प्रतिशत, 2023-24 में भी 12 प्रतिशत और सत्र 2024-25 में भी लगभग 11प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। इस प्रकार कुल 38% की बढ़ोतरी तीन सालों में हो चुकी है। ऐसे में अभिभावकों पर अब और आर्थिक बोझ स्कूलों द्वारा नहीं डाला चाहिए।

इसलिए सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा नर्सरी से 8 तक की पुस्तकों में कोई बदलाव न हो। कहा कि कक्षा नर्सरी से 8 तक की पढ़ाई एनसीईआरटी की पुस्तकों से कराई जाए। कक्षा 9 से 12 तक केवल एनसीईआरटी पुस्तकें ही लगें। जो पुस्तकें एनसीईआरटी के द्वारा नहीं छापी जाती है केवल उसी विषय की साइड पुस्तकें स्कूलों द्वारा लगाई जाए। स्कूलों द्वारा जो पुस्तकें लगाई जाए वह किसी चुनिंदा पुस्तक विक्रेता के दुकान पर ही न बिक्री कराई जाए।

स्कूलों द्वारा केवल तिमाही फीस जमा करने का विकल्प दिया जाता है जबकि मासिक/तिमाही जमा करने का विकल्प का प्रावधान है। स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने से 60 दिन पूर्व शुल्क विवरण अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना होता है परन्तु अभी तक किसी भी विद्यालय के द्वारा शुल्क की जानकारी अपलोड नहीं की गयी है। यह भी उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विधालय (शुल्क विनियम) अधिनियम 2018 का उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए पत्रों पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कई जांच समितियां गठित की गयी थी जिसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से भी प्राप्त हुई थी, जांच में सभी स्कूल दोषी पाए गए थे परन्तु किसी भी स्कूल पर कोई कारवाई आज तक नहीं हुई। जिलाधिकारी से छात्रों व अभिभावकों के हित में इन महत्वपूर्ण बिंदुओं का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अंकित अग्रवाल, राजदीप गोयल, मनीष बेरी, राजीव सिंह, आकाश रस्तोगी, स्वाति अग्रवाल, विपिन कुमार, अभिषेक भटनागर, प्रतीक गोयल, सन्नी सिन्हा, वैभव गुप्ता

# आंगनवाड़ी वर्करों ने किया डीसी आफिस पर आक्रोश प्रदर्शन

## 11 मार्च को पंचकूला निदेशालय पर किया प्रदर्शन का ऐलान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन और वर्कर एवं हैल्पर को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग को लेकर डीसी आफिस पर पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि फोटो कैप्चर बंद हो, वर्कर्स को तीसरे ओर हेल्पर्स को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाने, ग्रेच्यूटी लाभ देने के कोर्ट के निर्णयों को केंद्र व राज्य सरकार लागू करने की मांग की। प्रदर्शन को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लाम्बा, सीटू हरियाणा के प्रदेश महासचिव जय भगवान, जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, प्रधान निरंतर पराशर, यूनियन जिला प्रधान मालवती, सचिव देवेंद्री शर्मा, उप प्रधान सुरेन्द्री, कमलेश, केशियर नवल सिंह आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। संगठन नेताओं ने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स में भारी रोष व्याप्त है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करवाने का काम वर्कर्स द्वारा किया जा रहा है।

सरकार आईसीडीएस को खत्म करना चाहती है। इस केंद्रीय बजट में महंगाई के अनुरूप वास्तविक बजट में भारी कटौती की गई है। नई शिक्षा नीति में 3 से 6 साल के बच्चे स्कूल भेज दिए गए। ऑनलाइन और फोटो कैप्चर के नाम पर वर्कर्स को प्रताड़ित किया जा रहा है। देश में लगभग 26 लाख आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने पिछले पचास वर्षों के बाद भी और असंख्य संसद और वैधानिक समितियों की सिफारिशों के बावजूद, कर्मचारियों के रूप में मान्यता नहीं दी जा रही है और नाम मात्र का भुगतान किया जाता है।

संगठन नेताओं ने कहा कि राज्य में 25 हजार आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिनमे करीब 47 हजार वर्कर्स और हेल्पर्स काम कर रही हैं। 6 हजार से ज्यादा पद खाली पड़े हैं जिन्हे नहीं भरा जा रहा है। यूनियन सरकार से मांग करती है कि वर्कर्स और हेल्पर्स को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू किया जाए, 2018 की केंद्र की घोषणा 1500, 750 का एरियर दिया जाए, केंद्र सरकार के दिशा अनुसार केंद्रों का किराया जारी हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रद्द हो, वर्कर्स और हेल्पर्स को ग्रेच्युटी दी जाए, खाली पड़े हेल्पर्स, वर्कर्स, सीडीपीओ, पीओ के पद भरे जाएं। हेल्पर से वर्कर और वर्कर्स से सुपरवाइजर्स की पदोन्नति बिना किसी कंडीशन के हो और कम से कम 50 प्रतिशत हो। प्ले वे स्कूल और क्रेच केंद्रों में कार्यरत कर्मियों को अतिरिक्त मानदेय दिया जाए।

# पिता-पुत्र की गिरफ्तारी को लेकर धरना

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः सेक्टर-21 में बिजली कर्मचारियों पर हुए हमले के विरोध में कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह मामला 19 तारीख का है, जब मकान नंबर 1091 में 33 हजार रुपए के बकाया बिल के कारण मीटर काटने गए दो कर्मचारियों पर मकान मालिक और उसके बेटे ने हमला कर दिया था। लाइनमैन विनोद के अनुसार कर्मचारी कुलदीप और गुरनेक को लाठी-डंडे और सरिये से इतना पीटा गया कि वे बेहोश हो गए। दोनों को बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब एक घंटे बाद उन्हें होश आया। सब डिवीजन चार और सेक्टर-21 के प्रधान करतार सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत सेक्टर-21 पुलिस चौकी में की गई थी। चौकी इंचार्ज विनोद ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

उन्होंने मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंका जताई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो न सिर्फ चार नंबर और सेक्टर-21 सबडिवीजन में, बल्कि पूरे फरीदाबाद में बिजली आपूर्ति रोक दी जाएगी। इस विरोध में सब डिवीजन चार नंबर और सेक्टर-21 के सैकड़ों कर्मचारी धरने पर बैठे हैं।



# आज का राशिफल

**ज्योतिर्विद**
**डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'**
Mob:-9760800271



**मेषः** व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन मिश्रित है। उतार चढ़ाव रहेगा। मन उद्विग्न रहेगा। पढ़ाई में मन कम लगेगा। परीक्षा परिणाम आशा से कम ही रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है। आय में वृद्धि होगी। पढ़ाई भी अच्छी होगी। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। कोई भी नया काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है । खान- पान का विशेष ध्यान रखें। बाहर के खाने से बचें।

**मिथुन :** आज व्यय अधिक होगा, सम्भव है अपव्यय हो। लेकिन प्रगति के नए मार्ग भी खुलेंगे। पढ़ाई में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं रहेगा। फिजूलखर्ची पर रोक लगाएँ। गले में दर्द सम्भव है।

**कर्क :** आज आपका दिन मिश्रित फलदाई रहेगा। यद्यपि मन में थोड़ी देर निराशा के भाव आयेंगे किन्तु मन उत्साहित हो, सफलता के मार्ग खोलेगा। क्रोध व जिद्द से बचें वरना प्रतिकूल परिणाम मिल सकता है।

**सिंह :** आज आपके लिए परिश्रम व संघर्ष का दिन है। भागदौड़ अधिकरहेगी। उच्चाधिकारी से बहस ना करें, अपनी बात को स्पष्टता से रखें। सिर व पैर दोनों में दर्द की सम्भावना है। फालतू खर्च हो सकता है। दिमाग ठंड़ा रखें।

**कन्या :** आज आर्थिक लाभ का योग है। पढ़ाई अच्छी रहेगी। चीजें पटरी पर आयेंगी। बड़ों व गुरू के आशीर्वाद से आज कोई बड़ा काम सम्पन्न होगा। गले में दर्द या बुखार में सुधार होगा। नया कार्य शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**तुला :** आज संतोष, सुकून व आराम का दिन है। किसी अच्छी खबर से प्रसन्न महसूस करेंगे। मन पर नियन्त्रण रखिए, तभी अपेक्षित परिणाम आएगा। जीवन साथी के साथ अच्छा समय गुजारेंगे, सहयोग मिलेगा। एलर्जी से परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक :** पढ़ाई के लिए आज का दिन उत्तम फलदाई है। आय के नए मार्ग खुलेंगे। धन लाभ का योग है।बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आज इन्वेस्टमेंट करना भविष्य में अच्छे परिणाम देगा।

**धनु :** आज आपके लिए नई चुनौतियाँ खड़ी होंगी। पिता या उच्चाधिकारी की नाराजगी सम्भव है। मन उद्विग्न रहेगा। तनाव से सिरदर्द सम्भव है। बाहर के खाने में सावधानी बरतें। आर्थिक हानि या अपव्यय से बचने के लिए सोच समझकर ही कर्च करें। क्रोध ना करें।

**मकर :** आज आपका दिन मिश्रित फलदाई है। परिणाम आशा से कम ही रहेगा। पढ़ाई में आज थोड़ा भटकाव सम्भव है, इसलिए मन पर लगाम लगाईए।कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें। आर्थिक हानि या अपव्यय सम्भव है।

**कुंभ :** आज मन विचलित रहेगा, हाँलाकि स्वास्थ्य में सुधार होगा। आज आत्म- मूल्यांकन कीजिए, समाधान मिलेगा। धैर्य रखें, आज संघर्ष का दिन है। परीक्षा परिणाम अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से परेशानी हो सकती है।

**मीन :** आज का दिन भाग्य के नवीन द्वार खोलने वाला होगा, किन्तु दुविधा से बाहर आईए, कठोर व स्वहित में निर्णय लीजिए। आर्थिक लाभ का योग है। नये क्षेत्र में प्रवेश या इन्वेस्टमेंट में भविष्य में लाभ मिलेगा। एलर्जी सम्भव है।

# रेफर की गई गर्भवती महिला की एंबुलेंस में हो गई डिलीवरी

## गर्भवती को बीपी हाई और बच्चे के लिए आईसीयू न होने की बात कहकर किया था रेफर

**कविता**



डिलीवरी के बाद जच्चा और बच्चा को सुरक्षित एंबुलेंस से उतरवाते हुए सोनू संग में है संजय शर्मा व स्टाफः फोटो ओमप्रकाश पांचाल

फरीदाबादः संस्थागत प्रसुति को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे है। लेकिन इसके बावजूद भी जिले के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों से गर्भवती महिलाओं को धल्लड़े से रेफर कर अपना पल्ला झाड़ दिया जा रहा है। ऐसा ही बीके सिविल अस्पताल से रेफर की गई एक गर्भवती महिला के संग हुआ। बीपी हाई सहित बच्चे को रखने के लिए आईसीयू की सुविधा न होने की बात कहकर उसे दिल्ली के लिए रेफर किया गया था। लेकिन गर्भवती महिला की डिलीवरी करीब चार किलोमीटर दूर ही एंबुलेंस में हो गई। ऐसे में जच्चा और बच्चा को कुछ हो जाता तो इसका जिक्वमेवार कौन होता। हालांकि एंबुलेंस में तैनात ईएमटी और ड्राइवर ने जच्चा और बच्चा को सुरक्षित बीके सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया।

**दो जगह से की गई रेफरः** संतोष नगर निवासी सोनू ने बताया कि वह यहां अपने परिवार के संग रहता है। वह एक कंपनी में हेल्पर की नौकरी करके अपना व अपने परिवार का गुजारा चलाता है। उसने बताया कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी छवि देवी पिछले दिनों गर्भवती थी। गर्भावस्था की जांचे वह सेञ्चटर-30 एफआरयू से करवा रही थी। मंगलवार को उसकी पत्नी को सुबह के समय अचानक से प्रसव पीड़ा होनी शुरू हो गई। जिस पर वह अपनी मां मोहिनी देवी के संग सेञ्चटर-30 स्थित प्रथम रेफरल यूनिट में सुबह सात बजे पहुंचे, जहां जांच के बाद बताया कि बीपी हाई है, जिसके कारण उसको डिलीवरी में दिञ्चकत हो सकती है, ऐसे में उन्हें बीके सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताय कि बीके लेकर पहुंचे तो वहां जांच के बाद करीब डेढ़.घंटे के बाद उन्होंने बीपी हाई के संग ही आईसीयू नही है। जिस कारण बच्चे और जच्चा को दिकक्त हो सकती है ऐसे में उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया।

### करीब चार किलोमीटर पर डिलीवरी

सोनू ने बताया कि जब एंबुलेंस बीके से ओल्ड फरीदाबाद पहुंची, तो जाम में एंबुलेंस फस गई और रास्ते में ही डिलीवरी हो गई। ऐसे में ईएमटी संजय शर्मा और ड्राइवर जगत ने किसी तरह से छवि की डिलीवरी करवाई और वापस बीके लेकर आए। इस विषय में संजय शर्मा ने बताया कि डिलीवरी होने पर उन्होंने मैनेजर हरकेश डागर को फोन किया, तो उन्होंने वापस आने को कहा। बीके से रेफर होकर गई गर्भवती महिला की डिलीवरी करीब चार किलोमीटर दूर होने पर सवाल उठ रहे हैं कि यदि गर्भवती महिला की डिलीवरी नार्मल ही होनी थी, तो रेफर कयों किया गया।

# स्कूली बच्चों को हिन्दू संस्कृति के बारे में जागरूक करना जरूरी :डा. राजेश भाटिया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर एक में संचालित डा. अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महावीर दल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने नई पहल करते हुए महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान जहां पूजा अर्चना की गई वहीं भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों, मंदिर के सदस्यों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान डा. राजेश भाटिया ने कहा कि आज मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया, स्कूली बच्चों की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए डा. राजेश भाटिया ने कहा कि सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा ऐसे आयोजन प्रत्येक स्कूल में होने चाहिए, इससे जहां बच्चों में हिन्दू धर्म के प्रति जागरुकता आएगी वहीं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने से उन्हें मानिसक शांति की भी अनुभूति होगी। डा. भाटिया ने बताया कि 26 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे महाशिवरात्रि का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रमानुसार तिकोना पार्क स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर से भोले बाबा की बारात धूमधाम से सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी, जहां विधि विधान के साथ भोले बाबा और पार्वती जी का विवाह होगा। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोग अपनी भागेदारी निभाते हुए भगवान शिव शंकर का गुणगान करेंगे।

# पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरन्तर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करें : डीसी

## अवैध खनन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




फरीदाबादः डीसी विक्रम सिंह ने जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह आज लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में अवैध खनन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने जिलों में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अरावली, यमुना नदी तटीय और मैदानी क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते।

जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं। वहां पर नियमानुसार त्वरित सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में खनन विभाग, आरटीए व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें।

# अवैध खनन की मॉनिटरिंग के साथ वैध परमिट की हो रही है जांच

## खनन विभाग की टीम निरंतर कर रही है मॉनिटरिंग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः जिला में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो और वैध परमिट के साथ निर्धारित नियमों की पालना करते हुए खनिज परिवहन चलें, इसके लिए खनन विभाग पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। खनन विभाग के महानिदेशक के. एम.पांडुरंग के निदेर्शानुसार फरीदाबाद जिला के खनन विभाग के अधिकारी दिन रात हर खनन गतिविधि व खनिज वाहनों की परिस्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि जिला में किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो रहा है और वे स्वयं अपनी टीम के साथ विभाग द्वारा राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों की जांच निरन्तर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई मालवाहक वाहनों की जांच की गई और खनिज परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल भी की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सभी मालवाहक गाड़ियों की चेकिंग के साथ-साथ उसमें कितना सामान ले जाया जा रहा है और बिल भी जितना सामान गाड़ी में है, उसी के अनुसार बिल बने हैं या नहीं इस बारे जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी गाड़ी बिना बिल के नहीं मिली इसके साथ ही अरावली क्षेत्र की भी निगरानी की गई।

खनन अधिकारी ने कहा कि यमुना रेती और मिट्टी के अवैध खनन अगर कोई करता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से ऐसा करने वालों के बारे में जिला प्रशासन को सूचना देने का भी आह्वान किया। इसके अलावा माइनिंग विभाग के पास अवैध रेती व मिट्टी खनन के संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विभाग की निरीक्षण टीम और राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सम्बन्धी समस्याओं को जल्द दूर करें : डीसी

## डीसी ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति और विशेष गौ रक्षा बल के संबंध में समीक्षा बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




फरीदाबादः डीसी विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति और विशेष गौ रक्षा बल के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े संबंधित लोगों को सम्बोधित किया।

डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बाईपास रोड़ पर रोंग साइड चालकों के चालान कर इसकी रोकथाम के लिए जरूरी कार्यवाही अमल में लायें। सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, वह उसको गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कहा कि शहर में जिन भी सड़कों पर गड्ढे हो या सड़क टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करें। सड़कों के किनारे लगी ग्रिलो को भी समयानुसार चेक करते रहे। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस, प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। इसके साथ ही उन्होंने विशेष तौर पर गौ रक्षा बल के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़को पर कही भी अगर गौ वंश घूम रहा है तो उसको ले जाकर गौशाला में छोड़े और अब तक कितने गौवंश गौशाला में भेजे जा चुके है उनका पूरा ब्यौरा भी अपने पास अपडेट रखे।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पुलिया, जेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्ा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण सहित रोड़ सेफ्टी से जुड़ें अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आठवें दिवस कथा में हुआ राम जी का राज्याभिषेक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




फरीदाबादः श्री राम कथा का विश्राम दिवस मनाया गया। प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी हार्डवेयर चौक पर एसपी एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के तत्वाधान में चल रही महाशिवरात्रि उत्सव पर श्री राम कथा के दौरान काशी से पधारे हुए आचार्य सर्वेश पांडे ने कथा के विश्राम दिवस पर श्री राम जी का राज्याभिषेक कराया। उन्होंने बताया कि बुधवार को महा रुद्राभिषेक पंच कुंडी यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास ने बताया कि जब हनुमान जी सीता का पता लगा करके रामा दल में वापस आए तब समुद्र पर पुल बनाने का कार्य प्रारंभ हुआ। भगवान शिव की स्थापना की गई। जिसमें रावण को ही पूजा के लिए बुलाया गया। अंगद को दूत बनाकर समझौता पत्र लेकर भेजा गया रावण ने समझौता पत्र को स्वीकार नहीं किया और परिणाम यह हुआ रावण की पूरी सेना के साथ सभी पुत्रों के साथ कुंभकरण जैसे बड़े विशाल काय शरीर वाले भाई के साथ खुद का रावण का पूरे कुल का विनाश हो गया। विभीषण जी को लंका का राजा बनाया गया और श्री राम जी जानकी माता के साथ सभी बानरी सेना के साथ अयोध्या वापस आए। इस अवसर पर एके द्विवेदी, आरके सिंह, शैलेंद्र तिवारी, अजय दुबे, शिवेश मिश्रा, रवींद्र शुक्ला, भानु प्रताप पांडे उपस्थित रहे।

# जिले में ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे कोई दूसरा नहीं तोड़ पाएगा : गोयल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए चुनाव प्रचार में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनता से आह्वान किया कि फरीदाबाद में जीत का ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे, जिसे कोई दूसरा तोड़ नहीं पाएगा। जनता के बीच चुनाव प्रचार से यह समीकरण बन चुके हैं। यह बात उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा के अलग अलग वार्डों में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी व पार्षद उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कही।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी एवं विधानसभा फरीदाबाद के वार्ड 14 से भाजपा प्रत्याशी नरेश नंबरदार, वार्ड 31 से सैफाली सिंगला, वार्ड 32 से विनोद कुमार भाटी, वार्ड 33 से ज्योति सिलानी, वार्ड 35 से सचिन शर्मा, वार्ड 37 से मुकेश कुमार अग्रवाल, वार्ड 39 से रुमा नंबरदार सहित सभी उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। इसके अलावा वार्ड 36 से निर्विरोध पार्षद चुने गए कुलदीप साहनी के वार्ड में भी विपुल गोयल ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए समर्थन मांगा। गोयल ने प्रवीण बत्रा जोशी के लिए वोटों की अपील करते हुए कहा कि पार्टी तो उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। अब जनता का भी यह फर्ज बनता है कि प्रवीण बत्रा जोशी का एक से एक 11 बनकर साथ दें। एक एक वोट कमल के फूल के निशान पर पोल करवायें और $फरीदाबाद विधानसभा के सभी वार्डों से मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ यहां से भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को भारी मत भी विजयी बनायें । भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति के विकास के प्रति समर्पित है और अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है । श्री गोयल ने ने हरियाणा सरकार की आम आदमी के लिए चलाई गई योजनाओं को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की शिक्षा से लेकर चिकित्सा और राशन तक फ्री कर रखा है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में रामराज्य की स्थापना की है।

### कांग्रेस के बहकावे में ना आएं

भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक दल होने के साथ एक परिवार भी है। परिवार में करोड़ों सदस्य हैं। इसके बावजूद पूरे अनुशासन के साथ सभी रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी अनुशासन से हम सब आने वाली 2 मार्च को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर मजबूती देने का काम करें। उन्होंने कहा कि जीत हमारी हर हाल में होने जा रही है। अब तो वोटों के अंतर के लिए हमें मेहनत करनी है। जितने अधिक वोटों से हमारी जीत होगी, उतनी ही ताकत से हम विकास को आगे बढ़ा पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहकाने के लिए घूम रही है। हमें अपने विवेक से काम लेना है। किसी के बहकावे में नहीं आना।

अपना लक्ष्य कमल का फूल है और वही दिखाई देना चाहिए। हमारा भविष्य कमल के साथ सुरक्षित है। जितने कमल हम खिलाएंगे, उतने ही मजबूत हो जाएंगे।

खबरें फटाफट

## रोजगार मेले में 123 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



कानपुर देहात : जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात तथा अंनतराज फार्मेसी संस्थान अकबरपुर के संयुक्त प्रयास से एक दिवसीय तनाव प्रबंधन तथा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत में उपस्थित अभ्यर्थियों का आई०आई०टी० कानपुर नगर से आये काउन्सलर सनी कुमार तथा रीता शुक्ला द्वारा तनाव प्रबन्धन तथा अभ्यर्थियों को कैरियर निर्माण में होनें वाली बाधाओं तथा तनाव से निपटने के उपाय तथा सरकार द्वारा इस दिशा में किये जाने वालें प्रयासों को साझा किया। तत्पश्चात मेलें मे निजी क्षेत्र की 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करने वाले 270 अभ्यर्थियों में से 123 का विभिन्न पदों हेतु प्राथमिक चयन किया गया। मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी, विनोद सचान, प्रधानाध्यापक, अनन्तराज इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सीमा कटियार, अमर सचान, प्रबन्धक, तेज प्रताप सत्यार्थी, वरिष्ठ सहायक, अनुज कुमार यंग प्रोफेनल, विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक जिला सेवायोजन कार्यालय तथा संस्थान के समस्त स्टॉफ का सहयोग मिला।

## शादी समारोह के दौरान एक युवती से मारपीट का मामला सामने आया

कानपुर के नरवल थाना क्षेत्र के ग्राम भगुवाखेड़ा में शादी समारोह के दौरान एक युवती से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शादी की तेल की रस्म के दौरान हुई। छन्नू की बेटी सलोनी अपने घर पर डांस कर रही थी। इस दौरान मतोले का बेटा नीरज उसका वीडियो बनाने लगा। सलोनी ने वीडियो बनाने से मना किया। इस पर नीरज ने उसके बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। मतोले की पत्नी मंजू और उनका दूसरा बेटा धीरज भी मारपीट में शामिल हो गए। मारपीट में सलोनी के सिर और शरीर पर चोटें आईं। आरोपियों ने गाली-गलौज भी की। बच्चीलाल और राम विलास समेत कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। नरवल थाना प्रभारी राजेश सिंह के अनुसार, पीड़िता ममता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई

कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। भिंडुरी गांव के पास कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर एक नवजात शिशु का शव पुराने कपड़ों में लिपटा मिला। स्थानीय लोगों ने सुबह हाईवे की पैदल चलने वाली पट्टी पर शिशु का शव देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की। पुलिस अब आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर शिशु के परिजनों का पता लगाने में जुटी है।

# रसूलाबाद मे वन विभाग की बेश कीमती भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। कानपुर देहात रसूलाबाद क्षेत्र मे वन विभाग की हजारो भीगा बेश कीमती भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत नौहा नौगाव व बिरहुन में वन दरोगा साहबलाल यादव पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक युवक कि शिकायत के अनुसार, वन दरोगा ने दो लकड़ी ठेकेदारों - कुंजविहारी यादव और अवधविहारी यादव को संरक्षण देकर वन विभाग की हजारों भीगा जमीन पर अवैध कब्जा करवाया है।

दोनों ठेकेदार इस जमीन पर गेहूं की खेती कर रहे हैं। विभाग की जमीन पर कब्जा किए गए प्लॉट नंबर हैं - 2488/1, 2488/7, 2488/9, 2408/9, 2488/10 और 2488/11। इन प्लॉट में करीब 15 से 17 बीघा जमीन पर फसल बोई गई है। केवल 2 बीघा जमीन पर जंगल बचा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पिछले महीने वन दरोगा ने एक किसान से वन भूमि खाली करवाई थी। लेकिन अपने चहेते लोगों की अवैध खेती पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं की।

लोगों द्वारा निरीक्षण कराने की मांग

शिकायत में जिला स्तरीय टीम से मौके का निरीक्षण कराने की मांग की गई है। साथ ही वन भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वृक्षारोपण करवाने और दोषियों पर वन भूमि अधिग्रहण की धारा में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। वही रसूलाबाद वन रेंजर से पूरे मामले पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

इसी तरह ग्राम विरहुन में हजारों बीघा जमीन पर ग्राम के कई लोग वन विभाग की ज़मीन पर कब्जा करके लाखो रुपए की अवैध कमाई तथा लकड़ी माफियाओ से वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से की जा रही है लोगो का कहना साहब लाल बन दरोगा की सम्पत्ति की जाँच कराई जाय ग्राम बिरहुन में लगभग १०० बीघा ज़मीन पर गेहू आदि की फसल बोकर लोगो द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करके लाखो रुपये की कमाई की जा रही है तथा बन माफियाओ द्वारा पूरा जंगल काट डाला गया है पूर्व में बिरहून में जंगल काटने को लेकर कई अधिकारियों को अख़बार के माध्यम से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन इस पर भी अधिकारी कोई भी सही जवाब देने को तैयार नहीं है यहाँ पर यह भी बताना है आवश्यक है कि ग्राम बिरहुन में 1251 बीघा भूमि बन विभाग की है जिस कई लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया है साथ ही वन भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वृक्षारोपण करवाने और दोषियों पर वन भूमि अधिग्रहण की धारा में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

## नेशनल हाईवे पर भौती के सामने टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलटी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह भौती के सामने टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। बस पलटती ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और पुलिस ने बस में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से दिल्ली हाईवे पर टूरिस्ट से भरी एक बस कानपुर से भौती की तरफ जा रही थी। भौती बाईपास पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होने के बाद पलट गई। बस में सवार 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। यात्रियों की चीख-पुकार सुन हाईवे के आसपास दुकानदार समेत अन्य लोग दौड़े और यात्रियों को बाहर निकाला। भौती बाईपास पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होने के बाद पलट गई। बस में सवार 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। यात्रियों की चीख-पुकार सुन हाईवे के आसपास दुकानदार समेत अन्य लोग दौड़े और यात्रियों को बाहर निकाला।

## ज्योति बाबा को दिल्ली में मोस्ट इंस्पायरिंग आइकॉन ऑफ द ईयर के अवार्ड से नवाजा




नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर देहातः योग ज्योति इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक ज्योति बाबा को दिल्ली में मोस्ट इंस्पायरिंग आइकॉन ऑफ द ईयर के अवार्ड से नवाजा गया। उन्हें ये अवार्ड नशा मुक्ति के क्षेत्र में पिछले 35 साल से काम करने के लिए मिला है। यह पुरस्कार उन्हें फिल्म एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को आध्यात्मिक गुरु बनाने के लिए नशे के खिलाफ एकजुट होना होगा।

उन्होंने कहा कि अगर भारत को 2047 में विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा होना है तो हमें देश को नशा, प्रदूषण, कुपोषण, हिंसा से बचाना होगा। इन सब के पीछे का कारण नशा है। नशे के खिलाफ एकजुट हों, यही सनातन की सच्ची सेवा है। दिल्ली में शराब पॉलिसी के खिलाफ बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने वोट किया है। बिहार के बाद मध्य प्रदेश में भी 18 जिलों में पूर्ण शराब पर प्रतिबंध लगने जा रहा है।

समाज सेवा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख एशिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरू ज्योति बाबा का मेरिट के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण, आनंद महाराज, हरेंद्र मूर्ति, डा.ओम प्रकाश आनंद, पीयूष रंजन मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव ने खुशी जताई।

## कानपुर बुजुर्ग दंपती का लखनऊ विधानसभा के सामने आत्मदाह की कोशिश, पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। मेरी बेटी खेरेश्वर सरैंया घाट में दीपदान करने गई थी, लेकिन वहां से घर लौटकर नहीं आई। पुलिस की जांच के दौरान ई-रिक्शा में उसे मंदिर से लौटते हुए सीसीटीवी में देखा गया था। उसके पीछे गांव के प्रधान की स्कार्पियो आ रही थी उन लोगों ने ही अपहरण किया था, लेकिन पुलिस ने आज तक उनसे पूछताछ नहीं की। मेरी बेटी छह महीने से लापता है । मेरी बात न डीएम सुन रहे न कमिश्नर, मरने के अलावा मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा।

यह कहना है लखनऊ विधानसभा के सामने आत्मदाह की कोशिश करने वाले बुजुर्ग दंपती का। जिनकी बेटी 31 अगस्त 2024 से गायब है। बुजुर्ग दंपती ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया हैं। विधानसभा के सामने आत्मदाह की कोशिश के बाद सुर्खियों में आए दंपती अब तक वे कहां-कहां भटके इंसाफ क्यों नहीं मिला उत्तरीपुरा बिल्हौर मान निवादा निवासी 58 साल के राकेश दुबे अपनी पत्नी 55 साल की निर्मला देवी और बेटी के साथ गांव में ही रहते हैं। 26 साल की उनकी बेटी आकांक्षा दुबे एमए करने के बाद एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। जबकि राकेश दो बीघे खेत से अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। 31 अगस्त 2024 को आकांक्षा खेरेश्वर सरैंया घाट कानपुर में दीपदान करने गई थी, लेकिन वहां से घर लौटकर नहीं आई। पुलिस की जांच के दौरान ई-रिक्शा में उसे मंदिर से लौटते हुए सीसीटीवी में देखा गया था। लेकिन शिवराजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के साथ क्राइम ब्रांच को भी अभी तक लापता आकांक्षा का पता नहीं लगा है। बुजुर्गवार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा चुके हैं।

वह कहते हैं कि कहीं सुनवाई न होने के बाद ही हम सोमवार को विधानसभा के सामने पत्नी के साथ पहुंचे थे अब हमारी जीने की इच्छा नहीं रही यही कारण था कि हमने यहां पर आत्मदाह का प्रयास किया। लेकिन केरोसीन डालते ही पुलिस फोर्स ने दबोच लिया जैसे हम कोई क्रिमीनल हों।

## घरेलू विवाद के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

हमीरपुर। मंगलवार को मौदहा क्षेत्र में एक महिला सहित एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसमें महिला की मौत हो गई जबकि युवक का कानपुर में इलाज चल रहा है। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। युवक शराब पीने का आदी बताया जा रहा है।

मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी अभिलाषा (23) पत्नी अजय कुमार ने सुबह करीब सात बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना के समय घर में सास, ससुर और देवर मौजूद थे। जबकि पति एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गया हुआ था। फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। मृतका का विवाह लगभग ढाई वर्ष पहले हुआ था। जिसके एक डेढ़ साल की बेटी वैष्णवी है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट मामले में तीन लोगों को नामजद व 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आलियापुर टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट का मामला सामने आया है। टोल प्लाजा मैनेजर राघवेन्द्र तिवारी ने सजेती थाने में तीन लोगों को नामजद करते हुए 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना 19 फरवरी की है। लव सिंह नाम का व्यक्ति आटो लेकर टोल प्लाजा पहुंचा। टोल के पीछे बाईपास रास्ता बंद होने पर वह भड़क गया। उसने वहां तैनात कर्मचारी शशिकांत दीक्षित और युवराज सिंह को गालियां दीं। लोहे की रॉड से उन पर हमला किया। लव सिंह ने अपने गांव अमौली में फोन कर और लोगों को बुला लिया। जगन्नाथ सिंह, गया सिंह समेत 10-15 लोग लाठी-डंडे लेकर टोल प्लाजा पहुंच गए। सभी ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने एक बोलेरो और दस ओवरलोड ट्रक फ्री में निकालने की मांग की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।आरोपी लगातार टोल प्लाजा पर आकर कर्मचारियों को धमका रहे हैं। एक आरोपी ने कहा कि उसने कई हत्याएं की हैं और पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। थाना प्रभारी कमलेश राय के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से तीन लोग घायल



फतेहपुर। जिले में बीती रात एक शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग में तीन लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल रायल गेस्ट हाऊस पहुंची और घायलों को सीएचसी जहानाबाद में भर्ती कराया। जहां से हालत गम्भीर देखते हुए कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया गया है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के रायल गेस्ट हाऊस में कल सोमवार को गौहर सिद्दीकी के पुत्री की बारात घाटमपुर कस्बे से आई थी। अगवानी के समय काली स्कार्पियो में आया बिट्टू नामक व्यक्ति हर्ष फायरिंग करने लगा। फायरिंग में अखिलेश, मुल्ला, शिवप्रसाद गोली के छर्रे लगने से घायल हो गये। घटना से बारात में अफ़रा-तफ़री मच गई। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की पहचान बिट्टू नामक व्यक्ति के रूप में करके सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में तैनात नर्सों ने सीएमएस का घेराव कर लिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। नर्सों ने आरोप लगाया है कि पिछले दो माह से सैलरी नहीं आ रही हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में तैनात नर्सों ने मंगलवार को सीएमएस का घेराव कर लिया। नर्सों ने आरोप लगाया है कि पिछले दो माह से सैलरी नहीं आ रही हैं। घर चलाना मुश्किल हो गया। किसी भी अधिकारी से सैलरी की बात करो तो सभी नौकरी से निकलवाने की धमकी देते हैं।

सभी नर्सों का गुस्सा एक साथ आज फूट पड़ा। सभी लोग सीएमएस के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंची लेकिन उन्हें वहां भी आश्वासन ही मिला।

जितना भी नर्सिंग स्टाफ है वो आउट सोर्सिंग पर रखा गया है। नाम न छापने की शर्त पर नर्सों ने कहा कि जब कंपनी के किसी अधिकारी या हैलट के किसी अधिकारी से सैलरी की बात पूछों तो कोई भी सही जवाब नहीं देता हैं। ज्यादा पूछने पर अधिकारी भड़क जाते हैं। नौकरी से निकालने की धमकी, सैलरी काटने की धमकी देने लगते हैं।

नर्सों ने ये भी आरोप लगाया है कि हम काम नर्स का करते है लेकिन हमारे आई कार्ड में कुछ और ही पद लिखा रहता है। अगर चेक किया जाए तो सभी के कार्ड में अलग-अलग पद दर्शाया गया है, जबकि सभी स्टाफ नर्स हैं।

हंगामा कर रही नर्सों का आरोप था कि दीवाली में सभी का 5 दिन की सैलरी काटी गई थी। आज तक नहीं बताया गया कि सैलरी क्यो काटी गई। इसके बाद आज दिन तक वो सैलरी हम लोगों के खाते में नहीं दी गई। अब घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। इसलिए आज प्रदर्शन करना पड़ा है।

नर्सों को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही उनकी सैलरी का इंतजाम कराया जाएगा। इसके बाद उन्हें प्रिंसिपल के पास जाने को कहा गया। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने कहा कि नर्सों की समस्या को सुना गया है। उनका पैसा रिलीज कर दिया गया।

## कानपुर में एक ऐसा शिव मंदिर जिसे कहा जाता है द्वितीय काशी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। गंगा किनारे बसा औद्योगिक नगरी कानपुर कई चीजों के लिए विश्व में अपनी ख्याति प्राप्त किये हुए है। यही नहीं धार्मिक क्षेत्र में भी किसी अन्य शहरों से कम नहीं हैं। यहां के सिद्धनाथ मंदिर की प्रसिद्धि ऐसी है कि इसे दूसरी काशी के नाम से भी जाना जाता है। गंगा किनारे जाजमऊ स्थित इस मंदिर में वैसे तो रोजाना हजारों भक्तों का तांता लगा रहता है लेकिन श्रावण मास और महाशिवरात्रि के पर्व पर यह भीड़ लाखों तक पहुंच जाती है। यहां भक्त बेलपत्री, दूध, दही और जल का अभिषेक कर शिवलिंग पर चढ़ा कर मनोकामनाए मांगते हैं। इस मंदिर से जुड़ा अपना अलग इतिहास और पुराणों के अनुसार कई कहानियां प्रचलित है।


कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से करीब दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर जहां बाबा के दर्शन करने के लिए शहर ही नहीं बल्कि आस-पास के कस्बों से लोग पहुंचते हैं। गंगा किनारे बना यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के साथ लोगों के लिए दार्शनिक स्थल भी बना हुआ है। यही कारण है कि श्रावण मास और महाशिवरात्रि पर्व पर इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

ऐसी मान्यता है कि त्रेतायुग में जाजमऊ स्थित राजा ययाति का महल हुआ करता था। उनके पास एक हजार गायें थीं। लेकिन वे इन गायों में से एक गाय का ही दूध पिया करते थे। जिसके पांच थन थे। वहीं सुबह गायों को चरने के लिए छोड़ दिया जाता था। इस दौरान एक गाय अक्सर झाड़ियों के पास जाकर अपना दूध एक पत्थर पर गिरा देती थी।

# जिलाधिकारी ने की जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें: जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तेजी लायी जाये, गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। संक्रामक और मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए सफाई अभियान चलाने और आम जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एंबुलेंस सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए, मरीजों को समय पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करायीं जाये। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाए, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग अन्तर्गत संचालित हो रहें विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करें, जिन कार्यक्रमों के संचालन में कोई कमी पायी जाये उस पर विशेष जोर देकर कमियों को दूर करायें, संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की रेण्डम चेकिंग करायी जाये। जिलाधिकारी ने सीएचसी, पीएचसी पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने, हाईरिस्क प्रसव की लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराया जाये, इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए, एसएनसीयू के अन्तर्गत सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं दुरूस्त रहे, फैमली प्लानिंग, आभा आईडी आदि का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाये। बैठक में टीकाकरण, टीबी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। अंत में तृतीय पक्ष डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ द्वारा किए गए सर्वे की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है, ऐसे में सभी संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राजस्थान विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्षी कांग्रेस के बीच गतिरोध जारी

जयपुर (भाषा) राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को सदन में भावुक हो गए और कहा कि उन्होंने कभी पक्षपात नहीं किया और फिर भी अगर अनुचित शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है तो यह दुखद है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा सोमवार को सदन में कहे गये शब्दों की ओर इशारा करते हुए देवनानी ने कहा कि सदन के अंदर इस्तेमाल किए गए शब्द गंभीर और अपमानजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका अपमान नहीं बल्कि आसन का अपमान है। देवनानी ने कहा, मैंने कभी भी पक्षपात नहीं किया और ना करूंगा इसके बाद भी यदि इस तरह के शब्द सुने जायें तो मन को पीड़ा होना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा, लोगों ने मुझे इस असाधारण आसन तक पहुंचायाङ्क मैं तो एक छोटा सा कार्यकर्ता थाङ्क एक कॉलेज में पढ़ाता था.. कभी कल्पना नहीं की थी कि यहां तक पहुंचूंगा.. लेकिन मुझे आपने पहुंचाया...ऐसे शब्द सुनने के लिये तो मैं आसन पर नहीं आया हूंङ्कअध्यक्ष नहीं बना हूं इसलिये अब आप लोगों पर छोड़ता हूं कि इस पर क्या किया जाये... कैसे किया जायेङ्क.कौन करे।

उन्होंने कहा, एक दल के प्रदेश अध्यक्ष के भाषण के इन शब्दों को मैं दोहरा नहीं सकता। अखबारों में सबने पढ़ा है। वह शब्द सदन के अंदर ही कहे गए हैं चाहे सदन की कार्यवाही चल रही हो चाहे नहीं चल रही हो। लेकिन, सदन में बोले जाने वाले शब्द बहुत गंभीर हैं और अपमान जनक हैं।

देवनानी ने कहा, मेरा अपमान नहीं हुआ है।इस आसन का अपमान हुआ है। अब यदि हम इस आसन का अपमान चाहते हैं तो निश्चित रूप से इस बात को मैं स्पष्ट करना चाह रहा हूं कि जो कुछ सदस्य ने कहा, क्या करेंगे आप लोग यह सदन तय करे। लेकिन ऐसा व्यक्ति सदन के सदस्य बने रहने योग्य नहीं है। अब उसके लिए क्या किया जाए, क्या नियम है सदन को तय करना है।

गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणियों के बाद हुई तीखी बहस के बाद देवनानी ने सदन की अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं में बदलाव की भी घोषणा की। देवनानी ने कहा कि कोई भी विधायक जो अध्यक्ष के आसन के सामने व्यवधान डालेगा, उसे स्वतः ही पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया जाएगा, चाहे वह किसी भी पार्टी से जुड़ा हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि निलंबन का प्रस्ताव मंजूरी के लिए सदन में लाने की जरुरत नहीं होगी, जैसा कि पहले होता था।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने डोटासरा की सदस्यता समाप्त करने की मांग की, जबकि अन्य दलों के सदस्यों ने इस घटना की निंदा की।

राजस्थान विधानसभा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के नेताओं के बीच गतिरोध मंगलवार को भी जारी है और कांग्रेस के छह निलंबित विधायकों को सदन में प्रवेश नहीं करने दिया गया।

निलंबित विधायकों का समर्थन कर रहे कांग्रेस के अन्य विधायक भी विधानसभा में प्रवेश नहीं कर पाए। कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच, कांग्रेस के बहिष्कार के बीच सदन की कार्यवाही जारी रही। बाद में, कांग्रेस विधायकों का विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। उन्होंने सदन की कार्यवाही में भाग नहीं लिया। कांग्रेस के बहिष्कार के बीच बजट पर बहस जारी रही। मंगलवार शाम को सदन की कार्यवाही 27 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, जिस बात को लेकर गतिरोध हुआ था, मंत्री की वह टिप्पणी आज भी कार्यवाही में मौजूद है और मंत्री एक शब्द नहीं बोल रहे हैं।

डोटासरा ने कहा, हमारी मांग आज भी वही है कि मंत्री माफी मांगे उनके द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री के लिये कहे गये शब्दों को कार्यवाही से हटाया जाए और फिर हमारा निलंबन रद्द कर सदन चले।

डोटासरा ने कहा, सदन इनको (सरकार को) चलाना है- इनकी आंतरिक कलह है 'मुख्यमंत्री की' विधानसभा अध्यक्ष की, वसुंधरा की, किरोड़ी मीणा की उसके चक्कर में पूरे राजस्थान के मुद्दों को नजरअंदाज करना चाहते हैं।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने संवाददाताओं से कहा, सदन में गतिरोध को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता दिशाहीन हो गए हैं और अनावश्यक मुद्दों पर गतिरोध पैदा कर रहे हैं, उन्हें सदन चलाने में मदद करनी चाहिए।

# योगी को महाकुंभ के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देना चाहिए : ममता



कोलकाता (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है तथा उन्होंने विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की जांच करने का आग्रह किया।बनर्जी ने यहां राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि चूंकि उन्होंने कुंभ मेले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है, इसलिए उन्हें तत्काल यह राशि जारी करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ मेले के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड के चितरपुर में महिला के अपहरण के विरोध में आजसू सांसद द्वारा आहूत बंद शांतिपूर्ण रहा

रामगढ़ (झारखंड) (भाषा) झारखंड के रामगढ़ जिले के चितरपुर कस्बे में एक युवती के कथित अपहरण को लेकर आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा मंगलवार को आहूत सुबह से शाम तक का बंद शांतिपूर्ण रहा और इस दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे व सड़कों पर वाहन नहीं दिखे। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंद समर्थकों ने सुबह करीब चार घंटे तक रामगढ़-बोकारो राजमार्ग पर चितरपुर में रेलवे ब्रिज चौक और रजरप्पा मोड़ के पास सड़क जाम किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए नाकाबंदी हटाने के लिए मना लिया।

चितरपुर कस्बे के चट्टी बाजार, बाजारटांड और गंगी जमुनी इलाकों के दुकानदारों ने बंद के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं। दवा की दुकानों समेत आपातकालीन सेवाओं को बंद के दायरे से बाहर रखा गया।

गिरिडीह से आजसू पार्टी के एकमात्र सांसद चौधरी ने महिला का पता लगाने में पुलिस की कथित उदासीनता के विरोध में सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बंद का आह्वान किया था। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जनता में विश्वास पैदा करने के लिए चितरपुर में फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। रामगढ़ उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि बंद शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चितरपुर में रेलवे ब्रिज चौक के पास मुख्यमंत्री का पुतला भी जलाया और उनकी सरकार पर राज्य में घुसपैठ और धर्मांतरण पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# झारखंड बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में 10 लोग गिरफ्तार : पुलिस

रांची (भाषा) झारखंड में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने मंगलवार को छह और लोगों को हिरासत में लिया, जिससे गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 10 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं को बताया, बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोडरमा पुलिस ने पूरी कड़ी को तोड़ दिया और पाया कि मुख्य आरोपी एक छात्र था जो मजदूर के रूप में भी काम करता था। कोडरमा पुलिस ने छह लोगों को गिरिडीह जिले से गिरफ्तार किया। कोडरमा के एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि टाउन थाना अंतर्गत बरगंडा इलाके में छापेमारी के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। 'झारखंड एकेडमिक काउंसिल' (जेएसी) ने प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद 20 फरवरी को हिंदी और विज्ञान विषयों की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी थी।

डीजीपी ने कहा कि मुख्य आरोपी ने निर्धारित परीक्षा से करीब एक सप्ताह पहले ट्रक से प्रश्नपत्र उतारते समय कथित तौर पर प्रश्नपत्र निकाल लिया था।

डीजीपी ने कहा, आरोपी ने प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी ली और उसे सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया। प्रश्नपत्र की मूल प्रति उसके घर से बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी।

# सिद्धरमैया पांच साल तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने रहेंगे : यतींद्र



मैसुरु (कर्नाटक) (भाषा) कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए कांग्रेस एमएलसी यतींद्र ने मंगलवार को कहा कि उनके पिता सिद्धरमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे और पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी, विधायक और आलाकमान सिद्धरमैया के साथ हैं। उन्होंने एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री और अन्य को क्लीन चिट दिए जाने का भी स्वागत किया और कहा कि सत्य की जीत हुई है। राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के बारे में पूछे गए सवाल पर विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) यतींद्र ने कहा कि ऐसी बातें हर पार्टी में होती हैं, क्योंकि हर पार्टी में मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कहा है कि किसी को भी मीडिया के सामने इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, इसलिए मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा।


राज्य में इस वर्ष के अंत में मुख्यमंत्री पद पर बदलाव की अटकलें लगाई जा रही हैं। मई 2023 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धरमैया और प्रदेश पार्टी प्रमुख डी के शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी तथा कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में कामयाब रही और उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया।

उस समय ऐसी खबरें आई थीं कि रोटेशनल फॉमूर्ले के आधार पर समझौता हो गया, जिसके अनुसार शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन पार्टी द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।

सिद्धरमैया पर मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी एम को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं। एमयूडीए मामले की जांच करने वाली लोकायुक्त पुलिस द्वारा सिद्धरमैया, उनकी पत्नी और दो अन्य को क्लीन चिट दिए जाने के सवाल पर यतींद्र ने कहा कि वह पहले दिन से ही कह रहे हैं कि उनके पिता या मामले में किसी अन्य ने किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं की।

# महाकुंभः हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके परिवार ने संगम में लगाई डुबकी

शिमला (भाषा) हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के तहत त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ हमारी समृद्ध संस्कृति और सदियों पुरानी परंपराओं में आस्था का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही विशिष्ट रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों की खुशहाली और समृद्धि की भी कामना की।

# खेल

## न्यूज ब्रीफ

### अमला ने गिल की तारीफ की, कहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कमाल करेंगे

नवी मुंबई (भाषा) दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने मंगलवार को भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऋषभ पंत और रेयान रिकेल्टन के साथ भविष्य का अगला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया जिनकी वनडे में शानदार शुरूआत हुई है।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के उप-कप्तान बनाये गए 25 वर्षीय गिल ने 2023 में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने के बाद टूनार्मेंट के पहले दिन बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया।

गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच विजयी शतक के साथ शुरूआत की और पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण 46 रन बनाये जिससे भारत ने दुबई में दो मैचों में जीत हासिल की।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में साउथ अफ्रीका मास्टर्स के लिए खेल रहे अमला ने पीटीआई वीडियोज से खास बातचीत में कहा, भारत के लिए आपके पास शुभम गिल हैं और ऋषभ पंत काफी समय से टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए हमारे पास रेयान रिकेलटन हैं जिन्होंने हाल ही में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा, हर देश में करीब दो तीन क्रिकेटर होते हैं जो आगे बढ़ते हैं और मुझे लगता है कि यह काफी सामान्य बात है। आप देखते हैं कि हर पांच साल में कोई युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना नाम बनाता है और संभवतः अगला सबसे बड़ा नाम बन जाता है।

गिल के बारे में आगे बात करते हुए अमला ने कहा, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, जिस तरह से उन्होंने वनडे क्रिकेट में शुरूआत की, वह असाधारण रहे हैं। वह शीर्ष क्रम में भारत की सफलता में अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा, उनकी रोहित (शर्मा) के साथ शीर्ष क्रम में बहुत ही शक्तिशाली और खतरनाक साझेदारी है और फिर टीम के पास तीसरे नंबर पर विराट (कोहली) हैं।

## धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी पाकिस्तान की इस टीम की किस्मत नहीं बदल सकता : सना मीर

कराची (भाषा) पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने वाली अपने देश की पुरुष टीम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यहां तक कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी इस पाकिस्तानी टीम की किस्मत नहीं बदल सकता है।

पाकिस्तान की टीम को अपने पहले दो मैच में न्यूजीलैंड और भारत से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है।

सना ने गेम ऑन है कार्यक्रम में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या (पाकिस्तान के पूर्व कप्तान) यूनिस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है।

मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी 39 वर्षीय सना ने कहा, मैं मैच देख रही थी तो तब मेरे एक दोस्त का फोन आया कि भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए हैं मुझे लगता है कि मैच खत्म हो गया है। मैंने उससे कहा कि पाकिस्तान का खेल तो तभी खत्म हो गया था जब टीम घोषित की गई थी।

पाकिस्तान की तरफ से सीमित ओवरों के 300 से अधिक मैच खेलने वाली सना ने कहा कि टीम का चयन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं किया गया।

## भारत एफआईएच प्रो लीग के कड़े मुकाबले में इंग्लैंड से 2-3 से हारा

भुवनेश्वर (भाषा) भारतीय पुरुष हॉकी टीम को कड़ी टक्कर देने के बावजूद सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में इंग्लैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जिसके लिए कप्तान सैम वार्ड के दो गोल दागे। इंग्लैंड ने जैकब पेटन (15वें मिनट) के जरिए पहला गोल किया जबकि वार्ड (19वें और 29वें मिनट) ने दो गोल कर दिए।

भारत के लिए अभिषेक (18वें मिनट) और सुखजीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल किए।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच बराबरी की स्थिति रही और दोनों टीमें शुरूआती गोल के लिए एक-दूसरे पर दबाव बनाती रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने रक्षण में कई गलतियां कीं, विशेषकर कप्तान हरमप्रीत सिंह ने जो लय में नहीं दिखे।

## कुलदीप यादव : कैसे बाएं हाथ का कलाई का स्पिनर बना भारत का डेथ ओवरों का विश्वसनीय गेंदबाज



बेंगलुरू (भाषा) कुलदीप यादव की बाएं हाथ की कलाई की स्पिन गेंदबाजी शेन वार्न या अब्दुल कादिर की तरह आकर्षक नहीं है। भारतीय गेंदबाज का जादू सादगी और साहस में छिपा हुआ है और पिछले रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के चैंपियन्स ट्रॉफी मैच को याद करें तो यह धारणा सही साबित होगी।

पाकिस्तान बल्लेबाजी कर रहा था और टीम ने पारी के आठ ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 200 रन बना लिए थे। फॉर्म में चल रहे सलमान आगा और खुशदिल शाह क्रीज पर थे। कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप को गेंद थमाई। सलमान ने इसे रन बनाने के मौके के तौर पर देखा और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रविंद्र जडेजा को कैच दे बैठे। अगली ही गेंद कुलदीप ने तेज गेंद फेंकी और शाहीन शाह अफरीदी को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया और पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 200 रन हो गया।

यह विविधता और बल्लेबाजों का त्वरित आकलन ही है जो कुलदीप को मैच के किसी भी चरण में, यहां तक कि अंतिम 10 ओवरों में भी, एक वास्तविक खतरा बनाता है। भारत के एक पूर्व स्पिनर ने पीटीआई से कहा, चोट के बाद वापसी करने के बाद थोड़ी निर्ममता की कमी हो सकती है लेकिन उसने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। कुलदीप की गेंदबाजी में सटीकता है और इसलिए कप्तान डेथ ओवरों में भी उन्हें गेंद थमाते हैं जैसा कि रोहित ने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ किया था। असल मे ईएसपीएनक्रि-कइंफो के आंकड़े बताते हैं कि कुलदीप ने 2015 से 40 से 45 ओवरों के बीच 43 पारियों में 25 विकेट लिए हैं। इस समय अंतिम 10 ओवरों में आउटफील्ड में पांच क्षेत्ररक्षकों को खड़ा करने की स्वीकृति होती है।

कुलदीप 40 से 45 ओवर के बीच लिए गए विकेटों के मामले में साथी कलाई के स्पिनरों राशिद खान (36) और एडम जंपा (29) से पीछे लेकिन इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (25) के बराबर हैं। कुलदीप ने कहा कि उन्हें डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने की चुनौती पसंद है। उन्होंने कहा, मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने में पहली पसंद बनने में सक्षम था।

## मैंने विराट कोहली से बेहतर वनडे खिलाड़ी नहीं देखा : पोंटिंग



दुबई (भाषा) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में विराट कोहली से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं देखा है और उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज वनडे में हमवतन सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहेगा।

कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रविवार को यहां नाबाद 100 रन बनाए जो उनके वनडे करियर का 51वां शतक है। कोहली की इस शानदार पारी से भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह (सर्वाधिक रन बनाने के मामले में) मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे। कोहली ने अपने शतक के दौरान वनडे क्रिकेट में 14000 रन भी पूरे किए। वह तेंदुलकर और श्रीलंका के कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली (14085 रन) अभी भी तेंदुलकर (18426) से 4341 रन पीछे हैं और 36 साल की उम्र में उनके पास इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत सीमित समय है लेकिन पोंटिंग को नहीं लगता कि कोहली के लिए यह असंभव काम है।

पोंटिंग ने कहा, निश्चित तौर पर शारीरिक रूप से वह पहले की तरह फिट हैं और अपने खेल के इस पहलू पर असाधारण रूप से कड़ी मेहनत करते हैं। जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो हैरानी होती है। विराट पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद अब भी तेंदुलकर से 4000 रन पीछे हैं।

उन्होंने कहा , इससे न सिर्फ यह पता चलता है कि सचिन कितने अच्छे बल्लेबाज थे बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि वह कितने लंबे समय तक इस खेल को खेलते रहे। लेकिन विराट जैसे खिलाड़ी को आप कभी चुका हुआ नहीं मान सकते हैं। अगर उनमें अब भी रन बनाने की भूख है तो मैं कभी यह नहीं कहूंगा कि वह तेंदुलकर का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकते हैं।

## भारत को एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिल रहा हैः कमिंस

सिडनी (भाषा) चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि भारत को दुबई में एक ही स्थान तक खेलने का फायदा मिल रहा है जबकि अन्य टीमों को हाइब्रिड मॉडल के अनुसार खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में ग्रुप चरण के अपने मैच पाकिस्तान के विभिन्न स्थानों पर खेलने पड़ रहे हैं।

भारत ने सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए टूनार्मेंट के मेजबान पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद हाइब्रिड मॉडल के तहत टूनार्मेंट आयोजित करने का फैसला किया गया जिसके अनुसार भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। कमिंस ने याहू ऑस्ट्रेलिया से कहा, यह अच्छा है कि टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है लेकिन जाहिर तौर पर इससे उन्हें (भारत को) एक ही मैदान पर खेलने का बड़ा फायदा मिलता है।

## अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने के लिए तैयार : वेंकटेश अय्यर

नयी दिल्ली (भाषा) ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं।

वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरूआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी।

केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया।

वेंकटेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है।

उन्होंने कहा, इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है।

वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, आपको अपने ड्रेसिंग रूम में नेतृत्वकर्ता बनने के लिए कप्तान के ठप्पे की आवश्यकता नहीं है। आपको उदाहरण स्थापित करने की आवश्यकता है। आपको मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह एक अच्छा आदर्श बनने की जरूरत है जो मैं अभी मध्य प्रदेश में कर रहा हूं।

वेंकटेश ने कहा, मैं मध्य प्रदेश टीम का कप्तान नहीं हूं लेकिन मेरी राय का सम्मान किया जाता है और मुझे ऐसे माहौल में रहना पसंद है जहां हर व्यक्ति - नया या अनुभवी, 20 लाख रुपये, 20 करोड़ रुपये, जो भी हो - आपको बस अपनी राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को केवल पारंपरिक मदरसों तक सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर भी प्रदान करना चाहती है।

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.**

नई दिल्ली, बुधवार 26 फरवरी 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

**FRONT PAGE 2**



दयाशंकर सिंह ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभिन्न जनपदों से आये हुए लोगों की समस्याओं को सुना और उचित कार्यवाही हेतु सुनिश्चित किया।




# शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स में शुरु हुआ खेल महाकुम्भ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**शंकरा ग्लोबल हैकॉथान 8 फरवरी से-** शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स अपने 25वें बसन्त में प्रवेश करने के अवसर पर आयोजित करने जा रहा है - रजत जयन्ती (सिल्वर जुबली) साईट - 2025 सह शंकरा ग्लोबल हैकॉथान।

कूकसः जयपुर स्थित शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स अपने 25 वें गौरवशाली वर्ष को बडे धूम धाम से मना रहा है इस अवसर पर दस दिवसीय सिल्वर जुबली कार्यक्रम साईट - 2025 सह शंकरा ग्लोबल हैकॉथान आयोजित करने जा रहा है समारोह का उद्‌घाटन राजस्थान के राज्यपाल माननीय हरिभाऊ किसनराव बागडे करेगें एवं इस अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान भजन लाल शर्मा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। नो मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह में झारखण्ड के राज्यपाल माननीय संतोष गंगवार की उपस्थिति रहेगी। जिनके द्वारा साईट - 2025 एवं शंकरा ग्लोबल हैकॉथान के विजेताओं का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

अन्य वर्षो की भांति इस रजत जयन्ती वर्ष के आयोजन को शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स एवं आरटीयू कोटा, एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर एवं बीटीयू बीकानेर एसकेएनएयू जोबनेर जयपुर, एसकेआरयू बीकानेर के संयुक्त तत्वाधान तथा भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया तथा बैंक ऑफ बडोदा के सहयोग से आयोजित करने जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुये न्यास अध्यक्ष संत कुमार चौधरी ने कहा कि साईट - 2025 एवं शंकरा ग्लोबल हैकाथान का उदघाटन राजस्थान के



राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे करेगें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्रीमान भजन लाल शर्मा करेंगे। इस कार्यक्रम में देश के केन्द्रीय मंत्री, कई राज्यों के मंत्री, सांसद एवं जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भाग लेने आ रहे है। साथ ही विभिन्न देशो के प्रतिनिधि भी भाग लेने आ रहे है। दस दिवसीय कार्यक्रम में अलग अलग विषयों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। संस्थान की ओर से इस अवसर हेतु सभी आवश्यक तैयारिया पूर्ण कर ली गई है शंकरा ग्लोबल हैकाथान में भाग लेने हेतु देश के कौने कोने के प्रतिभागी प्रतिक्षारत रहते है इन्हें आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था संस्थान की ओर से उपलब्ध कराई जाती है। इस अदभुत आयोजन की संस्थान में आये हुये सम्मानित अतिथियों द्वारा बार बार प्रशंसा की जाती रही है जिससे संस्थान को इस क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरणा मिलती रहती है। यह संस्था अनेकों अन्तर्राष्ट्रीय अनुबंधों के द्वारा शिक्षक एवं छात्रों के विनिमय कार्यक्रमों से विश्व के कौने कौने में उच्च शिक्षा के लिए जाने हेतु अवसर प्रादान करती रही है। इस वर्ष भी इस अनुबंध के तहत अनेक छात्रों का चयन किया गया है जो वर्तमान सत्र समाप्ती के बाद छात्रवृति के साथ विश्व एवं देश की उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**टैक्नीकॉन एवं किसान इन्टरनेशनल पत्रिका विशेषांक का होगा विमोचन-** इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्तर्राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं के विशेषांक का भी विमोचन किया जायेगा। इस पत्रिका में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी शिक्षा के विद्वानों एवं वैज्ञानिकों द्वारा प्रेषित लेखों के प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की जाती है।

**अन्र्तसदनीय (इन्टर कॉलेज कॉम्पटिशन) का हुआ शुभारम्भ -** संस्थान के अध्यक्ष डॉ संत कुमार चौधरी ने क्रिकेट एवं कब्बड्डी के खिलाडियों के साथ हाथ मिलाकर इन्टर कॉलेज कॉम्पटिशन का आरम्भ किया इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं छात्र - छात्राओं का स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में कहा कि खेल-कूद बालकों के मस्तिष्क में सामंजस्य स्थापित करने का एक शाश्वत माध्यम है जिसके अभ्यास द्वारा युवाओं में नवीन आत्म चेतना का उदय होता है। भारत अपनी प्रचीनतम पहचान के माध्यम से आज विश्वबंधुत्व का प्रतीक बन गया है, आज का उर्जावान युवा, आध्यात्मिक उन्नयन, शारीरिक एवं मानसिक सशक्तिकरण एवं स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए खेल को अपने जीवन में साविष्ट करने का संकल्प ले। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को इसकी शपथ दिलाई।

**दिनांक 5 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है- इन्टर कॉलेज कॉम्पीटीशन-** शंकरा ग्लोबल हैकॉथान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर शाबित हो रहा है वही राष्ट्रीय युवा महोत्सव, साईट - 2025 भी विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक-साहित्यक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद से संबंधित विभिन्न 37 प्रतियोगिता का आयोजन करके प्रतिभागियों को सर्वांगिण विकास करने एवं अपनी क्षमताओं प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता, क्रिकेट, चैस, बेडमेंटन, बॉलीबाल, कैरम, लेन गेमिंग, सॉफ्टवेयर डबलपमेंट, संगीत, नृत्य, फैशन शो, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, आशुभाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग लेने जा रहे है अब तक लगभग 350 टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है एवं अभी भी रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है।

**अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस 7 मार्च को-** दिनांक 7 मार्च को अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस का उद्‌घाटन महामहिम मिखाइल कास्को, भारत में बेलारुस गणराज्य के राजदूत एवं अरुकोमर हार्डियन भारत में श्रीलंका और वियतनाम में सूरी गणराज्य के राजदूत करेगें। प्रो. अजय कुमार शर्मा माननीय कुलपति एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर एवं बीटीयू बीकानेर प्रो. बलराज सिंह माननीय कुलपति एसकेएनएयू जोबनेर, जयपुर आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। इस सेमीनार को उद्देश्य दुनियाभर के शोधकर्त्ता शिक्षाविदों एवं उद्योगपतियों व विद्यार्थियों को एआई के क्षेत्र में अपनी सूझ के माध्यम से कार्य करने हेतु मंच प्रदान करना है। इसमें इन्टरनेट ऑफ थिंग के सिद्धान्तों एवं कार्यप्रणाली एवं इसकी उपयोगिता को साझा करने के लिए एक उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

**शंकरा ग्लोबल हैकॉथान का आयोजन होगा - 8 एवं 9 मार्च 2025-** शंकरा ग्लोबल हैकॉथान में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की लगभग 300 टीमों ने भाग लेने की सहमति प्रदान की है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशी प्रतिभागी भी भाग लेने हेतु आ रहे है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य कम्प्यूटर आधारित समस्याओं का, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाधान तलाशना है। शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स अब तक पांच ग्लोबल हैकॉथान का आयोजन कर चुका है। जिसमें युवाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुये भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रदान करते हुये प्रोत्साहित एवं सम्मानित होते है। इस आयोजन में देश एवं विदेश के कोने कौने से विभिन्न उच्च तकनीकी संस्थाओं के प्रतिभागी भाग लेते है।

## उत्तर प्रदेश में शिक्षक भर्ती में 'घोटाला' हुआ, न्यायिक जांच कराई जाए: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने मंगलवार को एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में 69,000 शिक्षकों की भर्ती में आरक्षित श्रेणी के पदों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों की भर्ती की गई और इस ''घोटाले'' से वंचित तबकों का अधिकार छीन लिया गया।


पार्टी सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। पुनिया ने संवाददाताओं से कहा, ''उत्तर प्रदेश में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का एक नया घोटाला सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया।'' उन्होंने दावा किया कि इन आरक्षित सीटों में बाकी 15,863 सीटों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों को नौकरी दी गई

# 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन की सफलता के दौरान विश्व के प्रमुख धार्मिक नेताओं ने ली शांति और एकता की शपथ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली :** संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी, दिल्ली में आयोजित 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में विश्वभर से आए अनेक धार्मिक नेताओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो विश्व शांति और मानव एकता पर अपने विचारों को शेयर करने के लिए विश्व के सबसे बड़े सांझे मंच पर एकत्रित हुए थे। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख और अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सान्निध्य में 22-23 फरवरी को 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव सम्मेलन के दौरान प्रभु-प्रेम और मानव एकता के विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यह सम्मेलन विश्व धर्म संघ और मानव एकता सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के 131वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित किया गया था। जिन्होंने फरवरी, 1974 में प्रथम मानव एकता सम्मेलन आयोजित किया था। इस अवसर के महत्त्व को और बढ़ाते हुए, इस कार्यक्रम में संत दर्शन सिंह जी धाम के उद्‌घाटन के 25 वर्ष भी मनाए गए, जोकि दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के सम्मान में स्थापित रूहानियत से भरपूर एक आध्यात्मिक स्थल है। 25 वर्षों से यह स्थान दुनिया भर के साधकों के लिए शांति, ध्यान और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक रहा है।भारत और विदेशों से आए विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने प्रेम, एकता और ज्ञान के सिद्धांतों के अनुसार जीवन जीने के महत्त्व पर बल दिया।परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने उद्‌घाटन अवसर पर अपने संदेश में कहा कि, "परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने हमें खुद को जानने और आत्म-ज्ञान तथा प्रभु-प्राप्ति के मार्ग पर चलने का आग्रह किया। उनका विश्व-व्यापी संदेश "एक बनो, नेक बनो, एक रहो" जीवन के सच्चे सार को दर्शाता है और हमें उनके प्रकाश पर्व के सम्मान में इसे अपने जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने हमें समझाया कि धर्म और रंग के बाहरी मतभेदों के बावजूद हम सभी प्रभु के दिव्य प्रेम के रेशमी धागे से बंधे हैं।





आत्मा के रूप में हम पिता-परमेश्वर की अंश हैं लेकिन इस दुनिया के आकर्षण अक्सर हमें इस वास्तविकता से अनजान रखते हैं। ध्यान-अभ्यास के माध्यम से हम अपनी एकता के प्रति जागरूक होते हैं और प्रभु की दिव्य सत्ता को अपने अंतर में अनुभव करते हैं। वे अक्सर कहा करते थे कि हमें प्रभु-प्राप्ति के अपने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास करना चाहिए। "परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने उपस्थित सभी भाई-बहनों को दोनों समारोहों की बधाई दी तथा इन महान संतों के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि, "परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने अपना जीवन लाखों लोगों को प्रभु-प्राप्ति के रास्ते पर मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित कर दिया। वे प्रभु के प्रकाश की किरण थे, जिन्होंने हमारी आत्मा के अंधकार को अपने ज्ञान से दूर कर हमारे जीवन को प्रकाशित किया। पिता-परमेश्वर ऐसे संतों-महात्माओं को मानवता के उत्थान के लिए इस धरा पर भेजते हैं। उन्होंने हमारे भीतर प्रभु के दिव्य-प्रेम को जागृत कर हमारे जीवन को परमानंद से भर दिया। जैसा कि हम संत दर्शन सिंह जी धाम के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं तो इस अवसर पर मैं इन दोनों महान संतों की याद में यहाँ आयोजित होने वाले सम्मेलनों के लिए बहुत खुश हूँ। हमारा लक्ष्य इसे और भी सुंदर बनाना है क्योंकि यह मानव जाति की सेवा करने, ध्यान-अभ्यास करने और आध्यात्मिक रूप से विकसित होने के लिए एक पवित्र स्थान है।

इस सम्मेलन के दौरान 22 फरवरी को 'ध्यान-शाश्वत शांति और एकता का मार्ग' और 23 फरवरी को 'कृपाल - दिव्य प्रेम और ज्ञान महासागर' विषयों पर दो आध्यात्मिक सेमिनारों का आयोजन किया गया।दो दिनों तक चलने वाले 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में विश्वभर से आए अनेक धार्मिक नेताओं और प्रतिनिधियों जिनमें, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद जी महाराज, निज़ामुद्दीन औलिया दरगाह से सैयद फरीद अहमद निज़ामी, ऋषिकेश से आए महंत श्री रवि प्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्री भैणी साहिब से संत निशान सिंह जी, फादर बेंटो रोड्रिग्स, आचार्य येशी फंटसोक, केन्द्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, आचार्य स्वामी देवेन्द्रानंद गिरि जी महाराज, श्री श्री भगवान आचार्य जी महाराज, रब्बी एजेकिल इसाक मालेकर, विवेक मुनि जी, फादर एम.डी. थॉमस और गोस्वामी सुशील जी महाराज ने अपने विचार रखें।

अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं में कोलंबिया से तशरीफ लाई लीना मारिया सालगाडो, घाना से पधारे राफेल याओ मेनू, पेरू से आई पाओला नेयरा, और अमेरिका से आए कार्लोस लोज़ानो शामिल हैं। इन सभी वक्ताओं ने विश्व में शांति स्थापित करने के लिए ध्यान-अभास और आध्यात्मिकता को अपने जीवन में ढालने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा परम संत कृपाल सिंह जी महाराज को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा बताए गए निष्काम सेवा की परंपरा को जारी रखते हुए 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में 40वें निःशुल्क नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविर और वस्त्र वितरण शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सावन कृपाल रूहानी मिशन ने दिल्ली में कई एनजीओ और अस्पताओं में खाद्य सामग्री, फल और दवाईयाँ भी वितरित कीं।तीन दशकों से भी ज्यादा समय से परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने मानव जीवन के उद्देश्य की तलाश करने वालों के लिए स्वयं अपना जीवन एक उदाहरण के रूप में पेश किया है। ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता के ज़रिये आंतरिक और बाहरी शांति को बढ़ावा देने के लिए उनके कार्यों के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल बदमाश जिला अस्पताल से फरार

**नोएडा,** (भाषा) नोएडा पुलिस के साथ मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुआ बदमाश जिला अस्पताल से तीन-तीन दरोगा और कई पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद फरार हो गया।

इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और विभागीय जांच के आदेश देने के साथ साथ लापरवाही बरतने के आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

अपर पुलिस उपायुक्त सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना फेस वन पुलिस ने आज तड़के एक मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों श्याम कुमार और समीर अली को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की गोली श्याम कुमार के पैर में लगी थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

# प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने महाकुंभ में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई, मंत्री नंदी ने किया स्वागत





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को एक नया विस्तार एवं मजबूती देने वाले, शालीनता एवं सादगी के प्रतीक, कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत भाजपा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी जी ने आज धर्म, अध्यात्म, आस्था एवं संस्कृति के महासमागम महाकुंभ में सपरिवार सम्मिलित होते हुए आस्था की डुबकी लगाई।

जप, तप एवं साधना की पुण्य स्थली तीर्थराज प्रयाग में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी को प्रदेश अध्यक्ष को कुंभ कलश भेंट कर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने संगम दर्शन के साथ ही श्री बड़े हनुमान जी एवं श्री अक्षयवट जी का दर्शन कर लोक कल्याण एवं पुण्य की कामना की।

# मेट्स ने स्वास्थ्य सेवा विस्तार और सांस्कृतिक विरासत के लिए दूरदर्शी योजनाओं के साथ परिवार दिवस मनाया





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**दिल्ली,** : महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी ने परिवार दिवस का आयोजन किया, जो एक मजेदार कार्यक्रम था जिसका उद्देश्य शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को उत्सव और बंधन के दिन के लिए एक साथ लाना था। यह कार्यक्रम 23 फरवरी को रोहिणी स्थित महाराजा अग्रसेन तकनीकी शिक्षा सोसाइटी परिसर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हवन समारोह से हुई जिसने माहौल को प्रज्वलित कर दिया, आध्यात्मिक ऊर्जा की आभा में सबने सभी के लिए भगवान का आशीर्वाद मांगा1

मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. नंद किशोर गर्ग ने सभा को संबोधित करते हुए, मेट्स के ट्रस्टी जनों के प्रति कृतज्ञता और गर्व की अपनी गहरी भावना व्यक्त की, उन्होंने कहा कि मेट्स कितना भाग्यशाली है कि वह रजत जयंती समारोह मना रहा है, जिसने सिर्फ एक वर्ष में 50 से अधिक प्रभावशाली कार्यक्रमों की मेजबानी की है।

उन्होंने 200 से अधिक समर्पित ट्रस्टियों के अटूट समर्थन को स्वीकार किया, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश में महाराजा अग्रसेन आयुष अस्पताल की सफलता में मदद की है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जोर दिया और अप्रैल तक 100 बिस्तरों की सुविधा शुरू करने की अपनी योजना की घोषणा की, जिसमें 500 बिस्तरों तक विस्तार करने और निकट भविष्य में इसे नर्सिंग अस्पताल में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी दृष्टि है। इसके अलावा, उन्होंने संस्थान के पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जो विभिन्न उद्योगों में शीर्ष स्तरीय संगठनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और उत्कृष्टता की विरासत छोड़ रहे हैं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में दिव्य पवित्र डुबकी के आयोजन के लिए कुंभ मेला समिति की हार्दिक सराहना की और आध्यात्मिक परंपराओं को संरक्षित करने और उनका सम्मान करने में इसके महत्व को स्वीकार किया। बड़ी उम्मीदों के साथ, उन्होंने युवा पीढ़ी से सनातन धर्म को अपनाने और उसका पालन करने का आग्रह किया और इसके मूल्यों और संस्कारों को अपने जीवन में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि ये एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण अस्तित्व की नींव हैं।

राम गोपाल गुप्ता ब्लॉक (9वें ब्लॉक) और यज्ञशाला में सनातन मंडपम का उद्‌घाटन किया गया। अध्यक्ष, श्री विनीत कुमार लोहिया, श्री नंद किशोर अग्रवाल, श्री जगदीश मित्तल, श्री सुमेर चंद तायल, श्री सुरेंद्र पाल गुप्ता, श्री सुंदर लाल गोयल, श्री मनोज सिंघल, श्री एस.पी. गोयल, श्री ईश्वर गर्ग, श्री राजेश गुप्ता, श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्री रजनीश कुमार गुप्ता, श्री टीआर गर्ग, श्री विवेक गर्ग, श्री अमित, श्री नरेश अग्रवाल, श्री सुरेश गर्ग श्रीमती , उषा गर्ग, श्रीमती सीमा गर्ग, नरेश कुमार अग्रवाल, श्री ईश्वर गर्ग, श्री मदन मोहन मित्तल, श्री शंकर लाल बंसल, श्रीमती सीमा गर्ग, श्री सुरेश गुप्ता, श्रीमती अंजना गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों, ट्रस्टियों और उनके परिवारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अथिति सुश्री आयुषी (आईएएस) एस. डी.एम और श्रीमती आशा रानी, श्री मनीष चंद्र वर्मा ,एस. डी.एम रोहिणी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री लक्ष्मी नारायण भाला, श्री हेमंत, संस्थान के डॉ. एस.के. गर्ग, श्री जे.वी.देसाई द्वारा डॉ. एस. एस. देसवाल, प्रो. डॉ. नीलम शर्मा, प्रो. डॉ. रजनी मल्होत्रा ढींगरा और डॉ. संजीव मारवाह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूरे दिन इंटरैक्टिव गतिविधियों, लाइव मनोरंजन का आनंद लिया। सुश्री अनुपमा मल्होत्रा द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गायन ने दर्शकों को रेट्रो मेलोडी पर अपने पैर थिरकाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के बाद लगे फूड स्टॉल से मनमोहक सुगंध फैल रही थी और कई तरह के व्यंजन पेश किए जा रहे थे। तंबोला में कई रोमांचक पुरस्कार दिए गए और लकी ड्रा में विभिन्न विजेताओं ने एलईडी टीवी, कोल्ड प्रेस जूसर, एयर फ्रायर, ऑयल हीटर, मिक्सर ग्राइंडर जीते। दोपहर का समय गर्मजोशी और उत्साह से भरा था, क्योंकि परिवार और दोस्त कई गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए एकत्र हुए थे। हंसी की आवाज, हंसमुख बातचीत और संगीत के साथ एक जीवंत माहौल था जिसने सबके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।